



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 179 (हैदराबाद, निज़ामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आश्विन कृ . 2, 2079 सोमवार, 12 सितंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

### गुलाम नबी बोले, 370 की बहाली के सपने न देखें

बारामूला, 11 सितंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी ने श्रीनगर में रैली करके साफ किया कि वह कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली संभव नहीं है। उन्होंने साफ कहा, अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं किया जा सकता है। 370 बहाली के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है। मैं अन्य दलों को 370 के नाम पर लोगों का शोषण करने की इजाजत नहीं दूंगा, न ही मैं लोगों को 370 के नाम पर गुमराह करूंगा। यह वापस नहीं आ सकता है। उन्होंने लोकल पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा, नेताओं द्वारा किए गए राजनीतिक शोषण ने कश्मीर में एक लाख लोगों की जान ली है।

# शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद का निधन

### ज्योतिर्मठ और शारदा पीठ के शंकराचार्य थे, आज नरसिंहपुर के परमहंसी गंगा आश्रम में दी जाएगी समाधि

**नरसिंहपुर, 11 सितंबर (एजेंसियां)।** ज्योतिर्मठ बद्रीनाथ और शारदा पीठ द्वारका के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का 98 साल की आयु में रविवार को निधन हो गया। उन्होंने मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के झोतेश्वर स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में माइनर हार्ट अटैक आने के बाद दोपहर 3 बजकर 50 मिनट पर अंतिम सांस ली। स्वरूपानंद सरस्वती को हिंदुओं का सबसे बड़ा धर्मगुरु माना जाता था।


शंकराचार्य लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका बेंगलुरू में इलाज चल रहा था। हाल ही में वे आश्रम लौटे थे। शंकराचार्य के शिष्य ब्रह्म विद्यानंद ने बताया, स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को सोमवार को शाम 5 बजे परमहंसी गंगा आश्रम में समाधि दी जाएगी। स्वामी शंकराचार्य आजादी की लड़ाई में जेल भी गए थे। उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए लंबी कानूनी लड़ाई भी लड़ी थी।

**साधुओं को कैसे देते हैं भू-समाधि**

शैव, नाथ, दशनामी, अघोर और शाक्त परम्परा के साधु-संतों को भू-समाधि दी जाती है। भू-समाधि में पद्मासन या सिद्धि आसन की मुद्रा में बैठाकर भूमि में दफनाया जाता है। अक्सर यह समाधि संतों को उनके गुरु की समाधि के पास या मठ में दी जाती है। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को भी भू-समाधि उनके आश्रम में दी जाएगी।

**9 साल की उम्र में घर छोड़ धर्म यात्रा पर निकले**

शंकराचार्य श्री स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का जन्म मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के




दिघोरी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके माता-पिता ने बचपन में इनका नाम पोथीराम उपाध्याय रखा था। महज 9 साल की उम्र में इन्होंने घर छोड़ धर्म की यात्रा शुरू कर दी थी। इस दौरान वो काशी पहुंचे और यहां इन्होंने ब्रह्मलीन श्री स्वामी करपात्री महाराज से वेद-वेदांग, शास्त्रों की शिक्षा ली।

**19 साल की उम्र में बने थे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी**

जब 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन का ऐलान हुआ तो स्वामी स्वरूपानंद भी आंदोलन में कूद पड़े। 19 साल की आयु में वह क्रांतिकारी साधु के रूप में प्रसिद्ध हुए। उन्हें वाराणसी में 9 महीने और मध्यप्रदेश की जेल में 6 महीने कैद रखा गया। जगदगुरु शंकराचार्य का अंतिम जन्मदिन हरितालिका तीज के दिन मनाया गया था।

**1981 में शंकराचार्य की उपाधि मिली**

स्वामी स्वरूपानंद 1950 में दंडी संन्यासी बनाए गए थे। ज्योर्तिमठ पीठ के ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती से दण्ड सन्यास की दीक्षा ली और स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती नाम से जाने जाने लगे। उन्हें 1981 में शंकराचार्य की उपाधि मिली।

**राम मंदिर के नाम पर दफ्तर बनाने का आरोप लगाया था**

शंकराचार्य स्वामी स्परूपानंद सरस्वती ने राम जन्मभूमि न्यास के नाम पर विहिप और भाजपा को घेरा था। उन्होंने कहा था, अयोध्या में मंदिर के नाम पर भाजपा-विहिप अपना ऑफिस बनाना चाहते हैं, जो हमें मंजूर नहीं है। हिंदुओं में शंकराचार्य ही सर्वोच्च होता है। हिंदुओं के सुप्रीम कोर्ट हम ही हैं। >12

# दिल्ली में 1000 लो फ्लोर बसों की खरीदी में घोटाला

### *एलजी ने सीबीआई जांच की मंजूरी दी, आप ने कहा हमें पढ़े-लिखे उपराज्यपाल की जरूरत*

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। शराब घोटाले की जांच झेल रही दिल्ली सरकार पर अब लो फ्लोर बसों की खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। एलजी वीके सक्सेना ने रविवार को मामले की सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी है। शिकायत दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने 9 जून को दर्ज कराई थी।

शिकायत में दिल्ली के परिवहन मंत्री पर टेंडर, खरीद और दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआईएमटीएस) समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। हालांकि, पिछले साल शिकायत के बाद बस खरीद का टेंडर रद्द



कर दिया गया था।

**सीबीआई जांच पर भड़की आम आदमी पार्टी**

आम आदमी पार्टी ने सीबीआई जांच के जवाब में कहा, एलजी खुद भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। ध्यान हटाने के लिए, वे ऐसे काम कर रहे हैं। अब तक सीएम, डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ हुई जांचों का कोई नतीजा नहीं निकला है। उन्होंने अब चौथे मंत्री के खिलाफ शिकायत की है। उन्हें पहले अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब देना चाहिए। >12

# नहीं रहे एक्टर प्रभास के चाचा और यूवी कृष्णम राजू

### 83 साल की उम्र में हुआ निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

हैदराबाद, 11 सितंबर (एजेंसियां)। साउथ सुपरस्टार प्रभास के चाचा और एक्टर यू.वी. कृष्णम राजू का 83 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शनिवार (10 सितंबर) को उनकी तबियत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया और फिर रविवार सुबह उन्होंने 3:25 पर आखिरी सांस ली।

**आज होगा कृष्णम राजू का अंतिम संस्कार**

कृष्णम राजू के पार्थिव शरीर को आज दोपहर 12 बजे के बाद उनके घर पर लाया जाएगा। वहीं उनके फैमिली मेंबर्स का कहना है कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर को होगा।

**साउथ के सेलेब्स दे रहे हैं कृष्णम राजू को श्रद्धांजलि**

सोशल मीडिया पर फैंस से लेकर साउथ फिल्म इंडस्ट्री के लोग तक कृष्णम राजू को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। साथ ही इस दुख की घड़ी में प्रभास और उनके फैमिली के साथ खड़े हैं। आपको बता दें कृष्णम राजू अपने पीछे पत्नी और तीन बेटियां छोड़कर चले गए हैं।

**'राधे श्याम' में आखिरी बार नजर आए थे कृष्णम राजू**

कृष्णम राजू का जन्म 20



जनवरी 1940 को आंध्र प्रदेश के वेस्ट गोदावरी डिस्ट्रिक्ट के मोगाल्तुरु में हुआ था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, उन्होंने कुछ समय तक पत्रकार के रूप में काम किया। फिर बाद में उन्होंने 1966 में फिल्म 'चिलाका गोरनिका' से एक्टिंग में डेब्यू किया था। इस फिल्म को नंदी अवॉर्ड भी मिला था। कृष्णम राजू ने लगभग 50 साल के करियर में लगभग 183 फिल्मों में काम किया था। वो आखिरी बार अपने भतीजे प्रभास की फिल्म 'राधे श्याम' में नजर आए थे।

**एक्टर के साथ-साथ पॉलिटिशियन भी थे**

कृष्णम राजू एक्टर के अलावा पॉलिटिशियन भी थे। उन्होंने साल 1992 में कांग्रेस के टिकट से नरसापुर सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन वो ये चुनाव हार गए थे। कुछ साल बाद वो बीजेपी में शामिल हो गए थे। फिर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वो राज्य मंत्री रहे थे।

### सीरम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर से 1 करोड़ की ठगी

#### वॉट्सऐप मैसेज में खुद को बताया सीईओ अदार पूनावाला, धोखाधड़ी मामले में केस दर्ज



मुंबई, 11 सितंबर (एजेंसियां)। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया यानी (एसआईआई) के एक डायरेक्टर सायबर फ्रॉड का शिकार हो गए। उनसे एक अनजान शख्स ने 1 करोड़ रुपये बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। खास बात यह है कि जिस व्यक्ति ने ठगी की उसने खुद को एसआईआई का सीईओ अदार पूनावाला बताया और पैसे ट्रांसफर करने को कहा।

पुणे पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी। घटना बुधवार और गुरुवार की बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। >12

# कांग्रेस ने बदले अध्यक्ष चुनाव के नियम

### नॉमिनेशन भरने वाले को मिलेगी 9 हजार डेलीगेट्स की लिस्ट, 5 सांसदों ने की थी ट्रांसपेरेंसी की डिमांड

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। अगले महीने होने वाले कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव से पहले पार्टी लीडरशिप ने चुनाव प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री ने बताया कि चुनाव के लिए नामांकन भरने वाले सभी पार्टी नेताओं को इलेक्टोरल कॉलेज में शामिल सभी 9 हजार डेलीगेट्स की लिस्ट देखने को मिलेगी। यह लिस्ट पार्टी की सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी के पास 20 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**पांच नेताओं ने की थी चुनाव प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी की मांग**

शशि थरूर, कार्ति चिदंबरम, मनीष तिवारी समेत कांग्रेस के पांच सांसदों ने पार्टी की केंद्रीय इलेक्शन अथॉरिटी के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री को पत्र लिखकर चुनावी प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी की मांग की थी। इसके बाद कांग्रेस लीडरशिप ने यह फैसला लिया।

दरअसल, हाल के कुछ दिनों में कांग्रेस से लगातार बड़े नेताओं ने इस्तीफे दिए हैं, ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि बाकी नेताओं की नाराजगी दूर करने के लिए



कांग्रेस में अध्यक्ष पद का चुनाव 17 अक्टूबर को होना है। नॉमिनेशन 24 से 30 सितंबर के बीच होगा।

पार्टी हाईकमान ने यह कदम उठाया है। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव 17 अक्टूबर को होने हैं। इसके लिए 24 से 30 सितंबर के बीच नामांकन दाखिल किए जाएंगे।

**मधुसूदन मिस्त्री ने पत्र लिखकर दिया जवाब**

पांचों नेताओं के नाम पत्र में मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि जो नेता इस चुनाव में भाग लेना चाहते हैं वे अपने राज्य के कांग्रेस ऑफिस में राज्य के 10 डेलीगेट्स की लिस्ट देख पाएंगे। जैसे ही नामांकन दाखिल हो जाएंगे और चीफ रिटर्निंग ऑफिसर को सौंप दिए जाएंगे, तो नेताओं को डेलीगेट्स की पूरी सूची मिल जाएगी।

मधुसूदन निस्त्री ने कहा कि अगर कोई नेता अलग-अलग राज्यों से 10 समर्थकों का नॉमिनेशन पाना चाहता है तो कांग्रेस के दिल्ली दफ्तर में मेरे ऑफिस में 20 सितंबर के बाद सभी 9000 डेलीगेट्स की लिस्ट मिल जाएगी। नॉमिनेशन भरने के इच्छुक नेता इस लिस्ट में से अपने 10 समर्थक चुनकर उनसे साइन कराकर उनका समर्थन ले सकते हैं। इसके बाद 24 सितंबर तक आप नॉमिनेशन दाखिल कर सकते हैं।

**कांग्रेस नेता पहले भी कर चुके वोटिंग लिस्ट की मांग**

इससे पहले भी कांग्रेस के सीनियर लीडर और जी-23 के असंतुष्ट नेताओं के मेंबर मनीष तिवारी ने कांग्रेस संगठन चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने कहा था कि वोटिंग लिस्ट के बिना कांग्रेस अध्यक्ष पद के निष्पक्ष चुनाव कैसे होंगे? उन्होंने मांग की कि निष्पक्ष चुनाव के लिए पार्टी के वोटर का नाम-पता पब्लिश किया जाना चाहिए।

तिवारी ने मिस्त्री से कहा था कि वोटिंग को कांग्रेस की वेबसाइट पर पारदर्शी तरीके से पब्लिश किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि निष्पक्ष चुनाव की पहली शर्त है कि वोटरों के नाम पते सामने लाए जाएं। पार्टी नेता शशि थरूर और कार्ति चिदंबरम भी इस मसले पर अपनी बात चुके हैं।

20 अगस्त को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को वोटिंग की घोषणा की थी। 3 दिन बाद 31 अगस्त को कांग्रेस के ही नेता मनीष तिवारी ने चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठा दिए। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में वोट करने वाले पीसीसी सदस्यों की लिस्ट जारी करने की मांग की थी।

### सोनाली हत्याकांड पर सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत



हिसार, 11 सितंबर (एजेंसियां)। सोनाली फोगाट के मर्डर की सीबीआई जांच की मांग को लेकर हिसार में रविवार को सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत हुई। इसमें सोनाली की बेटी यशोधरा और परिवार के सदस्य भी पहुंचे। करीब तीन घंटे तक चली महापंचायत में खाप प्रतिनिधियों ने सरकार को 23 सितंबर तक सीबीआई जांच के आदेश देने का अल्टीमेटम दिया।

सरकार ने 23 सितंबर तक सीबीआई जांच के आदेश नहीं दिए तो 24 सितंबर को हिसार में दोबारा खाप की पंचायत होगी, इसमें पूरे हरियाणा और अन्य राज्यों के खाप प्रतिनिधि शामिल होंगे और कड़ा फैसला लेंगे। इसके साथ ही 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया। इसमें सोनाली के परिवार के 5 सदस्य भी शामिल हैं। हालांकि खाप पंचायत के दौरान कुछ लोगों ने भाजपा और कुलदीप बिश्नोई पर जमकर भड़ास निकाली, लेकिन आयोजकों ने राजनीतिक बातें करने और आरोप लगाने पर नाराजगी जताई।

# केंद्र के खर्च पर होगी पुजारियों की ट्रेनिंग

### 1.72 लाख पुजारियों को मिलेगा प्रशिक्षण, विश्व हिंदू परिषद जैसी संस्थाएं करेंगी मदद

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार का कौशल विकास मंत्रालय पुजारियों और कर्मकांड से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने की योजना तैयार कर चुका है। अगले 18 महीने में देशभर में 1.72 लाख पुजारियों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य तय किया गया है।

खास बात यह है कि पहली बार विश्व हिंदू परिषद जैसी धार्मिक संस्थाओं को भी केंद्र सरकार प्रशिक्षण की योजना से जोड़ने जा रही है। ये संस्थाएं प्रशिक्षण से जुड़ी जरूरतों को पूरा करेंगी। इसके लिए केंद्र सरकार इन्हें भुगतान करेगी। ट्रेनिंग प्रोग्राम पर कितनी रकम खर्च होगी, इस बारे में अभी कोई भी अफसर कुछ कहने की स्थिति में भी नहीं है।

पुजारियों के प्रशिक्षण के लिए देशभर में रजिस्ट्रेशन शुरू किए जा चुके हैं। कौशल विकास मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि मध्य प्रदेश में 2200, गुजरात में 632, छत्तीसगढ़ में 209 और बिहार में 1400 लोगों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। सबसे अधिक 56 हजार रजिस्ट्रेशन तमिलनाडु में किए गए हैं।

56 हजार पुजारी तमिलनाडु में प्रशिक्षित होंगे



**अंग्रेजी अनुवाद भी सिखाया जाएगा**

दक्षिण भारत में पुजारियों की ट्रेनिंग के कोर्स की अवधि 6 महीने तय की गई है, जबकि अन्य जगहों पर 3 से 6 महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसकी वजह यह है कि पूजापाठ, कर्मकांड आदि में पढ़े जाने वाले श्लोकों और मंत्रों का अंग्रेजी व हिंदी अनुवाद भी सिखाया जाना है।

चूंकि हिंदी भाषी क्षेत्र में हिंदी अनुवाद सीखने की जरूरत नहीं होगी, इसलिए इन इलाकों में कोर्स 3 महीने का होगा। वहीं दूसरी ओर, तमिलनाडु, तेलंगाना समेत दक्षिण के अन्य राज्यों में हिंदी अनुवाद सिखाने के लिए 3 महीने का अतिरिक्त समय तय किया गया है।

प्रशिक्षण के विषयों में ऑनलाइन पूजा भी शामिल है। इसके लिए एक हफ्ते का कोर्स होगा। मंत्रालय का मानना है कि आने वाले समय में ऑनलाइन पूजा कराने का चलन तेजी से बढ़ेगा, इसलिए पुजारियों को इसके लिए पहले से तैयार करना जरूरी है। ट्रेनिंग की तारीखें अभी घोषित नहीं हुई हैं। >12

### सीजेआई यूयू ललित के साथ शिंदे ने साझा किया मंच, विपक्ष बोला खतरे में लोकतंत्र



मुंबई, 11 सितंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित और महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे का एक साथ मंच साझा करना विपक्षी दलों को अखर रहा है। दोनों की मुलाकात के बाद महा विकास अघाड़ी के सहयोगी दलों ने सवाल खड़े किए हैं।

राकांपा अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा, एकनाथ शिंदे सरकार की वैधता को चुनौती देने के एक गंभीर मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ द्वारा की जा रही है। ऐसे में यह अनुचित है कि शिंदे भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ मंच साझा करें। यह प्रोटोकॉल के अनुसार नहीं है।

दरअसल, मुंबई में हुए एक कार्यक्रम में सीजेआई यूयू ललित को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू के अलावा महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे भी मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने कहा, यह राज्य के लिए गर्व का क्षण है कि इसका बेटा भारत का मुख्य न्यायाधीश बना है।

# ढाई लाख सरकारी किताबों में राष्ट्रगान से 'उत्कल बंग' गायब

### कौशांबी में कांग्रेस नेता ने कहा, बंगाल हार का बदला, बीएसए बोले प्रिंटिंग मिस्टेक

कौशांबी, 11 सितंबर (एजेंसियां)। यूपी की ढाई लाख सरकारी किताबों के राष्ट्रगान से 'उत्कल बंग' शब्द गायब हो गया है। कक्षा-5 की हिंदी की किताब में राष्ट्रगान लिखा है, लेकिन उसमें 'उत्कल, बंग' शब्द नहीं है। कांग्रेस नेता ने इसे मुद्दा बनाकर भाजपा के खिलाफ आंदोलन करने की बात कही है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने कहा, भाजपा बंगाल हार का दर्द भुला नहीं पा रही है। इस कारण उसने राष्ट्रगान की पंक्तियों से उत्कल और बंग राज्य का नाम जान-बूझ कर नहीं छपवाया। हम इस पर आंदोलन चलाएंगे। वहीं विवाद बढ़ने पर कौशांबी के बीएसए प्रकाश सिंह



ने कहा, यह प्रिंटिंग मिस्टेक है। किताब में राष्ट्रगान की लाइन में गलती हुई है। आमतौर पर यह प्रिंट की गड़बड़ी मानी जाती है। मगर, राष्ट्रगान में ऐसा हुआ है तो इसकी जानकारी अफसरों को दी जाएगी। इसकी जांच कराई जाएगी। ये प्रदेश स्तर की बात है।

शासन ने ये किताबें कौशांबी के परिषदीय विद्यालय में भेजी हैं। सिर्फ कौशांबी जिले की बात की जाए, तो 1089 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें 1 से 8वीं तक 1 लाख 82 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं।

जिस किताब में गलत राष्ट्रगान छपा है। उनका नाम है "वाटिका"। यह कक्षा-5 में पढ़ाई जाती है। इस किताब के आखिरी पेज पर राष्ट्रगान लिखा है। इसमें पंजाब-सिंध-गुजरात-मराठा-द्राविड़...के बाद उत्कल बंग शब्द नहीं है। फिर सीधे 5वीं लाइन विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा...से शुरू है। यह गलती एक-दो किताबों में नहीं, बल्कि 5वीं की सभी किताबों में है।

**6 स्कूलों का रियलिटी चेक**

परिषदीय स्कूल कक्षा-5 में हिंदी के किताब वाटिका का वितरण किया गया। किताब के पीछे राष्ट्रगान में बड़ी गड़बड़ी पाई गई। जिसमें उत्कल और बंग प्रान्त गायब रहा। इसके जवाब में टीचर्स ने कहा कि यह गलती किताब छापने में हुई है। मगर, बेसिक शिक्षा अधिकारियों को किताबें वितरित होने से पहले इस पर ध्यान देना चाहिए था।

प्राइमरी स्कूल हिसामपुर परसखी की किताबों में भी राष्ट्रगान से उत्कल और बंग प्रान्त गायब होने वाली किताबें वितरित की गई है। बच्चों ने बताया कि उन्हें अब-तक पता ही नहीं था कि उनकी किताब से दो प्रान्त के नाम गायब हैं।

# मोहब्बत के लिए बदला मजहब



### राजस्थान से मंदसौर आकर हिंदू लड़के से रचाया ब्याह, बोली- मुझे समाज से खतरा

मंदसौर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के मंदसौर में राजस्थान की एक मुस्लिम युवती ने सनातन धर्म अपना लिया है। यह युवती तीन साल से एक हिंदू युवक से प्यार करती है। उसने शादी से पहले गोबर, गोमूत्र, दूध सहित पंचगव्य से स्नान कर पूरे विधि-विधान से धर्म बदला। तीन महीने पहले मुस्लिम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपना चुके चेतन सिंह (पहला नाम जफर शेख) ने इन दोनों की मदद की।

राजस्थान के जोधपुर की रहने वाली इकरा-बी (19) के पड़ोस में ही राहुल वर्मा (21) रहता है। राहुल के पिता मंदसौर में रहते हैं। लेकिन उन्होंने दूसरी शादी कर ली, इसीलिए राहुल बचपन से अपनी मां के साथ नाना-नानी के घर जोधपुर में रहा है। >12

# मोदी के खिलाफ नीतीश से ज्यादा मजबूत केजरीवाल?

## सी वोटर के सर्वे से आप गदगद



नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। 2024 लोकसभा चुनाव से दो साल पहले ही विपक्ष में पीएम पद की दावेदारी को लेकर कई चेहरे सामने आ चुके हैं। एक तरफ बिहार के सीएम नीतीश कुमार विपक्ष को गोलबंद करने करते हुए अपने लिए राष्ट्रीय भूमिका की तलाश में हैं तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी (आप) भी दावेदारी पेश कर चुकी है। 'आप' ने अपने संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सबसे मजबूत उम्मीदवार बताते हुए कहा है कि 2024 में मोदी बनाम केजरीवाल की लड़ाई होगी। इस बीच सी वोटर का सर्वे सामने आया है, जिससे 'आप' के हौसले और बुलंद हो सकते हैं। एबीपी न्यूज के लिए किए गए सी वोटर के सर्वे में लोगों से पूछा गया कि 2024 में पीएम मोदी के लिए सबसे बड़ी चुनौती कौन पेश करेगा, केजरीवाल या नीतीश कुमार? सर्वे में 65 फीसदी लोगों ने कहा कि केजरीवाल पीएम मोदी के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकते हैं। वहीं, 35 फीसदी लोगों ने माना कि नीतीश कुमार ज्यादा कड़ी टक्कर दे सकते हैं। हालांकि, पीएम पद के लिए रेस में कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, टीएमसी की ओर से ममता बनर्जी समेत कई और नाम भी हैं।

करीब एक दशक पहले राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले अरविंद केजरीवाल इन दिनों 'मेक इंडिया नंबर वन' कैंपेन में व्यस्त हैं। उन्होंने देशभर की यात्रा करते हुए 130 करोड़ लोगों को अपने साथ जोड़ने की बात कही है। दिल्ली और पंजाब में सरकार बना चुकी 'आप' गुजरात और हिमाचल में भी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है। पार्टी को बीजेपी के सबसे बड़े गढ़ गुजरात में भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि गुजरात में पार्टी का प्रदर्शन बेहतर रहता है तो केजरीवाल की दावेदारी को और मजबूती मिलेगी।

दूसरी तरफ हाल ही में एनडीए से नाता तोड़कर महागठबंधन संग सरकार बनाने वाले नीतीश कुमार ने दिल्ली में आकर विपक्ष के करीब एक दर्जन नेताओं से मुलाकात की। खुद नीतीश भले ही अपने आप को पीएम पद की दावेदारी की दौड़ से बाहर बता रहे हों, लेकिन उनकी पार्टी कई ऐसे संकेत दे चुकी है, जिनसे अटकलों को बल मिलता है कि 2024 में नीतीश दिल्ली का रुख कर सकते हैं।

# बेल्ट में छुपाकर 12 किलो सोना ले जा रहा था सूडानी यात्री, कस्टम अधिकारियों ने दबोचा

मुंबई, 11 सितंबर (एजेंसियां)। मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने एक सूडानी यात्री को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 12 किलो सोना बरामद हुआ है। अधिकारियों ने बताया, यात्री अपनी बेल्ट में छुपाकर सोना ले जाने की फिराक में था, जिसे पकड़ लिया गया। सोने की कीमत करीब 5.38 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने बताया, आरोपी के सहयात्रियों ने उसे बचाने के लिए एयरपोर्ट पर हंगामा भी किया, लेकिन सभी को काबू में कर लिया गया। इसके बाद पूछताछ के आधार पर अधिकारियों ने छह यात्रियों को हिरासत में ले लिया है। वहीं छह को वापस भेज दिया गया है।

## राष्ट्रपति के निजी सचिव के रूप में सुरेश को मिली जिम्मेदारी

# महाराष्ट्र कैडर से हैं अधिकारी



नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। मेहता संपदा सुरेश को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की निजी सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। मेहता संपदा सुरेश महाराष्ट्र कैडर से अधिकारी हैं। इसके पहले मेहता संपदा सुरेश नई दिल्ली में राजस्व विभाग की निदेशक के रूप में तैनात थीं। भारत सरकार की ओर से जारी किए पत्र में कहा गया, सुश्री मेहता संपदा सुरेश (आईएएस एमएस-2008) की नियुक्ति की पे मैट्रिक्स के निदेशक वेतन -13 (1,23,100-2,15,900 रुपये) के स्तर पर भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निजी सचिव के रूप में नियुक्ति 30-03-2027 तक की अवधि के लिए पद का प्रभार दिया जाता है। इस लेटर की कॉपी पीएमओ, कैबिनेट सेक्रेटेरिएट, डी/ओ रेवेन्यू श्रीमती संपदा मेहता, पीएस ऑफ एमओएस को भेजी गई है।

**महाराष्ट्र कैडर से हैं अधिकारी**

इससे पहले 19 मई साल 2017 को महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 2008 बैच के आईएएस अधिकारी संपदा मेहता को मुंबई (आइलैंड सिटी) का नया कलेक्टर नियुक्त किया था। मेहता पहले पुणे स्थित महाराष्ट्र कृषि प्रतिस्पर्धात्मकता परियोजना के परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत थीं। 22 अप्रैल को अश्विनी जोशी को आबकारी आयुक्त के रूप में स्थानांतरित किए जाने के बाद कलेक्टर का पद खाली हो गया था। मुख्यमंत्री फडणवीस ने उसी समय कई तबादलों के आदेश दिए थे जिनमें कल्याण डोंबिवली नागरिक प्रमुख ई रवींद्रन (2007 बैच) का भी तबादला कर दिया। जिसके बाद वो महाराष्ट्र के नए कौशल विकास आयुक्त के रूप में कार्यभार देखने लगे थे। ओमप्रकाश बकोरिया (2006), प्रबंध निदेशक, महाराष्ट्र राज्य बीज निगम (एमएसएससी) को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के औरंगाबाद मंडल का संयुक्त प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया था।

# शरद पवार का केंद्र पर निशाना

## बोले- शिवाजी ने कहा था दिल्ली के आगे नहीं झुकेंगे



नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। एनसीपी के अध्यक्ष और पूर्व रक्षा मंत्री शरद पवार ने केंद्र सरकार पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि इस समय हमारे देश की सुरक्षा गंभीर मुद्दा बन गया है. चीन से लगी सीमा पर हालात खराब हैं. चीन ने 2019 में विवादित क्षेत्र में कुछ निर्माण कर लिया है. देपसांग और डेमचौक में चीनी नियंत्रण है. चीन के साथ लगी सीमा पर तैनात सेना के सूत्र ने कहा कि हम अब अपनी पुरानी जगह पर नहीं जा सकते हैं. दिल्ली में एनसीपी के 8 आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन में शरद पवार ने कहा कि चीन की तुलना में हमारा बुनियादी ढांचा कमजोर है. चीनी जासूसी जहाज श्रीलंका चला आता है. इसके बावजूद केंद्र सरकार कोई कदम नहीं उठाती है. उन्होंने कहा कि सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ सामूहिक आवाज उठाने की जरूरत है. एनसीपी के 8 आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन में एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, प्रफुल्ल पटेल, पीसी चाको, सुप्रिया सुले समेत दूसरे नेता मौजूद रहे. एनसीपी राष्ट्रीय अधिवेशन में अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि शिवाजी ने कहा था कि दिल्ली की गद्दी के आगे नहीं झुकेंगे. आज ऐसे ही माहौल में जमा हुए हैं. पवार ने कहा कि केंद्र सरकार ने संसद में बिना बहस के तरफ से तीन कृषि कानून बना दिए. इस कानून का विरोध कर रहे किसान एक साल तक बैठे थे और भारत सरकार उनकी समस्या जानने को तैयार नहीं थी. पवार ने आरोप लगाया कि बीजेपी की सरकार ने किसानों की समस्याओं के प्रति उदासीनता दिखाई है.

पवार ने कहा कि कुछ सांप्रदायिक तत्व देश के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं और अल्पसंख्यक समुदाय में डर पैदा करते हैं. एनसीपी को ऐसे तत्वों से लड़ने को तैयार रहना चाहिए. गुजरात में बिलकिस बानो मामले के दोषियों की सजा कम करने की आलोचना करते हुए शरद पवार ने कहा कि 15 अगस्त को पीएम मोदी के भाषण में महिलाओं के अधिकार के बारे में काफी अच्छे शब्द रखे थे. लेकिन दूसरे दिन बीजेपी की गुजरात सरकार में बिलकिस बानो के दोषियों की सजा कम करने का काम किया गया.

## डेलीवेजर्स पर रिपोर्ट इसी माह, एक लाख अस्थायी कर्मियों पर फैसला जल्द- उपराज्यपाल

जम्मू, 11 सितंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में कार्यरत डेलीवेजर के संबंध में गठित कमेटी इसी महीने अपनी रिपोर्ट देगी। इससे उनके भाग्य का फैसला शीघ्र होगा। वे जम्मू में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। ज्ञात हो कि यहां जलशक्ति, लोक निर्माण समेत विभिन्न विभागों में लगभग एक लाख डेलीवेजर कार्यरत हैं। उप राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने डेलीवेजर की न्यूनतम मजदूरी 225 से बढ़ाकर 300 रुपये कर दी है। कुछ दिक्कतें भी हैं। कुल बजट का 47-48 फीसदी तनख्वाह में चला जाता है। आबादी के लिहाज से देश में सबसे अधिक कर्मचारी जम्मू-कश्मीर में हैं। यहां लगभग पांच लाख कर्मचारी हैं। एक लाख डेलीवेजरों को भरोसा दिलाया गया था कि उन्हें पांच-सात साल में नियमित कर दिया जाएगा। पहले राजस्व संग्रह 11 हजार करोड़ रुपये था जिसे बढ़ाकर 60 हजार करोड़ तक कर दिया गया है।

# इन राज्यों में 4 दिन कहर ढाएगी बारिश

## दिल्ली को लेकर आया आईएमडी का अलर्ट



नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव क्षेत्र के कारण देश के कुछ हिस्सों में 11 सितंबर से एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। वहीं आज से चार दिन तक भारत के कई राज्यों में मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है। इन राज्यों में बिहार, झारखंड भी शामिल हैं, जहां अगले कुछ दिनों तक अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने महाराष्ट्र तटीय और मध्य हिस्सों में भारी से बेहद भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। वहीं उत्तर प्रदेश (यूपी) वालों को अभी बारिश का इंतजार करना पड़ेगा। आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले चार दिन देश के कुछ राज्यों में भारी बारिश की पूरी आशंका है। इसमें पश्चिमी महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश भी शामिल हैं। इसी दौरान उत्तराखंड में भी गरज के साथ तेज बारिश होने की आशंका है। वहीं बाढ़ से बेहाल बेंगलुरू में भी अगले 24 घंटे हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

**दिल्ली में अगले 4 दिन तक सामान्य बारिश के आसार**

आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में अगले पांच दिनों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। आईएमडी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मौसम विभाग के मुताबिक आज एनसीआर में हल्की बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में बादल छाए रहेंगे, हालांकि इससे भी उमस भरी गर्मी से निजात मिलने की उम्मीद कम ही है।

**राजस्थान और गुजरात में बारिश का पूर्वानुमान**

राजस्थान में मानसून की बारिश का दौर जारी है। यहां बारिश का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। इसी तरह अगले चार दिन तक पूर्वी गुजरात में भारी बारिश का अनुमान लगाया गया है। वहीं उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में हल्की बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

**ओडिशा और बंगाल का हाल**

मौसम विभाग ने 12 सितंबर को गंगीय पश्चिम बंगाल में बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। इसके अलावा अगले 36 घंटों में पश्चिम बंगाल-ओडिशा तटों के आसपास 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान जताया है। 14 सितंबर तक पूरे पश्चिम बंगाल में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने शनिवार से सोमवार तक गंगीय पश्चिम बंगाल और 12 सितंबर से 14 सितंबर तक उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भारी बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है।

# ईडी ने अभिषेक बनर्जी की साली को विदेश जाने से रोका

कोलकाता, 11 सितंबर (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की साली मेनका गंभीर को शनिवार शाम प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) ने कोलकाता हवाईअड्डे पर रोक दिया और कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच में शामिल होने के लिए समन सौंप दिया। मेनका गंभीर रात करीब नौ बजे बैंकॉक के लिए उड़ान भरने वाली थीं। सूत्रों के अनुसार संघीय जांच एजेंसी द्वारा मेनका के खिलाफ जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) के आधार पर आव्रजन मंजूरी से वंचित कर दिया गया। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सूचित किया गया जिसके बाद वे हवाईअड्डे पहुंचे, उनसे पूछताछ की और यात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक मेनका रात करीब 7.45 बजे हवाई अड्डे पर पहुंचीं। फिर नौ बजकर 10 मिनट पर उनकी फ्लाइट थी। लेकिन जैसे ही सुरक्षा कैमरे में मेनका की तस्वीर कैद होने के बाद सिक्योरिटी अलार्म बजने लगा। इसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और एयरपोर्ट अधिकारियों की टीम ने उन्हें घेरे में ले लिया और एक कमरे में बैठा दिया।

ईडी के अधिकारियों ने बाद में कोयला तस्करी मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में अपने कार्यालय में सोमवार (12 सितंबर) को सुबह 11 बजे एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए समन सौंपा। बता दें कि कोयला तस्करी मामले का मास्टरमाइंड अनूप माझी उर्फ लाला है। आरोप है कि वह अभिषेक बनर्जी का खास रहा है।

# शाजिया इल्मी के लेख में लगे आरोपों ने पकड़ा तूल

## भड़की वीएचपी ने बताया 'पागल', बीजेपी से मांगी सफाई



नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी के एक लेख में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के खिलाफ की गई टिप्पणी का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। विहिप के प्रवक्ता विनोद बंसल ने आरोप लगाया है कि शाजिया ने लिखे अपने कॉलम में विहिप पर 'पीएम मोदी की बदनामी का अभियान चलाने और बिलकिस बानो रेप मामले के दोषियों का सम्मान करने' का आरोप लगाया है। विहिप ने भाजपा को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि वह (बीजेपी) यह साफ करे कि अपने प्रवक्ता के विचारों का समर्थन करती है या नहीं? बंसल ने कहा कि 'ये भाजपा नेताओं को सोचना है कि हमारे सवाल का जवाब देना है या नहीं। हम भाई हैं और बीजेपी की कब्र खोदने के लिए आए आयातित नेता नहीं हैं। वह कैसे लिख सकती है कि हम पीएम मोदी को बदनाम करने में लगे हैं। वह ऐसा कुछ कैसे लिख सकती है? हमें अपने पीएम पर गर्व है। उसने हमसे तथ्यों का पता लगाने की कोशिश नहीं की और लिख दिया कि विहिप ने उन दोषियों को सम्मानित किया।' उन्होंने आगे कहा कि 'हमने भी एक खुला सवाल उठाया है। मैंने अपने संगठन का दृष्टिकोण बता दिया है और उसने अपना दिया है। उन्होंने बीजेपी प्रवक्ता के तौर पर लेख लिखा है। पार्टी को यह तय करने की जरूरत है कि उसके साथ क्या करना है या अपना रुख साफ करना है।' दिलचस्प बात यह है कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और विहिप प्रमुख आलोक कुमार दोनों छत्तीसगढ़ के रायपुर में चल रही आरएसएस की समन्वय बैठक में शामिल हैं। शाजिया इल्मी के लेख पर टिप्पणी करते हुए विहिप के कार्यकारी अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि 'ये लेख एक पागल इंसान ने लिखा है। विहिप ने दोषियों को सम्मानित नहीं किया। ये सब मनगढ़ंत कहानियां और आरोप हैं कि विहिप और पीएम मोदी के बीच कटुता है। ये बिल्कुल झूठ और निराधार है।'

इस बारे में सफाई देते हुए शाजिया इल्मी ने कहा कि 'अपने लेख में उन्होंने ऐसा कुछ नहीं लिखा है। बीजेपी और विहिप के कटुतापूर्ण संबंधों का हवाला पुराना है। ये तत्कालीन विहिप नेता प्रवीण तोगड़िया और गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच तनाव के लिए था।' अपने ट्वीट्स में उन्होंने कहा कि लेख के मूल मसौदे का ये हिस्सा संपादित करके हटा दिया गया। जिससे यह आभास हुआ कि मामला आज का है।

# पैराशूट न खुलने से एक और पैरा कमांडो की मौत, एक हफ्ते में ऐसी दूसरी घटना

लेह, 11 सितंबर (एजेंसियां)। लद्दाख में पर्वत प्रहार एक्सरसाइज के दौरान पैरा कमांडो नायक सूरज पाल की पैराशूट न खुलने से मौत हो गई। सूरज पाल उत्तर प्रदेश के हाथरस के निवासी थे। पिछले हफ्ते भी लेह सेक्टर में युद्धभ्यास के दौरान एक कमांडो की ऐसे ही मौत हो गई थी। 29 अगस्त को भी पैरा-एसएफ बटालियन के पैरा-ट्रूपर नायब सूबेदार हरिबीर सिंह की लेह सेक्टर में एक एक्सरसाइज के दौरान मौत हो गई थी। इस एक्सरसाइज के दौरान पैरा-ट्रूपर्स को आसमान से पैरा-जंप यानी पैराशूट के जरिए जमीन पर उतरना था, लेकिन पैरा-जंप के दौरान किसी गड़बड़ी के कारण नायब सूबेदार हरिबीर सिंह का पैराशूट नहीं खुला, जिसके कारण वे आसमान से जमीन पर आ गिरे। जमीन पर गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आई थीं और बाद में उनकी मौत हो गई।

**पर्वत प्रहार एक्सरसाइज**

गौरतलब है कि शनिवार को थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की मौजूदगी में भारतीय सेना ने लद्दाख में पर्वत प्रहार एक्सरसाइज के जरिए अपनी ऑपरेशनल तैयारियों को परखा। भारतीय सेना ने एक संक्षिप्त बयान जारी कर बताया कि अपनी दो दिन के लद्दाख सेक्टर के दौरे के दौरान थलसेना प्रमुख जनरल पांडे ने पर्वत-प्रहार युद्धाभ्यास को देखा। भारतीय सेना ने कहा कि एक्सरसाइज के दौरान बॉर्डर पर तैनात सैन्य कमांडर्स ने थलसेना प्रमुख को ऑपरेशनल तैयारियों की जानकारी दी। जनरल पांडे ने सेना के अधिकारियों और सैनिकों के साथ बातचीत की और उनके दृढ़ता और पेशेवर मानकों के लिए उनकी सराहना भी की।

## तमिल लड़की से राहुल गांधी की शादी कराने को तैयार

# मनरेगा वर्कर की बात पर कांग्रेस नेता का रिएक्शन



नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इन दिनों कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो' यात्रा पर हैं। आज उनकी यात्रा का चौथा दिन है। इससे पहले दोपहर वह कन्याकुमारी के मार्तंडम में महिला मनरेगा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने इस बात का खुलासा किया कि उन्होंने अपनी शादी से जुड़े सवालों पर उनके साथ बातचीत भी की। महिला ने कहा कि वह राहुल गांधी के तमिलनाडु के प्रति प्रेम के बारे में जानती है और वह 'उनकी शादी एक तमिल लड़की से कराने' के लिए तैयार है। जयराम रमेश ने कहा महिलाओं के साथ बातचीत के दौरान राहुल काफी खुश नजर आ रहे थे। बेरोजगारी और महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने 7 सितंबर को कन्याकुमारी से अपनी भारत जोड़ो यात्रा शुरू की और शनिवार तमिलनाडु की यात्रा को पूरा कर लिया गया। इस दौरान राहुल गांधी स्थानीय लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने महिला मनरेगा कार्यकर्ताओं के साथ भी बात की। पार्टी के बयान के मुताबिक, शनिवार को राहुल गांधी ने एशिया की पहली महिला बस चालक 63 वर्षीय वसंतकुमारी से मुलाकात की और मार्तंडम में सफाई कर्मियों से भी बातचीत की। केरल की सीमा के पास राहुल गांधी ने तमिलनाडु यात्रा के अंत में एक चाय की दुकान के मालिक के साथ बातचीत की। यात्रा का चौथा दिन रविवार को केरल में शुरू हुआ। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पिछले कुछ दिनों में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा सहित भाजपा नेताओं ने यात्रा की आवश्यकता पर सवाल उठाया है, क्योंकि भारत एकजुट है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राहुल गांधी की 'विदेशी निर्मित टी-शर्ट' पर टिप्पणी की। राहुल गांधी की बरबेरी टी-शर्ट पर अमित शाह ने कहा, जिसने कहा कि भारत एक राष्ट्र नहीं है, वह अब विदेशी टी-शर्ट पहनकर भारत को एकजुट करने की यात्रा पर है।

## ग्वालियर चिड़ियाघर में अपने ही बच्चे पर बाघिन ने किया हमला, शावक की मौत



ग्वालियर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित गांधी प्राणी उद्यान में एक बाघिन ने हमला करके अपने ही एक वर्षीय शावक को बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्वालियर नगर निगम के अपर आयुक्त मुकुल गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष सितंबर में गांधी प्राणी उद्यान की बाघिन मीरा ने दो शावकों को जन्म दिया था जिनमें एक मादा एवं एक नर था। उनके अनुसार भवानी नामक इस मादा शावक की शुक्रवार की शाम को मौत हो गई। उन्होंने कहा कि भवानी नाम की शावक वैसे तो जन्म से ही कमजोर थी, इसलिए उसे अपनी मां के साथ रखा गया था।

**ग्वालियर चिड़ियाघर में पांच बाघ**

गुप्ता के अनुसार शुक्रवार शाम को बाघिन मीरा ने अचानक इस शावक पर हमला कर दिया, जिससे उसकी गर्दन में घाव हो गया और पैर भी टूट गया , इसी कारण उसकी मौत हो गई। अपर आयुक्त ने बताया कि इसके बाद वन विभाग एवं पशु पालन विभाग को सूचना दी गई और शनिवार को उसके शव का पोस्टमॉर्टम करके, वन्य प्राणी विशेषज्ञों के सामने अंतिम संस्कार वैधानिक तरीके से किया गया। उन्होंने कहा कि अब ग्वालियर के प्राणी उद्यान में पांच बाघ हैं।

# 'अग्निपथ स्कीम एक सीक्रेट फाइल है'

## आरटीआई पर रक्षा मंत्रालय का जवाब



नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। अग्निपथ योजना पर देशभर में काफी बवाल मचा था और इसके विरोध में लोग सड़कों पर भी उतर आए थे। हालांकि इसके बावजूद भी केंद्र सरकार अपने निर्णय पर अडिग रही और इसकी भर्तियां निकलना शुरू हो गईं। इसी बीच रक्षा मंत्रालय ने एक आरटीआई को जवाब देते हुए कहा है कि अग्निपथ योजना के बारे में सूचना को साझा नहीं किया जा सकता है। यह भी कहा गया है कि यह स्कीम एक प्रकार का सीक्रेट है। दरअसल, पुणे स्थित आरटीआई कार्यकर्ता विहार दुर्वे द्वारा फाइल की गई आरटीआई के आधार पर मांगी गई जानकारी के जवाब में रक्षा मंत्रालय का यह जवाब सामने आया है। इसमें यह बताया गया कि अस्वीकार करने का कारण पारदर्शिता कानून की धारा 8 और 9 के तहत नहीं आता है। इस वजह से सूचना से इनकार किया जा सकता है। आरटीआई कार्यकर्ता ने अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श और मौजूदा भर्ती योजना को बदलने के लिए इसे शुरू करने के कारणों के बारे में जानकारी मांगी थी। इसमें रोजगार की अवधि के बारे में भी सवाल थे। 23 जुलाई, 2022 को अपने आरटीआई आवेदन में दुर्वे ने योजना के तहत भर्ती के लिए वेतन पैकेज और भत्तों के बारे में चर्चा के बारे में पूछा था।

सैन्य मामलों के विभाग के सूचना अधिकारी ने योजना के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया। दुर्वे ने कहा कि उन्होंने रक्षा मंत्रालय में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी अभिमन्यु साहू के समक्ष सूचना से इनकार के खिलाफ अपील दायर की। 17 अगस्त को दायर पहली अपील का जवाब देते हुए साहू ने कहा कि इसे सही तरीके से खारिज किया गया है। बता दें कि 14 जुलाई 2022 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैन्य भर्ती योजना अग्निपथ की शुरुआत की घोषणा की थी। इसमें दिसंबर 2022 और फरवरी 2023 में 46,000 कर्मियों को काम पर रखा जाएगा। एक चौथाई अग्निवीर जिन्हें पहले वर्ष में 30,000 मासिक वेतन मिलेगा और चौथे वर्ष में 40,000 का वेतन मिलेगा, उन्हें सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन के लिए चुना जाएगा। इसके बाद चार साल के अनुबंध के अंत में अग्निवीर को 11 लाख का एक कोष मिलेगा, जो सरकार ने कहा कि इससे उन्हें स्वरोजगार के रास्ते बनाने या उच्च शिक्षा हासिल करने में मदद मिलेगी।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सोमवार, 12 सितंबर, 2022 3

सुविचार: मैं चाहूंगा कि चपरासी मंत्री-पद के योग्य बने और वह भी अपनी जरूरत चपरासी जितनी रखे।

## तेलंगाना जातीय समैक्यता वज्रोत्सवलु को लेकर मंत्रियों ने की बैठक

### अधिकारियें को दिये एनटीआर स्टेडियम के साथ पीपुल्स प्लाजा में पूर्ण व्यवस्था करने के निर्देश ❊ मंत्रियों ने अधिकारियों को दिये एनटीआर स्टेडियम के साथ पीपुल्स प्लाजा में



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आदिवासी कल्याण मंत्री सत्यवती राठौड़ ने पशुसंवर्धन मंत्री टी. श्रीनिवास यादव और संस्कृति मंत्री वी. श्रीनिवास गौड़ के साथ आज बीआरकेआर भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और तेलंगाना जातीय समैक्यता वज्रोत्सवलु के संबंध में की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की। एनटीआर स्टेडियम में 17 सितंबर को मुख्य कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद के साथ, मंत्रियों ने अधिकारियों को स्टेडियम के साथ-साथ पीपुल्स प्लाजा में विस्तृत व्यवस्था करने का निर्देश दिया, जहां राज्य के सांस्कृतिक और विरासत पहलुओं को दर्शाती एक रंगीन रैली नेकलेस रोड स्थित पीपुल्स प्लाजा से लेकर स्टेडियम तक मंडलियों का आयोजन किया जा रहा है। शहर के प्रमुख प्रवेश बिंदुओं से बाइक रैली आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। रैली के दौरान पीछे बैठने वाले बड़े राष्ट्रीय झंडे पकड़े रहेंगे। मंत्री चाहते हैं कि एनटीआर स्टेडियम के पास पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिभागियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़े। इसी तरह पीपल्स प्लाजा से एनटीआर स्टेडियम तक पूरे रूट पर पीने के पानी की आपूर्ति करनी पड़ती है। यातायात मार्ग की भी ठीक से योजना बनाई जानी चाहिए। आरटीसी को आदिवासियों को स्टेडियम लाने के लिए बसों की व्यवस्था करने को कहा गया है। कार्यक्रम में सभी जन-प्रतिनिधि और आदिवासी समुदाय के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में मुख्य सचिव सोमेश कुमार, डीजीपी महेंद्र रेड्डी, अतिरिक्त डीजी जितेंद्र, एसपीएल सीएस एमएयूडी अरविंद कुमार, सचिव जीएडी शेषाद्रि, सचिव टीडब्ल्यू क्रिस्टीना जोंगथू, सचिव टीआर एंड बी. श्रीनिवास राजू, आयुक्त परिवहन ज्योति बुद्ध प्रकाश, डीआईपीआर राजमौली, हरिकृष्ण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## गणेश लड्डू ने की रिकॉड कमाई, सनसिटी में 60.80 हजार में हुई नीलामी

हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रिचमंड विला, सनसिटी ने आज इस साल के गणेश लड्डू को 60.80 लाख में नीलाम किया है। यह आर. वी. दीया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गणपति लड्डू नीलामी के माध्यम से धन जुटाने वाली गतिविधि है। आरवी दीया चैरिटेबल ट्रस्ट एक अद्वितीय आवासीय समुदाय के नेतृत्व वाला चैरिटी ग्रुप है, जो एक वार्षिक गणपति लड्डू ऑक्शन फंड रेज़र इवेंट के माध्यम से अपने दैनिक



कार्यों में प्रमुख गैर सरकारी संगठनों का सहयोग करने के लिए क्राउडसोर्सिंग फंड में अग्रणी रहा है। ट्रस्ट के शुरुआती स्वयंसेवकों में रिचमंड विला समुदाय के पड़ोसी वरिष्ठ सुपर-विशेषज्ञ डॉक्टर, सीरियल उद्यमी, पेशेवर, व्यवसायी, कृषिविद्, सामाजिक कार्यकर्ता और देश भर के वरिष्ठ नागरिक शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में, समुदाय के बाहर के व्यक्तिगत दाताओं ने भी धन जुटाने में सहयोग दिया है।

## सीएम ने दिए राजकीय सम्मान के साथ कृष्णम राजू का अंतिम संस्कार करने का निर्देश




हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने मुख्य सचिव सोमेश कुमार को अपने सबसे प्यारे दोस्त और पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णम राजू का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा कि मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के आदेश के अनुसार व्यवस्था करेंगे। उनके निधन की खबर आने के बाद, तेलुगु फिल्म उद्योग के सेलेब्स की ओर से उनके परिवार के लिए श्रद्धांजलि और शोक संदेश आ रहे हैं। चिरंजीवी, जूनियर एनटीआर, महेश बाबू, और कई अन्य लोगों ने कृष्णम राजू की मृत्यु पर दुख और दुख व्यक्त करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। एक ट्वीट में, नरेंद्र मोदी ने कहा कि श्री यूवी कृष्णम राजू गरु के निधन से दुखी हूं। आने वाली पीढ़ियां उनकी सिनेमाई प्रतिभा और रचनात्मकता को याद रखेंगी। वह सामुदायिक सेवा में भी सबसे आगे थे और एक राजनीतिक नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति'। तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौदरराजन ने भी फिल्म अभिनेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णम राजू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

### कृष्णम राजू का निधन तेलुगु फिल्म उद्योग के लिए सबसे बड़ी क्षति : हरीश राव

सिद्दीपेट, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त मंत्री टी. हरीश राव ने अभिनेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री यूवी कृष्णम राजू के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका रविवार तड़के निधन हो गया। रविवार को एक प्रेस बयान में, वित्त मंत्री ने कृष्णम राजू के निधन को तेलुगु फिल्म उद्योग के लिए सबसे बड़ी क्षति बताया। राव ने केंद्रीय मंत्री के रूप में कृष्णम राजू की सेवाओं को याद किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना और गहरी संवेदना व्यक्त की।

## सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### बिहार निवासी की तीन माह पूर्व हुई थी शादी



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीड़िमेटला थाना क्षेत्र में एक सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृत सिक्योरिटी गार्ड प्रभात कुमार (25) बिहार के अरवल जिले का रहने वाला है। वह एक निजी सिक्योरिटी कंपनी के लिए काम करता था। निजी सिक्योरिटी कंपनी ने उसे जीड़िमेटला की एक फैब्रिकेशन कंपनी में तैनात कर रखा था। बताया जा रहा है कि बीती रात वह ड्यूटी करने के बाद अपने कमरे में गया और खाना खाकर सो गया। इसी बीच वह उठकर शौचालय गया। काफी देर तक प्रभात शौचालय से वापस नहीं लौटा तो कमरे में रह रहे अन्य लोगों ने जाकर देखा तो शौचालय में उसकी लाश पड़ी थी। आशंका जताई जा रही है कि दिल का दौरा पड़ने के कारण भी उसका निधन हो सकता है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची जीड़िमेटला पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। समाजसेवी सौरभ सिंह तथा बिहार के अन्य लोगों की काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दोपहर 2 बजे भेजा। गांधी अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस में तैनात कर्मचारियों ने बिना पंचनामा के शव को रखने से इंकार कर दिया। बिहार समाज सेवा संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा ने गांधी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया। इस मामले में सिक्योरिटी गार्ड संचालन करने वाली कंपनी के लोगों का दावा है कि मृत प्रभात कुमार उनके यहां काम नहीं करता था। दूसरे गार्ड के बदले वह कुछ दिनों के लिए काम कर रहा था। हालांकि प्रभात का हैदराबाद में कोई नहीं है। तीन माह पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। पोस्टमार्टम की स्थिति साफ होने के बाद भी गार्ड का शव बिहार भेजा जा सकेगा। इस मामले में पुलिस सूत्रों का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो जाएगी। पुलिस मामले की प्राथमिक जानकारी जुटा रही है।

## स्वामी विवेकानंद के शिकागो व्याख्यान ने दुनिया की दिशा बदल दी : स्वामी बोधमयानंद

### विवेकानंद के आदर्शों पर चलना उनके लिए उचित श्रद्धांजलि : लक्ष्मीनारायण



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी बोधमयानंद ने कहा कि 11 सितंबर, 1893 को शिकागो में सार्वभौमिक धर्म प्रतिनिधियों की कांग्रेस में स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए भाषण ने दुनिया की दिशा बदल दी। विवेकानंद ने भले ही चंद मिनटों की बात की, लेकिन अमेरिका समेत दुनिया के देशों ने भारत की महानता को पहचाना। उन्होंने कहा कि दुनिया के देश भारत से आगे निकल गए हैं। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं आज भी लागू हैं। बोधमयानंद ने कहा कि यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महानता आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे। स्वामी विवेकानंद के शिकागो यूनिवर्सलिस्ट कांग्रेस को संबोधित करने के 129 वर्षों के अवसर पर, हैदराबाद टैंकबंड पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर रामकृष्ण मठ के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद स्वामी बोधामयानंद ने शिकागो में स्वामी विवेकानंद का पहला भाषण पढ़ा। स्वामी बोधामयानंद ने कहा कि विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन एक्सीलेंस का 23वां स्थापना दिवस इस महीने की 13 तारीख को होगा, जिसमें राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन, लोकसत्ता के संस्थापक जयप्रकाश नारायण और अन्य लोग शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीआई के पूर्व निदेशक जेडी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि शिकागो भाषण में स्वामी विवेकानंद के बहनों और भाइयों के रूप में संबोधन ने अमेरिकियों को परेशान कर दिया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद के आदर्शों पर चलना उनके लिए उचित श्रद्धांजलि है। लड़कों और लड़कियों, विशेषकर युवाओं को विवेकानंद की शिक्षाओं को समझना चाहिए और उन पर अमल करना चाहिए।

टैंकबंड पर कार्यक्रम आयोजित करने के बाद एक रैली में श्रद्धालु रामकृष्ण मठ पहुंचे. तत्पश्चात रामकृष्ण मठ के विवेकानंद सभागार में स्वामी विवेकानंद महिमा के नाम पर संगीतमय विभावरी का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वामी बोधामयानंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद को संगीत का शौक था और वे खुद गीत लिखते और गाते थे। उन्होंने याद किया कि उन्हें अपने शिक्षक रामकृष्ण विवेकानंद की आवाज बहुत पसंद थी। कार्यक्रम में बैंगलोर के गायक सुरमणि डॉ. दत्तात्रेय वेलंकर और तबला वादक योगेश भट ने भाग लिया।

## अभिनेता कृष्णम राजू के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के भाजपा नेताओं ने आज तेलुगु फिल्म उद्योग के दिग्गज अभिनेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णम राजू के निधन पर शोक व्यक्त किया। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपने शोक संदेश में कहा कि वह तेलुगु फिल्म उद्योग के दिग्गज अभिनेता के निधन से स्तब्ध हैं। यह याद दिलाते हुए कि कृष्णम राजू, जिन्होंने एक पत्रकार के रूप में अपना करियर शुरू किया, एक अभिनेता, राजनेता और केंद्रीय मंत्री बने और कहा कि कृष्णम राजू ने जो कुछ भी किया उसमें अपनी अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि वह अविभाजित आंध्र प्रदेश राज्य में कृषम राजू के साथ अपने जुड़ाव को नहीं भूल सकते और उन्होंने कहा कि वह अभी भी राजू द्वारा उनके प्रति दिखाए गए स्नेह से प्रभावित हैं।

एक बयान में, राज्य भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने कहा कि वह राजू के असामयिक निधन से स्तब्ध हैं और उन्होंने कहा कि कृष्णम राजू ने पार्टी सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री की तरह विभिन्न क्षमताओं में भाजपा की सेवा की। उन्होंने याद किया कि कृष्णम राजू अभिनेता और निर्माता बनने से पहले एक पत्रकार, फोटोग्राफर के रूप में भी काम करते थे। संजय ने कहा कि कृष्णम राजू ने अलग-अलग फिल्मों में अपने अभिनय कौशल के लिए पांच फिल्म किराया और तीन नंदी पुरस्कार जीते। उन्होंने कहा कि बागी स्टार के रूप में लोकप्रिय कृष्णम राजू का निधन भाजपा और तेलुगु लोगों के लिए एक बड़ी क्षति है। संजय ने कृष्णम राजू के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। कृष्णम राजू मेरे प्रिय मित्र हैं।

वयोवृद्ध भाजपा नेता और महाराष्ट्र राज्य के पूर्व राज्यपाल विद्यासागर राव ने कृष्णम राजू के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने याद किया कि कृष्णम राजू ने 17 सितंबर के अवसर पर निजाम कॉलेज में आयोजित एक जनसभा में लोगों का उत्साह बढ़ाया था। राव ने इस अवसर पर अभिनेता के परिवार के सदस्यों के साथ सहानुभूति व्यक्त की।

## मूसलाधार बारिश के कारण उफान पर सिंचाई परियोजनाएं



कोत्तागुडेम, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मूसलाधार बारिश के कारण भद्राचलम में गोदावरी नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है, वहीं पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण रविवार को जिले में सिंचाई परियोजनाएं ओवरफ्लो रही।

तेलंगाना में कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश और गोदावरी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र के साथ, नदी का जल स्तर रविवार को भद्राचलम पुष्कर घाट पर 30.6 फीट तक पहुंच गया। लगातार बारिश से जलस्तर और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

चेरला मंडल में तालीपेरु मध्यम सिंचाई परियोजना को भारी प्रवाह प्राप्त हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप अधिकारियों ने शाम 4 बजे डाउनस्ट्रीम में 77,727 क्यूसेक अतिरिक्त पानी के निर्वहन के लिए 15 फाटकों को मुक्त प्रवाह के लिए उठा लिया है। परियोजना का एफआरएल 74 मीटर था और वर्तमान जल स्तर 72.30 मीटर है।

कोत्तागुडेम और खम्मम जिलों में एससीसीएल की ओपनकास्ट खदानों में कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिससे कोल बेड में पानी भर गया है और ढुलाई वाली सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं। येलांडु, कोठागुडेम, मनुगुर और सथुपल्ली क्षेत्रों में ओवरबर्डन और कोयला उत्पादन को हटाने पर रोक लगा दी गई।

जिले के सुजाता नगर मंडल में एडुल्वागु धारा में भारी बाढ़ के बाद, धारा के पार एक निचले पुल का एक हिस्सा धारा के बिस्तर में डूब गया, जिससे मंडल के नौ गांवों में परिवहन बंद हो गया। जनता को पुल पर यात्रा न करने की चेतावनी दी गई है।

पिछले 24 घंटों के दौरान जिले के कई मंडलों में हल्की से भारी बारिश हुई। पिनापका मंडल में 7.6 सेंटीमीटर, दुम्मुगुडेम में 6 सेंटीमीटर, अश्वपुरम में 5.8 सेंटीमीटर, मनुगुर में 4.6 सेंटीमीटर जबकि 10 मंडलों में 10 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि खम्मम जिले के सतुपल्ली में 5.8 सेंटीमीटर, येरुपलेम में 6.5 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि पिछले 24 घंटों में 13 मंडलों में मध्यम बारिश हुई।

## राजस्व अधिकारियों की समस्याओं को जल्द हल करे सरकार : रेवंत



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने रविवार को यहां मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से पिछले 48 दिनों से हड़ताल कर रहे ग्राम राजस्व अधिकारियों (वीआरए) के बचाव में आने और उनके मुद्दों को हल करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में रेड्डी ने कहा कि वीआरए में नब्बे प्रतिशत बीसी और एससी, एसटी समुदायों के हैं और ये वीआरए 30 से अधिक प्रकार की सेवाओं में भाग ले रहे हैं और इससे जिलों में राजस्व संबंधी कार्यों में भाग लेने में उनकी क्षमताओं को समझा जा सकता है। वीआरए सिस्टम वापस लिए जाने के बाद उन पर काम का बोझ काफी बढ़ गया। बढ़ते काम के दबाव का सामना करने में असमर्थ, कई वीआरए की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि तत्कालीन निजामाबाद और नलगोंडा जिलों में कुछ वीआरए ने आत्महत्या कर ली थी।

उन्होंने याद दिलाया कि वीआरए के सामने आने वाली समस्याओं को देखने के लिए स्टाम्प और पंजीकरण विभाग आयुक्त वी शेषाद्री की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की गई थी। हालांकि, समिति ने अब तक एक भी बैठक नहीं की है।

रेड्डी ने कहा कि यदि राज्य सरकार वीआरए मुद्दों को हल करने में विफल रहती है तो कांग्रेस राज्य सरकार पर वीआरए समस्याओं को हल करने के लिए दबाव बनाने के लिए एक कार्य योजना तैयार करेगी। उन्होंने राज्य सरकार से पात्र वीआरए को पदोन्नति देने, उनके मूल स्थानों में 2 बीएचके घरों को मंजूरी देने और वीआरए के परिवार के सदस्यों में से एक को अनुकंपा के आधार पर नौकरी प्रदान करने की मांग की।

## तेलंगाना में अगले विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बनाएगी बीजेपी : सुनील बंसल

हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राज्य प्रभारी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने आज भविष्यवाणी की कि दिसंबर 2023 में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सरकार बनाएगी।

मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए बंसल ने कहा कि उन्होंने आगामी उपचुनावों को ध्यान में रखते हुए पहली बार इस क्षेत्र में कदम रखा है. उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर उन्हें उपचुनाव में पार्टी की जीत का पूरा भरोसा है।

उन्होंने भविष्यवाणी की कि मुनुगोडु उपचुनाव के बाद राज्य में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया।

## नाबालिगों का यौन शोषण करने के आरोप में हॉस्टल वार्डन गिरफ्तार

हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक हॉस्टल वार्डन को हयातनगर पुलिस ने लड़कों के हॉस्टल में नाबालिगों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। राचकोंडा पुलिस ने कहा कि एपी में पश्चिम गोदावरी के मूल निवासी मुर्रम कृष्णा (35) ने हयातनगर स्थित एक लड़कों के छात्रावास में वार्डन के रूप में काम करता था और परिसर में रहता था। रात के समय उन्होंने छात्रावासों के नाबालिगों के साथ दुर्व्यवहार किया और लड़कों का यौन उत्पीड़न किया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने और बच्चों से दुर्व्यवहार और यौन शोषण की बात स्वीकार की। पुलिस ने उसके खिलाफ सात मामले दर्ज किए। उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है।

## थैलेसीमिया सोसायटी ने दर्ज किया 2 लाख रक्तदान

हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर स्थित थैलेसीमिया और सिकल सेल सोसाइटी, जो 3,000 से अधिक थैलेसीमिया रोगियों को सहायता प्रदान करती है, ने पूरे तेलंगाना के दाताओं से 2 लाख रक्त इकाइयों को पंजीकृत करने का मील का पत्थर छू लिया है। एकत्र किए गए 2 लाख यूनिट रक्त ने समाज को बच्चों सहित थैलेसीमिया रोगियों को मुफ्त सहायता प्रदान करने में मदद की।

1998 में शुरू किया गया, टीएससीएस ने वर्षों से दाता रक्त की निरंतर आपूर्ति को बनाए रखा, जो थैलेसीमिया रोगियों के लिए महत्वपूर्ण है, जिन्हें आजीवन नियमित रक्त आधान से गुजरना पड़ता है।विशेषज्ञ डॉक्टरों की मदद से, सोसायटी न केवल मुफ्त रक्त आधान की सुविधा प्रदान कर रही है, बल्कि किसी भी स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं और परामर्श के लिए रोगियों की स्वास्थ्य जांच भी कर रही है। टीएससीएस के अध्यक्ष, चंद्रकांत अग्रवाल ने कहा कि हम अब तक दाताओं से 2,00,000वां रक्तदान प्राप्त करके प्रसन्न हैं। रक्त इकाइयाँ वास्तव में हमारे लिए मायने रखती हैं क्योंकि वे थैलेसीमिया रोगी के जीवन को बचाती हैं।

थैलेसीमिया का इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लां (बीएमटी) के जरिए होता है, जो बेहद महंगा है। टीएससीएस योग्य रोगियों के लिए बीएमटी उपचार के लिए धन जुटाने के लिए कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ समन्वय कर रहा है, जबकि राज्य सरकार भी आरोग्यश्री के तहत प्रक्रिया को कवर करती है।

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, PREETHI D/o SATYANARAYANA, have changed my name and Father's Name to PREETI BIRADAR D/O SATHYANARAYANA BIRADAR vide affidavit dated 23-08-2022, notary Pothamsetty Nagesh (7562), Hyderabad.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिपालन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# अब किसी भी तहसील में हो सकेगी रजिस्ट्री

## भीड़ या वेटिंग ज्यादा होने पर जिले के दूसरे दफ्तर में कराएं रजिस्ट्री

लखनऊ, 11 सितंबर (एजेंसियां)। जमीन खरीदने और बेचने वालों के लिए अच्छी खबर है। अब रजिस्ट्री के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यूपी सरकार ने लोगों के सहूलियत के लिए नया नियम बनाया है। इसमें अब जिले के किसी भी रजिस्ट्री दफ्तर में जमीन की रजिस्ट्री हो सकेगी। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग ने सोमवार से पूरे प्रदेश में इस नियम को लागू करने का आदेश जारी है।

दरअसल, सीएम योगी आदित्यनाथ स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर यह आदेश जारी किया है।

अभी तक जिस तहसील के अन्तर्गत इलाका आता है वहीं रजिस्ट्री हो सकती थी। लेकिन अब कहीं भी रजिस्ट्री हो सकेगी। ऐसे में अगर एक जगह लंबी



वेटिंग चल रही है तो दूसरी जगह रजिस्ट्री कराया जा सकता है।

**त्योहार में लगती लंबी लाइन**

त्योहार के समय रजिस्ट्री कराने वालों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में उस समय लंबी लाइन लगती है। लेकिन इस व्यवस्था के बाद पहले से समय मिल जाएगा। उसके अलावा जहां कम वेटिंग होगी वहां लोग जाकर आसानी से अपना काम करा सकेंगे। दीपावली में धन तेरस के दिन सबसे ज्यादा रजिस्ट्री होती है।

**पहले मंडल मुख्यालयों में लागू होगी व्यवस्था**

यह नियम पहले मंडल मुख्यालय पर लागू होगा। वहां एक से ज्यादा रजिस्ट्री कार्यालय होते है। इसमें आगरा, सहारनपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, बरेली, लखनऊ, चित्रकूट, झांसी, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, गोंडा, मेरठ, बस्ती, मुरादाबाद, आजमगढ़ा, अलीगढ़ और वाराणसी मंडल शामिल है। यहां सफल होने के बाद इसको जिला मुख्यालय पर लागू किया जाएगा।

**यह प्रक्रियां अपनानी होगी**

रजिस्ट्री कराने के लिए www.igrs.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ेगा। यहां सूचना भरने के बाद संबंधित व्यक्ति को रजिस्ट्री के लिए समय मिलेगा। इसमें रजिस्ट्री दफ्तर के साथ समय और तारीख दोनों बताया जाएगा। इसमें जिसमें कम वेटिंग होगी वह उस दफ्तर में समय मिलेगा।

इसके लिए इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर का फाइनल टेस्ट कर लिया गया है। फाइनल रन में किसी भी तरह की जब दिक्कत नहीं आई तो सीएम के सामने प्रस्ताव रखा गया। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद इसको लागू कर दिया गया है।

# 'किसी को सपना देखने से कैसे रोक सकते हैं'

## मंत्री अनिल राजभर बोले- अखिलेश यादव ट्वीट से बाहर नहीं निकलना चाहते

वाराणसी, 11 सितंबर (एजेंसियां)। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में यूपी की सभी सीट भाजपा जीतेगी।

लखनऊ में समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर लगाया गया अखिलेश यादव और नीतीश कुमार का पोस्टर सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके अलावा अखिलेश यादव लगातार ट्वीट करके भी भाजपा पर हमलावर रहते हैं। इसे लेकर वाराणसी में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने पत्रकारों से कहा कि अब किसी को सपना देखने से हम कैसे रोक सकते हैं।

अखिलेश यादव ट्वीट से बाहर नहीं निकलना चाहते हैं। जनता के दरवाजे पर खड़ा नहीं होना चाहते हैं। किसान के खेत में जाना नहीं




चाहते हैं। अखिलेश यादव सहित विपक्ष के अन्य नेता सिर्फ यही समझते हैं कि जो राजनीति है वह सिर्फ सोशल मीडिया पर ही है।

**उनकी पार्टी सिर्फ परिवार की बात करती है**

मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि अभी भी जमीनी सच्चाई अखिलेश यादव न जानना चाहते हैं और न उसे समझना चाहते हैं। वह जमाना बीत गया है जब वह पिछड़ों और दलितों को गुमराह कर लेते थे। अब जनता उनके असली चेहरे को पहचान गई है। उनकी पार्टी सिर्फ अपने परिवार की बात करती है। वह गरीबों का हक मारने में सबसे आगे रहे हैं।

अनिल राजभर ने कहा कि पिछड़ों और अति पिछड़ों को कमजोर करने में सपा का सबसे बड़ा योगदान रहा है। विधानसभा चुनाव संपन्न हुए बहुत दिन नहीं बीता है। उनका दंभ और गुरूर उत्तर प्रदेश की जनता ने तोड़ दिया है। अगर अखिलेश यादव को अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाना है तो जमीनी सच्चाई को जानने का प्रयास करें। आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट पर भाजपा को जीत मिलेगी। उसके बाद आप सभी लोग देखिएगा, अखिलेश सहित विपक्ष के अन्य नेता तब क्या कहेंगे...?

**खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली हालत**

सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर को लेकर मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि पूर्वांचल में कहावत है कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे...। भाजपा ने सहारा दिया तो वह पहली बार विधायक बन गए।

# मायावती बोलीं-गरीबों को मिलने वाला मुफ्त राशन बंद करना उनके मुंह से निवाला छीनने जैसा



लखनऊ, 11 सितंबर (एजेंसियां)। मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को सितंबर के बाद भी जारी रखना चाहिए क्योंकि लोग अभी भी उसी गरीबी का सामना कर रहे हैं जो कोरोना के दौरान कर रहे थे।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि गरीबों को मिलने वाला मुफ्त राशन बंद करना उनके मुंह से निवाला छीनने जैसा होगा। केंद्र को इस योजना को सितंबर के बाद भी जारी रखना चाहिए।

मायावती ने ट्वीट कर कहा कि देश की विशाल आबादी जबर्दस्त महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि की समस्या से आज भी लगभग वैसी ही दुःखी व त्रस्त है जैसी कोरोना काल से ही झेलने को मजबूर है। अतः पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलने वाला मुफ्त राशन बंद करके इनके मुंह का निवाला छीनना अनुचित व अन्यायपूर्ण होगा।

यही मुख्य कारण है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस अन्न योजना को सितंबर महीने के बाद आगे और भी समय तक जारी रखने का दबाव केन्द्र सरकार पर बना रही हैं। वैसे भी केन्द्र की सरकार को, व्यापक जनहित के मद्देनजर, इस पर समुचित व सहानुभूतिपूर्वक ध्यान जरूर देना चाहिए, बसपा की यह मांग है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सितंबर तक मुफ्त राशन बांटने की घोषणा की गई थी। आगे यह योजना जारी रहेगी या नहीं इस पर सरकार की तरफ से अभी तक कोई घोषणा नहीं की गई है।


# ओवैसी के बच्चे मदरसे में नहीं पढ़ते

## मंत्री धर्मपाल बोले- इसलिए वे सर्वे का विरोध कर रहे हैं; फंडिंग की भी जांच होगी

लखनऊ, 11 सितंबर (एजेंसियां)। योगी सरकार ने 30 अगस्त को आदेश जारी कर मदरसों के सर्वे का निर्देश दिया था। सरकार ने सभी जिलों के डीएम से कहा था कि गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे करा कर सरकार को बताएं। यह काम सभी डीएम को 25 अक्टूबर तक पूरा करना है।

कल यानी 10 सितंबर से सर्वे का काम शुरू हो गया है। मगर, मदरसों पर सियासत इससे पहले ही शुरू हो गई है। देश के तमाम मौलाना-मौलवी से लेकर पॉलिटिकल पार्टियां भी इस सर्वे पर सवाल उठा रही हैं।

सर्वे 10 सितंबर से शुरू हुआ है। 25 अक्टूबर को पूरा हो जाएगा। सभी जिलों से रिपोर्ट आ जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू होगी। हमारा मकसद बहुत साफ है। हम सबको समान और अच्छी शिक्षा मिले। इसी मकसद के तहत मदरसों का सर्वे करवा रहे हैं।




धर्मपाल सिंह, मंत्री

इससे किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इसका विरोध वह लोग ज्यादा कर रहे हैं, जिनके बच्चे मदरसों में नहीं पढ़ते। क्योंकि, मदरसों में गरीब मुसलमान के बच्चे पढ़ते हैं। इसीलिए कॉन्वेंट में बच्चों को पढ़ाने वाले लोग ही इसका विरोध कर रहे हैं। ओवैसी खुद कभी मदरसे में नहीं पढ़े। उनके बच्चे भी कभी मदरसे में नहीं पढ़ने गए। मैं ओवैसी से कहना चाहता हूं कि वह पहले अपने घर के किसी बच्चे को मदरसे में पढ़ाएं। उसके बाद ही उन्हें बोलने का अधिकार होगा। सर्वे हालात सुधारने के लिए हो रहा है। दरअसल, सपा, बसपा और कांग्रेस तीनों पार्टियों का मुस्लिम वोट कॉमन था। इन तीनों में हमेशा होड़ लगी रहती थी कि कौन कब इस वोट बैंक को अपने पाले में करे।

कैसे अंधेरे में रख कर इनका वोट हासिल किया जाए। लेकिन, अब मुस्लिम समाज जागरूक हो गया है। वह अपना फायदा और नुकसान जान गया है।

भाजपा में तुष्टीकरण किसी का नहीं है। जो गलत करेगा, उसको दंड मिलेगा।अगर हिंदू गलती करता है, तो उसको दंड मिलेगा और मुस्लिम गलती करता है, तो उसको दंड मिलेगा।

सर्वे के पीछे की मंशा है कि गरीब मुस्लिम समाज के बच्चे आईएएस, पीसीएस, डॉक्टर, इंजीनियर और पुलिस अधिकारी बनें। इसी के लिए हम यह सर्वे करा रहे हैं। इन बच्चों को अच्छी शिक्षा का अधिकार है। मदरसे में क्या शिक्षा दी जा रही है, यह जानने का सरकार को अधिकार है। हमारा मकसद मदरसों में अच्छी शिक्षा देने का ही है।

इसके लिए जो भी जरूरी होगा, वह सब करेंगे। हर चीज की जांच कराई जाएगी। सर्वे रिपोर्ट के बाद जो सच आएगा, वह आपके सामने होगा।

# शराब-एक्सपोर्ट में यूपी ने गोवा और आंध्रप्रदेश को पीछे छोड़ा

## सिंडिकेट पर लगाम लगाने से एक्सपोर्ट बढ़ा; 17 हजार करोड़ से रेवेन्यू बढ़कर 36 हजार करोड़ हुआ

लखनऊ, 11 सितंबर (एजेंसियां)। सरकार ने दावा किया है कि शराब के निर्यात में यूपी अब गोवा और आंध्र प्रदेश से आगे निकल चुका है। सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि माफियाओं के सिंडिकेट पर लगाम कसने और तस्करी रुकने की वजह से यह हालात बने हैं। उनका कहना है कि एल्कोहल उत्पादों के कारोबार में तेजी से उछाल आ रहा है।

शासन की तरफ से रविवार को जानकारी दी गई कि शराब माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसकी वजह से डिस्टिलरी उद्योग की रफ्तार बढ़ रही है। अवैध शराब की रोकथाम के बाद डिस्टिलरी में निवेश बढ़ा है। प्रदेश में 18 कंपनियों ने डिस्टलरी क्षेत्र में निवेश किया है। इनमें से 3 इकाइयों ने उत्पादन शुरू कर दिया है। 15 अन्य कंपनियों को डिस्टलरी लगाने की अनुमति दी जा चुकी है।

आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इन पांच साल में डिस्टलरी उद्योग में 9000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इससे 60 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिले हैं। अल्कोहल उत्पादों का उत्पादन दोगुने से अधिक हो गया है। चालू वित्त वर्ष में 170 करोड़ बल्क लीटर से अधिक अल्कोहल उत्पादों के उत्पादन की संभावना है।

सरकार के प्रयासों से आबकारी विभाग के राजस्व में दोगुने से अधिक का इजाफा हुआ है।

# खेती के लिए 10 नहीं 14 घंटे बिजली की मांग

## उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन को भेजा प्रस्ताव, 120 करोड़ रुपए होंगे खर्च

लखनऊ, 11 सितंबर (एजेंसियां)। खेती के पावर कॉर्पोरेशन से 14 घंटे बिजली की डिमांड तेज हो गई है। इसके लिए विभाग को 120 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। एक दिन में 4 करोड़ रुपए खर्च कर 4 घंटे की अतिरिक्त सप्लाई किसानों को ट्यूबवेल के लिए मिल सकेगा। यह प्रस्ताव उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन को भेजा गया है। दअसल, यूपी में अब तक 20 जिले सूखाग्रस्त हो गए हैं। यहां 40 फीसदी से भी कम वर्षा हुई है। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का दावा है कि सरकार चाहे तो सुबह 5 बजे से शाम 7 बजे तक 14 घंटे की सप्लाई कर सकती है। इसके लिए प्रतिदिन 4 करोड़ रुपए की अतिरिक्त बिजली खरीदनी




पड़ेगी।

आंकड़ों के अनुसार यूपी में अतिरिक्त बिजली के लिए 10 मिलियन यूनिट बिजली की जरूरत है।

अगर सरकार यह पैसा नहीं देती है तो उपभोक्ताओं को पहले से ही करीब 25 हजार करोड़ रुपए पड़े है, उससे इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। मौजूदा समय खेती के लिए इस्तेमाल होने वाली बिजली का भार 2500 मेगावाट है।

किसानों को सुबह 5 से शाम 7 बजे बिजली देने की बात है। शाम 7 बजे के बाद बिजली की डिमांड सबसे ज्यादा बढ़ती है। ऐसे में जब बिजली की डिमांड बढ़ेगी तब तक किसानों को उनके हिस्से की बिजली मिल चुकी होगी। समय पावर एक्सचेंज पर दिन में 4 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली बिक रही है। ऐसे में 10 मिलियन यूनिट बिजली खरीद पर एक दिन का 4 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

उमस और गर्मी में ट्रांसफर खराब होना बड़ी समस्या है। अप्रैल से अगस्त तक के विभागीय आंकड़ों में प्रतिदिन 800 से ज्यादा ट्रांसफार्मर खराब हुए है।

विभागीय आंकड़ों में इस दौरान पूरे प्रदेश में कुल 1,46,136 ट्रांसफार्मर बदले गए है। इसमें बड़ी संख्या खेती वाले ट्रांसफार्मर की रही है।

सितंबर में एक से 4 सितंबर तक प्रतिदिन 1100 से ज्यादा ट्रांसफार्मर खराब हुए है। ऐसे में खराब ट्रांसफार्मर सही कराना भी एक बड़ा चैलेंज रहेगा। पांच महीने में खेती के लिए बड़े कनेक्शन भी दिए गए है। अप्रैल से अगस्त के बीच 18,846 कनेक्शन दिए गए हैं।

यूपी के जिन बीस जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किया जा रहा है उनमें लखनऊ संतकबीरनगर, बस्ती, सोनभद्र, गोंडा, शामली, मुरादाबाद, बागपत, अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, देवरिया, मिर्जापुर, बलिया, महराजगंज, कुशीनगर, चंदौली, मऊ, गाजीपुर है।

# कृषि से जुड़ी सीएम की बैठक में कृषि मंत्री नदारत

## मंत्री सुधाकर सिंह ने कहा- घोटाले का आरोप उन पर अन्याय है लेकिन सरकार से कोई मतभिन्नता नहीं

पटना, 11 सितंबर (एजेंसियां)। कम बारिश से उत्पन्न स्थितियों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

बिहार में बारिश की कमी की वजह से कई जिलो में सूखे की स्थिति है। इसको लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना में बैठक की। इस समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव आमिर सुबहानी के साथ ही कृषि सचिव अन. सरवन और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल मौजूद रहे। लेकिन कृषि विभाग के मंत्री सुधाकर सिंह नहीं दिखे। सुधाकर सिंह ने अगस्त में हुई ऐसी ही मुख्यमंत्री की बैठक में भी उपस्थित नहीं हुए थे। हालांकि सुधाकर सिंह किसानों की इस समस्या को लेकर अलग से विभागीय बैठक करते रहे हैं।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के प्रभावित जिलों के प्रखंड, पंचायत और गांव स्तर तक अल्प वर्षापात के कारण उत्पन्न संभावित सुखाड़ की स्थिति का आकलन कराने को कहा। कहा कि किसानों को हर संभव मदद देने की योजना बनाएं। वैकल्पिक फसल योजना के तहत इच्छुक किसानों को जल्द से जल्द बीज उपलब्ध कराएं ताकि किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत हो।

उन्होंने कहा कि कृषि को लेकर बैठक होती रहती है। कुछ अधिकारियों के स्तर पर, कुछ हमारे स्तर पर और कुछ मुख्यमंत्री जी के स्तर पर। ये तो अनवरत प्रक्रिया है। आज मुख्यमंत्री जी बैठक कर रहे थे। दो दिन पहले मैंने बैठक की थी। जो लोग मेरी अनुपस्थिति की बात कर रहे हैं उनको सरकारों के कामकाज का तरीका नहीं पता होगा। मुख्यमंत्री जी सक्षम प्राधिकार हैं बैठक लेने के लिए, मैं भी सक्षम प्राधिकार हूं बैठक लेने के लिए। मेरी अनुपस्थिति में प्रधान सचिव बैठक लेते हैं।

चावल घोटाले पर कहा- मेरे साथ अन्याय हुआ, लेकिन सरकार चलाने में कोई मतभिन्नता नहीं है

बता दें कि 2013 में सुधाकर सिंह पर चावल घोटाला का आरोप नीतीश सरकार में ही लगा था। इस वजह से नीतीश कुमार से उनके राजनीतिक रिश्ते बहुत बेहतर नहीं रहे हैं। सुधाकर सिंह, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र हैं। जगदानंद सिंह भी नीतीश कुमार से खासे नाराज दिखते रहे हैं। वे भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। अभी वे राजद के विधायक हैं और कृषि मंत्री हैं। सुधाकर सिंह ने कहा कि वह राजनीतिक मसला है, पुराना मसला है हमारा। लेकिन सरकार चलाने को लेकर कोई मतभिन्नता नहीं है।

# बिहार के सरकारी अस्पतालों की चुनौतियां

## पेशेंट के अस्पताल में आने पर रिसीव करने का सिस्टम नहीं, न साफ-सफाई की बेहतर स्थिति

पटना, 11 सितंबर (एजेंसियां)। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के साथ पिछले दिनों पटना के ज्ञान भवन में बैठक की और 60 दिनों के अंदर सुधार का टास्क दिया। इससे पहले तेजस्वी पटना के पीएमसीएच, गार्डिनर रोड अस्पताल का औचक निरीक्षण कर चुके हैं और स्वास्थ्य सुविधा का हाल मरीजों के परिजनों से सुन चुके हैं। राज्य में स्वास्थ्य सुविधा की स्थिति यह है कि अभी भी कैंसर के मरीजों को मुंबई का ट्रॉमा सेंटर या बनारस का ट्रॉमा सेंटर सबसे अच्छा लगता है। बिहार के प्राइवेट या सरकारी अस्पताल इसकी तुलना नहीं कर पा रहे। नतीजा गरीब मरीज बड़ी संख्या में इलाज कराने बिहार से बाहर जा रहे। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा की स्थिति में सुधार के लिए कौन-कौन सी

स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की खासी कमी




कंट्रोल रूम में ड्यूटी पर नहीं है जवाबदेही

चुनौतियां हैं।

बिहार के सरकारी अस्पतालों में पेशेंट के अस्पताल में आने पर रिसीव करने वाला सिस्टम नहीं दिखता। ट्रॉली ठेके पर है इसलिए उसकी रुचि वैसी जगह दिखती है जहां से परिजन कुछ पैसे दे देते हैं। रिसेप्शन ऑफ द पेशेंट नाम की चीज नहीं है। सरकारी अस्पतालों में सबसे बड़ी दिक्कत यह दिखती है कि मरीज ही खुद तय करते हैं कि उन्हें किस विभाग में दिखाना है। जबकि कंट्रोल रुम होना चाहिए जहां तय हो कि मरीज कहां किस डॉक्टर से दिखाए? ऐसा नहीं होने से मरीज के परिजनों को दो बार परेशान होना पड़ता है। दो बार लाइन लगाना पड़ता है। इसे देखने वाला कोई नहीं है कि सीरीयस मरीज को तुरंत डॉक्टर के पास ले जाकर दिखाया जाए। कई बार मारपीट की बड़ी वजह यही बनती है कि मरीज का समय पर इलाज नहीं हो पाता डॉक्टर की उपस्थित होने के बावूजद। कंट्रोल रूम में जिसकी ड्यूटी रहती है वह अपनी जवाबदेही नहीं समझते। शौचालय, यूरिनल गंदा है तो जवाबदेही तय करनी चाहिए। अस्पताल में कुत्ता घुस गया और कंट्रोल रुम में बैठकर देखते रहते हैं! रात के समय ज्यादातर मरीजों को दवा नहीं मिलती। शिकायत मिलती है कि रात में जिनकी ड्यूटी रहती है, वे कुछ मरीजों को दवा देकर सोने चले जाते हैं।

# घोसी सांसद अतुल राय की 58 लाख की संपत्ति कुर्क


## गैंगस्टर एक्ट में वाराणसी पुलिस ने गाजीपुर में की कार्रवाई

गाजीपुर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। यह कार्रवाई वाराणसी पुलिस ने अतुल राय के पैतृक गांव गाजीपुर के वीरपुर में की गई है।

मऊ के घोसी से बसपा सांसद अतुल राय की 58 लाख की संपत्ति रविवार को कुर्क की गई। यह कार्रवाई वाराणसी पुलिस ने अतुल राय के पैतृक गांव गाजीपुर के वीरपुर में की गई है। कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई है।

वाराणसी कमिश्नरेट की पुलिस टीम सुबह वीरपुर पहुंची। टीम ने स्थानीय पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर गांव में मुनादी कराई। प्रशासन के मुताबिक, संपत्ति की कुल कीमत 58 लाख 13 हजार 800 रुपए है। कुर्की के बाद तहसीलदार विजय प्रताप सिंह ने बताया कि घोसी सांसद अतुल राय के ऊपर गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं।

# चीनी शेल कंपनियों का सरगना बिहार से गिरफ्तार



## एसएफआईओ ने देश छोड़ने से पहले पकड़ा

पटना, 11 सितंबर (एजेंसियां)। शेल कंपनी उसको कहते हैं जो सिर्फ कागजों में स्थापित और पंजीकृत होती है. लेकिन इस प्रकार की कंपनी की कोई वास्तविक पहचान, पूंजी, कार्यालय और कर्मचारी नहीं होते.

चीनी शेल कंपनियों का सरगना बिहार से गिरफ्तार, एसएफआईओ ने देश छोड़ने से पहले पकड़ाखुद को हिमाचल प्रदेश के मंडी का निवासी बताता था डॉर्टसे.

गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने भारत में चीनी संपर्कों वाली मुखौटा (शेल) कंपनियों के गठन के पीछे मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है. यह व्यक्ति चीन के संपर्कों वाली इन कंपनियों के निदेशक मंडल के लिए फर्जी निदेशक उपलब्ध कराता था. यह गिरफ्तारी चीन की मुखौटा कंपनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हुई है. चीन के संपर्कों वाली ये कंपनियां भारत में गंभीर वित्तीय अपराधों में शामिल हैं.

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने रविवार को बयान में कहा कि इस मामले में एक व्यक्ति डॉर्टसे को गिरफ्तार किया गया है, जो जिलियन इंडिया के निदेशक मंडल में शामिल था. जांच में यह पता चला कि डॉर्टसे दिल्ली-एनसीआर से बिहार राज्य में भाग गया है और सड़क मार्ग से देश से भागने का प्रयास कर रहा है. इसके बाद तुरंत, एसएफआईओ में एक विशेष टीम का गठन किया गया. वहीं टीम ने शुक्रवार शाम को, बिहार के गया से डॉर्टसे को गिरफ्तार कर लिया. बता दें कि मंत्रालय ने आठ सितंबर को जिलियन हांगकांग लि. की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी जिलियन कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लि. के गुरुग्राम, फिनिन्टी प्राइवेट लि. के बेंगलुरु तथा हसीज कंसल्टिंग लि. के हैदराबाद कार्यालयों में छापेमारी और जब्ती अभियान चलाया था. बयान में कहा गया है कि डॉर्टसे जिलियन इंडिया के बोर्ड में शामिल है. भारत में बड़ी संख्या में चीन के संपर्क वाली मुखौटा कंपनियां के गठन और उन्हें फर्जी निदेशक उपलब्ध कराने वाले रैकेट में वह मुख्य सरगना था. कंपनी पंजीयक के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, डॉर्टसे खुद को हिमाचल प्रदेश के मंडी का निवासी बताता था. मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जो प्रमाण मिले हैं उनसे पता चलता है कि इन जाली या फर्जी निदेशकों को जिलियन इंडिया द्वारा भुगतान किया जाता था.

# मोबाइल की रोशनी में मंत्री का भाषण

सासाराम, 11 सितंबर (एजेंसियां)। रोहतास में मंत्री जी को लेट होने पर मोबाइल की रोशनी में ही अपना भाषण देना पड़ा। मोबाइल की रोशनी में भाषण देते मंत्री का वीडियो भी सामने आया है। इसमें मंत्री जी मोबाइल की रोशनी में भीड़ को संबोधित कर रहे हैं। मंत्री जी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विकास और रोजगार के दावे कर रहे हैं। और दूसरी तरफ लोग अंधेरे में बैठकर उनका भाषण सुन रहे हैं।

रोहतास जिले के चेनारी प्रखण्ड मुख्यालय के डाक बंगला मैदान में शनिवार देर शाम बिहार सरकार के 3 मंत्रियों को मोबाइल की रोशनी में भाषण देना पड़ा। कार्यक्रम दोपहर में रखा गया था, लेकिन मंत्री जी लेट हो गए। लाइट की व्यवस्था नहीं की गई थी। मंत्री जी पहुंचे तो थोड़े नाराज हुए। समर्थकों ने तुरंत अपने मोबाइल के टॉर्च ऑन किए और उसी में मंत्री जी ने अपना भाषण देना शुरू कर दिया।

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 12 सितंबर, 2022

# बदल जायेगा दुनिया का नक्शा



निरंकार सिंह

ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक में पिघलती बर्फ अगामी कुछ ही दशकों में इस धरती पर प्रलय का नजारा दिखा सकती है। पाकिस्तान में आयी भीषण बाद और चीन में भंयकर सूखा तो इसकी एक छोटी सी झांकी है। ग्लोबल वार्मिंग न हो तब भी यह उन इलाकों को डुबो देगी जहां आज करोड़ों लोगों का बसेरा है। अब सब कुछ इस बात पर निर्भर है कि इंसान बढ़ती गर्मी को रोकने के लिये क्या कुछ कर पाता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पृथ्वी पर सागरों के उभार का सबसे प्रमुख कारक है। आर्कटिक क्षेत्र में गर्मी धरती के बाकी क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। नेचर क्लाइमेट चेंज में छपी नई रिसर्च रिपोर्ट में ग्लेशियोलॉजिस्ट्स ने बताया है कि भविष्य में जीवाश्म ईंधन का प्रदूषण चाहे जितना रहे। आज जितनी गर्मी धरती पर है वह ग्रीन लैंड के बर्फ की चादर के आयतन का 3.3 फीसदी पिघला देगी। इसके नतीजे में सागर का जल स्तर 27.4 सेंटीमीटर तक बढ़ जायेगा। इससे दुनिया का नक्शा बदल जायेगा। ग्रीनलैंड में इस साल रिकॉर्ड गर्मी पड़ी जिससे भारी मात्रा में बर्फ पिघली। नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्ष 2100 तक सागरों में तीन से चार फीट पानी अकेले ग्रीनलैंड में पिघलने वाली बर्फ से बढ़ सकता है। इतना पानी दुनिया के कई हिस्सों को डुबोने के लिए काफी होगा। एक नई रिसर्च में शोधकर्ता इस घटना का सटीक समय तो नहीं बता सके हैं लेकिन उनका कहना है कि ज्यादातर हिस्सा इसी शताब्दी में पूरा हो जायेगा। इसका मतलब है कि फिलहाल सागर के जलस्तर बढ़ने का जो मॉडल है वह कहीं पीछे छूट जायेगा। गर्मी और न बढ़े तो भी तबाही आयेगी। हैरत में डालने वाले यह नतीजे भी सबसे कम नुकसान वाली स्थिति को बता रहे हैं क्योंकि इनमें भविष्य की गर्मी के असर का हिसाब नहीं जोड़ा गया है। नेशनल जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ डेनमार्क एंड ग्रीनलैंड के प्रमुख लेखक जेसॉन बॉक्स के अनुसार ग्रीनलैंड के आसपास की जलवायु गर्म होना जारी ही रहेगा। यह तय है।। 2012 में जिस स्तर का पिघलन हुआ था वह अब सालाना घटना बन जायेगी। आज दुनिया में जगह जगह बाढ़, सूखा, जंगल की आग, कटिबंधीय क्षेत्रों में तूफान आदि की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ने का कारण खत्म होते जंगलों और जीवाश्व ईंधन के जलने से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडल में बढ़ती मात्रा है। इसमें कोई शक नहीं कि ग्रीष्म लहर भी ग्लोबल वार्मिंग का एक प्रत्यक्ष प्रभाव है। यूरोप के ठंडे मुल्कों में रिकार्ड गर्मी के बाद, चीन भी अभूतपूर्व गर्मी, और सूखे के दौर से गुजर रहा है।

इन दिनों भारत और उसके आसपास के देशों में कहीं भंयकर बारिश तो कहीं कम वर्षा से सूखे का भारी संकट है। पाकिस्तान भीषण बाद की चपेट में है। पाकिस्तानी अखबार डॉन में छपी एक खबर में बताया गया था कि 'आधे से ज्यादा पाकिस्तान' अभी पानी में है और बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। अभी तक 5 लाख से ज्यादा लोगों को बचाया गया है और सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। वहीं, जनसंख्या के आधार पर 15 फीसदी पाकिस्तान इस बाढ़ से प्रभावित हुआ है। इस साल उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच यूरोप में प्रचंड गर्मी पड़ने की खबरें सामने आईं। चीन इस साल भीषण गर्मी की समस्या से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि इस साल चीन में 61 साल की सबसे भयंकर गर्मी पड़ी है। तेजी से बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। चीन के 165 शहरों के लिए हीट वॉर्निंग का रेड अलर्ट जारी किया गया है। चीन में बारिश न होने की वजह से कई इलाकों में भयंकर सूखा पड़ गया है।चीन की लाइफलाइन कहलाने वाली सबसे लंबी यांग्त्जी नदी लगभग सूख चुकी है। मौसम पर जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव पर शीर्ष विशेषज्ञों की यही राय है कि ग्रीष्म लहर ग्लोबल वार्मिंग का सीधा और स्पष्ट पैमाना बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के एक पैनल, इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) ने भी पाया था कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक और व्यापक व्यवधान पैदा कर रहा है और दुनिया भर के अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। पैनल ने अपनी इस साल की रिपोर्ट में कहा कि चरम मौसम की घटनाओं ने लाखों लोगों को गंभीर भोजन और पानी की असुरक्षा का सामना करना पड़ा है, खासकर अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिका में, छोटे द्वीपों पर और आर्कटिक में। 3.6 बिलियन लोग जलवायु परिवर्तन की चपेट में हैं। रिपोर्ट ने अपनी चेतावनी में यह कहते हुए जोड़ा कि दुनिया अगले दो दशकों में 1.5 डिग्री सेल्सियस की ग्लोबल वार्मिंग के साथ कई अपरिहार्य जलवायु खतरों का सामना कर रही है, जिसमें कहा गया है कि इस बढ़ते तापमान के कुछ परिणाम अपरिवर्तनीय होंगे। ''यहां तक कि अस्थायी रूप से इस वार्मिंग स्तर से अधिक होने पर अतिरिक्त गंभीर प्रभाव होंगे, जिनमें से कुछ अपरिवर्तनीय होंगे,'' बढ़ी हुई ग्रीष्म लहर, सूखा और बाढ़ पहले से ही पौधों और जानवरों की सहनशीलता की सीमा से अधिक है, जिससे पेड़ों और मूंगों जैसी प्रजातियों में बड़े पैमाने पर मृत्यु दर बढ़ रही है। इन चरम मौसम की घटनाओं ने लाखों लोगों को विशेष रूप से अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिका, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में तीव्र भोजन और पानी की असुरक्षा के लिए उजागर किया है। आईपीसीसी की रिपोर्ट में आग्रह किया गया है, ''जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है, साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में तेजी से, गहरी कटौती करना।''भविष्य और भी गंभीर दिखता है, अधिक गर्म होने का अर्थ है अधिक लगातार चरम घटनाएं। आईपीसीसी के अध्यक्ष होसुंग ली ने कहा, ''यह रिपोर्ट निष्क्रियता के परिणामों के बारे में एक गंभीर चेतावनी है। यह दर्शाता है कि जलवायु परिवर्तन हमारी भलाई और एक स्वस्थ ग्रह के लिए एक गंभीर और बढ़ता खतरा है।

आज हमारे कार्य आकार देंगे कि लोग कैसे रहेंगे और प्रकृति बढ़ते जलवायु जोखिमों के प्रति क्या प्रतिक्रिया करता है।'नेचर क्लाइमेट चेंज में छपी रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि सागर के जलस्तर का बढ़ना 78 सेंटीमीटर तक जा सकता है। ऐसे में तटों के आसपास के निचले इलाकों का बड़ा हिस्सा डूब जायेगा, साथ ही बाढ़ और आंधियां बढ़ जायेंगी। जलवायु विज्ञान के बारे में एक प्रमुख रिपोर्ट में इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज यानी आईपीसीसी ने कहा था कि ग्रीनलैंड के बर्फ की चादर के पिघलने से 2100 में सागर का जलस्तर 18 सेंटीमीटर तक बढ़ेगा। बॉक्स उस रिपोर्ट के भी लेखक थे। उनका कहना है कि उनकी टीम ने जो नई रिसर्च की है उससे पता चलता है कि पिछले आंकड़े ''काफी कम थे। बॉक्स और उनके साथियों ने इस बार कंप्यूटर मॉडल की बजाये दो दशक में लिये गये मापों और निगरानी के आंकड़ों का इस्तेमाल कर यह पता लगाने की कोशिश की कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पहले जो गर्मी झेल चुकी है उसके आधार पर कितना बदलेगी। बर्फ के चादर के ऊपरी हिस्से को हर साल बर्फबारी से भर जाना होता है। हालांकि 1980 के बाद से ही यह इलाका बर्फ में कमी देख रहा है। जितनी बर्फ हर साल गिरती है उससे कहीं ज्यादा हर साल पिघल जा रही है। बॉक्स का कहना है कि रिसर्चरों ने जिस सिद्धांत का इस्तेमाल किया उसे आल्प्स के ग्लेशियरों में हुए बदलाव की व्याख्या करने के लिये तैयार किया गया था। यह बताता है कि अगर ग्लेशियर पर ज्यादा बर्फ जमा होगी तो निचले हिस्से का विस्तार होगा। ग्रीनलैंड के मामले में कम हुई बर्फ के कारण निचला हिस्सा सिकुड़ रहा है क्योंकि ग्लेशियर नई परिस्थितियों के हिसाब से खुद को संतुलित करते हैं। आईपीसीसी के एक और विशेषज्ञ गेरहार्ड क्रिनर का कहना है कि जो जानकारी मिली है वो समुद्री जलस्तर के बारे में ज्यादा जटिल मॉडलों से कुल मिलाकर मिली जानकारी से मेल खाती है। हालांकि वे इस पर सवाल जरूर उठाते हैं कि यह सब कुछ क्या इसी शताब्दी में हो जायेगा। क्रिनर के अनुसार यह काम सचमुच हमें ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पर लंबे समय अर्थात कई सदियों में होने वाले असर का आकलन देता है, लेकिन इस शताब्दी में होने वाले कम से कम असर का नहीं।'' दुनिया औद्योगिक काल के पहले की तुलना में औसत रूप से 1.2 डिग्री सेल्सियस गर्म हो चुकी है।

# अमन के रास्ते पर लौटा चीन

आखिरकार बैठक और बातचीत की राजनीति रंग लाई, भारत और चीन के उच्च सेनाधिकारियों की बातचीत के बाद तनातनी का माहौल समाप्त हो गया है। दोनों देशों में अपने-अपने कदम पीछे खींचने की बात पर सहमति बन गई है। यहां तक कि विवादित गोगरा हाटस्प्रिंग क्षेत्र से दोनों देशों ने अपनी सेनाएं भी लौटानी शुरू कर दी हैं। सहमति के अनुसार वहां बने अस्थायी निर्माण ध्वस्त कर पूर्वस्थिति बहाल की जाएगी। देखा जाए तो देर से ही सही लेकिन यह निस्संदेह भारत की बड़ी कूटनीतिक और सैन्य सफलता मानी जाएगी। बता दें कि सीमा विवाद को लेकर बीते लगभग दो साल से लद्दाख क्षेत्र में दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ था। तब गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिक गुत्थमगुत्था हो गए थे, जिसमें बीस भारतीय सैनिक तो चीन के चालीस से पैंतालीस जवान शहीद हो गए थे। उसके बाद से आपसी समझौता और भाईचारे के रास्ते बंद हो गए थे उल्टे लगातार तनाव बढ़ता जा रहा था। लद्दाख और गलवान की दुरूह घाटी में धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए चीनी सेना ने भारत के कई गश्ती बिंदुओं पर भी कब्जा कर लिया था। इसके बाद कई दौर की उच्च स्तरीय वार्ताएं होती रहीं, लेकिन चीन गोगरा हाटस्प्रिंग से पीछे हटने को तैयार नहीं था।उल्टे उसने उस इलाके में करीब पचास हजार सैनिक और तैनात कर दिए थे। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों की इस तनातनी पर दुनिया भर के देशों की नजर बनी हुई थी। कुछ अध्ययनों में यह भी जाहिर हुआ था कि कुछ जगहों पर चीन ने अपने स्थायी बसेरे बना लिए थे। इसको लेकर विपक्षी दल आए दिन भारत सरकार पर हमला करने से नहीं चूकते थे। देखा जाए तो भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर विवाद बहुत पुराना है। अभी तक अंतिम रूप से दोनों देशों के बीच की सीमा को लेकर निशानदेही नहीं हो पाई है कि भारत का कितने भूभाग पर अधिकार रहेगा और चीन की सीमा कहां तक होगी। नियंत्रण रेखा पर ऐसे करीब साठ बिंदु हैं, जहां दोनों देशों की सेनाओं को गश्ती के अधिकार दिए गए हैं। इसी का फायदा उठाकर अक्सर चीनी सैनिक उन बिंदुओं को पार कर भारतीय क्षेत्र में घुस आते हैं। यह भी सही है कि भारतीय सेना की तरफ से चेतावनी मिलने के बाद वे वापस लौट जाते रहे हैं। लेकिन गलवान घाटी की घटना के आग में घी का काम किया और स्थिति कुछ अधिक बिगड गई थी। अच्छी बात है कि अब वह तनाव दूर हो गया है और उस इलाके में शांति और स्थिरता आएगी। फिरभी चालाक चीन के किसी भी कदम को लेकर बहुत दावे के साथ कुछ कहना व भरोसा करना मुश्किल होता है। वह कब और कहां अपने वादों से पलट जाए, किसी को अंदाजा नहीं होता। जगजाहिर है कि चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों को छोड़ने की बजाय आगे बढ़ाने में विश्वास करता है इसलिए वह कब फिर से भारत पर दबाव बनाने के लिए क्या चाल चल दे किसी को पता नहीं। लद्दाख क्षेत्र में चीन अपनी पैठ इसलिए बनाए रखना चाहता है कि वहां से वह भारत पर भारी दबाव बना सकता है। इसी मकसद को पूरा करने के लिए उसने पहले से ही पाकिस्तान को अपने पक्ष में कर रखा है। लेकिन उसकी दो साल की कडी मशक्कत के बाद भी जब भारत भी टस से मस नहीं हुआ तो उसे अहसास हो गया होगा कि भारतीय सेना को काबू करना आसान काम नहीं है। पिछले कुछ सालों में भारत ने उसे टक्कर देने वाले आयुध और अत्याधुनिक सैन्य उपकरण जुटा लिए हैं। अभी विक्रांत के जलावतरण से भी भारतीय सेना की ताकत बढ़ी है। फिर वह भारत पर दबाव बना कर जिन व्यापारिक क्षेत्रों में अपनी पैठ बढ़ाना चाहता है, उसमें भी उसे बहुत कामयाबी मिलती नजर नहीं आती। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और रूस के साथ भारत के मजबूत होते रिश्ते, क्वाड आदि संगठनों में उसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका को देख चीन को बड़ी चुनौती मिल रही थी। वैसे भी आज देशों की तरक्की सैन्य तनातनी से नहीं, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों से होती है, चीन इस बात को अच्छी तरह समझता है। इसलिए उसने दोस्ती में ही भलाई समझी और शांति पर उतर आया।

# क्या खेल में जीतना ही सब कुछ है ?



प्रियंका सौरभ

असहिष्णुता से तात्पर्य किसी ऐसे परिणाम या परिणाम को स्वीकार करने में असमर्थता से है जो उसकी अपेक्षाओं से अलग है। एशिया कप के दौरान खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों द्वारा तोड़फोड़ और नस्लीय और धार्मिक दुर्व्यवहार द्वारा खिलाड़ियों को निशाना बनाने के मामले बेहद चिंताजनक है। आमतौर पर क्रिकेट और फुटबॉल मैचों के दौरान सोशल मीडिया पर ऐसे मामले देखे जाते हैं। क्रोध और असहिष्णुता नकारात्मक भावनाएं हैं जो प्रतिकूल उत्तेजना या किसी खतरे के जवाब में विकसित होती हैं। जैसा कि गांधीजी ने कहा, क्रोध और असहिष्णुता सही समझ के दुश्मन हैं, क्रोध पर नियंत्रण रखना चाहिए और सहनशील होना चाहिए। सही समझ दूसरों की भावनाओं और विचारों की सराहना करने या उन्हें साझा करने का एक स्वभाव है। क्रोध और असहिष्णुता सही समझ की ऐसी क्षमता को कम कर देते हैं क्योंकि ये व्यक्ति को पक्षपाती और तर्कहीन बना देते हैं। खेल मुख्य रूप से एक प्रतिस्पर्धी गतिविधि है जहां जीतना ही सब कुछ है और सभी का अंत है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? शायद इसीलिए, इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी खेल के माहौल में, हम अक्सर अनैतिक व्यवहार के बारे में सुनते हैं जिसमें धोखाधड़ी, नियमों को झुकाना, डोपिंग, खाद्य पदार्थों का दुरुपयोग, शारीरिक और मौखिक हिंसा, उत्पीड़न, यौन शोषण और युवा खिलाड़ियों की तस्करी, भेदभाव शामिल हैं। शोषण, असमान अवसर, अनैतिक खेल व्यवहार, अनुचित साधन, अत्यधिक व्यावसायीकरण, खेलों में नशीली दवाओं का उपयोग और भ्रष्टाचार। ये कुछ उदाहरण हैं कि खेल में क्या गलत हो सकता है। इनका एक ही कारण नहीं है, समस्या का एक हिस्सा यह है कि लोग निर्णय लेते समय नैतिकता की उपेक्षा करते हैं। इस संदर्भ में नैतिकता का महत्वपूर्ण स्थान है। बढ़ते दुर्व्यवहार और असहिष्णुता के लिए एक ही कारण को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, सामाजिक जागरूकता की कमी और खेल भावना की समझ में कमी, बढ़ती असहिष्णुता और नफरत इसके पीछे मुख्य कारण है। जब खेल को दो विरोधियों के बीच प्रतिद्वंद्विता के रूप में देखा जाता है, तो राष्ट्रवाद और धार्मिकता की मजबूत धारणा व्यक्तियों को धार्मिक दुर्व्यवहार के लिए प्रेरित कर सकती है। उदाहरण के लिए, भारत और पाकिस्तान क्रिकेट मैच का परिणाम अक्सर दोनों ओर से गाली-गलौज को आकर्षित करता है। हार को खेल के अंग के रूप में स्वीकार करने के लिए धैर्य और नैतिक शक्ति के गुणों का होना बहुत जरूरी है।

हर संभव विकल्प का उपयोग करके जीतने के लिए तत्काल संतुष्टि और हताशा गलत परिणाम लाती है और खेल भावना को कलंकित करती है। खेले गए मैचों के परिणाम और परिणाम खेल और खिलाड़ियों के समग्र विकास के साधन के बजाय अपने आप में एक अंत बन गए हैं। सोशल मीडिया की व्यापक पहुंच ने लोगों के बुरे पक्ष को पनपने के लिए सही जमीन बनाने के लिए जनता को एक गुमनाम आवाज दी है।

# बोलियों व भाषा का फर्क



रघु ठाकुर

फिर से एक बार देष में हिन्दी विरोधी अभियान षुरु हुआ है। कुछ षै क्ष णि क संस्थाओं ने षोध कार्य के लिये अंग्रेजी की अनिवार्यता तय की है। निजी षिक्षा संस्थाओं में विषेषतः बाल षिक्षा घ्के.जीघ और प्राथमिक षिक्षा में न केवल अंग्रेजी को अनिवार्य रुप से पढ़ाया जाता है बल्कि स्कूल के अन्दर अंग्रेजी में ही बात-चीत करना अलिखित तौर पर अनिवार्य कर दिया गया है यानि षिक्षण संस्थाओं में अंग्रेजी ज्ञान के साथ-साथ अंग्रेज भी तैयार किये जा रहे है। बच्चों के स्कूल के अन्दर हिन्दी बोलने पर दण्डित व अपमानित किया जाता है। इन षिक्षण संस्थाओं में हिन्दी बोलना असभ्यता का पर्याय माना जाता है। अंगे्रजी माध्यम में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता भी गर्व के साथ बताते है कि उनका बच्चा अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ रहा है और वे भी बच्चों से दैनिक जीवन में अंग्रेजी में बातचीत का प्रयास करते है। कुछ अंग्रेजी पढ़े मॉ-बाप तो हिंग्लिष का प्रयोग करते है। यानि कुछ षब्द हिन्दी कुछ अंगे्रजी। रेल यात्रा में अकसर इस हिग्लिंष का प्रयोग सुनता हूॅ। जहॉ माता-पिता बच्चे से कहते है बेटे पहना दूॅ आदि। और फिर कुछ षान के साथ बताते कि मेरा बेटा तो अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय मे पढ़ता है। नौजवान जो अंग्रेजी स्कूल में पढ़े लिखे व अंग्रेजी के उच्चारण को कुछ इस प्रकार से अटक-अटक कर करते है जिस प्रकार यूरोप या अमेरिकी लोग करते है। यानि भाषा और उच्चारण दोनो में नकल है। स्थिति यहॉ तक पहॅुची है कि महानगरों में अंग्रेजी के अमेरिकी, एंव ब्रिटिष उच्चारणों के तरीको को भी सिखाने वाली संस्थायें षुरु हो गई है। इन देषों में नौकरी के लिये जाने वाले या नौकरी तलाषने वाले नौजवान इस अटकउल अंग्रेजी सीखने पर पैसा भी खर्च करते है और गौरवान्वित होते है। पिछला हिन्दी सम्मेलन म.प्र. की राजधानी भोपाल में हुआ था। जिसका उद्घाटन करने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आये थे। इस सम्मेलन में काफी सरकारी पैसा भी खर्च हुआ था। भले ही यह विष्व हिन्दी सम्मेलन संकीर्ण मानसिकताओं की वजह से भा.ज.पा सत्तापक्षी हिन्दी सम्मेलन या सरकारी सम्मेलन जैसा बन गया था, तथा गॉधी से लेकर गॉव तक इस सम्मेलन में उपेक्षित थे। फिर भी यह उम्मीद लोगों के मन में थी कि इस सम्मेलन के बाद सरकार हिन्दी व राष्ट्घभाषा के लिये कुछ करेगी। परन्तु सदा की तरह लोगो को निराषा ही हाथ लगी। और सरकारी तंत्र में हिन्दी का स्थान बढ़ने के बजाय कम ही होता गया। अगर सरकार ने थोड़ा भी प्रयास किया होता तो कम से कम सरकारी सूचनाओं में तथा सूचना तकनीक में हिन्दी का स्थान बन सकता था। परन्तु पिछले लगभग 06 वर्षो में जितनी भी सरकारी योजनाओं की चर्चा हुई है उनके तो नाम तक हिन्दी में नही है। वे चाहे इन इंडिया हो, कैषलेष, डिजिटिलाईजेषन हो इत्यादि-इत्यादि। न्यायपालिका में भी अगर सरकार ने पहले चरण में अंग्रेजी के साथ हिन्दी भाषा की अनिवार्यता को लागू कर दिया होता तो भी हिन्दी का मार्ग प्रषस्त होता तथा व्यक्ति अपनी इच्छा से अपनी भाषा का चयन कर सकता था। देष के अंग्रेजी समर्थकों ने संभव है कि वैष्वीकरण की ताकतों और कारपोरेट के इषारों पर हिन्दी के खिलाफ अंग्रेजी के पक्ष में सुनियोजित अभियान चलाया है। कांग्रेस पार्टी के तिरुवन्तपुरम के सांसद व पूर्व मंत्री श्री षषि थरुर जो देष में सुंनदा पुष्कर कांडघ से ज्यादा चर्चित है, ने हिन्दी के विरुद्व एक नई बहस एक लेख के माध्यम से षुरु की थी उन्होंने अपने लेख में चार बिन्दु उठाये है। हिन्दी भाषा जाति का रुप ले रही है और हिन्दी जाति बन रही है। राष्ट्घ भाषा या हिन्दी की चर्चा करना, यह हिन्दी के द्वारा दूसरी भाषाओं का दमन करना है।

हिन्दी देष के मात्र 50 प्रतिषत की भाषा है वह भी तब जब 4ः बोलियॉ को जैसे कि भोजपुरी, मगधी, बुंदेली आदि को इसमें षामिल माना जाये। हिन्दी बोलियों को पीछे कर रही है। तमिलनाडु या कलकत्ता में कोई हिन्दी बोलने वाला या समझने वाला नही है । तथा हिन्दी को राष्ट्घ भाषा बनाने से एक नई भाषा का बोझ बढ़ेगा। एक राज्य दूसरे राज्य के लिये अगर अपनी भाषा में पत्र लिखेगा तो वह दूसरे राज्य के लिय कठिन होगा। उन्होंने तमिलनाडु के द्वारा उड़ीसा राज्य को पत्र लिखने तथा स्व.ज्योति बसु के द्वारा प.बंगाल की ओर से तत्कालीन रक्षामंत्री श्री मुलायम सिंह यादव को बंगला भाषा में पत्र लिखने का उल्लेख किया है। **उनके निराकरण के लिये निम्न पर ध्यान देना जरुरी है :-**घ्अ.घ् हिन्दी किसी एक प्रदेष की भाषा नही है और न जाति की बल्कि आज भी हिन्दी देष के बड़े इलाके में बोली जाती है। यहाघ् तक कि गुजरात, महाराष्ट्घ, जैसे गैर हिन्दी भाषी प्रदेषों में भी। अगर जाति की भाषा होती हो तो समूचे यूरोप की भाषा अंग्रेजी होती, परंतु फांस, जर्मनी, तुर्की, स्पेन आदि कितने ही देषों की भाषा अंग्रेजी नही है वरन उनकी अपनी क्षेत्रीय भाषायें है और वे उन देषों की बड़ी आबादी के द्वारा बोली व समझी जाने वाली भाषायें हैं। श्री थरुर को क्या इतना भी ज्ञान नही है कि भाषा जातियों की नही होती बल्कि क्षेत्रों की होती है। गुरुवर रविन्द्र नाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने भी हिन्दी को राष्ट्घ भाषा बनाने का समर्थन किया था। बंगला भाषा का अधिकांष साहित्य हिन्दी में अनुवादित भी है और पढ़ा जाता है। बंगाल के काफी बड़ी संख्या में लोग छत्तीसगढ़, बिहार, उ.प्र. के इलाकों में और विषेषतः बनारस, इलाहावाद आदि में भी बसे है। आजादी के बाद राजधानी दिल्ली में बड़ी संख्या में बंगाली परिवार आ कर बसे है। ये सब हिन्दी समझते है और हिन्दी में बात करते है। महात्मा गांधी ने जो स्वतः गुजराती भाषी थे, हिन्दी को राष्ट्घ भाषा बनाने का प्रस्ताव किया था, क्योंकि हिन्दी एक बड़ी आबादी व क्षेत्र की बोली और समझी जाने वाली भाषा तब भी थी और अब भी है। घ्ब.घ् दुनिया में सभी जगह क्षेत्रीय भाषायें तो होती है परन्तु एक राष्ट्घ भाषा भी होती है जो समूचे देष के लिए होती है। रुस, चीन, ब्रिटेन, अमेरिका, आदि कितने ही उदाहरण दिये जा सकते है। हिन्दी को राष्ट्घ भाषा बनाने की मॉग करने से दूसरी भाषाओं का दमन कैसे होता है? अंग्रेजी कोई तमिलनाडु, केरल, या दक्षिण के प्रदेषो की क्षेत्रीय भाषा नही है बल्कि अंग्रेजी यहॉ ब्रिटिष हुकुमत के बाद ही आई।

# दादा-दादी की भव्यता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है



डॉ सत्यवान सौरभ

दादा-दादी अपने पोते-पोतियों के लिए वरदान हैं। वे अपने साथ वर्षों का अनुभव लेकर आते हैं जो उन्हें महत्वपूर्ण निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद करता है। दादा-दादी भी परिवार में ढेर सारी जोड़ते हैं, खासकर पारिवारिक समारोहों और विशेष अवसरों के दौरान। वे आज के परिवारों के बदलते चलन के साथ भी खूबसूरती से फिट बैठते हैं। अपने दादा-दादी के साथ रहने वाले किसी भी बच्चे से पूछें और वे आपको बतायंगे कि उसे अपने दादा और दादी के साथ दोस्ती करने में कितना मज़ा आता है। दादा-दादी की एक भव्यता होती है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। वे निश्चित रूप से पिता की परवरिश की तुलना में अधिक खुशी देते हैं। हालाँकि, दादा-दादी की शैलियाँ परिवार से परिवार, संस्कृति से संस्कृति और राष्ट्र से राष्ट्र में भिन्न होती हैं। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में दादा-दादी की भूमिका महत्वपूर्ण से कम नहीं है। एक बच्चे की बढ़ती अवस्था महत्वपूर्ण होती है। यह तब होता है जब वह जीवन के सार के बारे में सीखता है।

अक्सर इस व्यस्त दुनिया में माता-पिता अपने बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम नहीं बिता पाते हैं। हालाँकि, बच्चे अपने दादा-दादी की उपस्थिति में नैतिकता और जीवन के मूल मूल्यों को सीखना शुरू करते हैं। अपने दादा-दादी के साथ बातचीत से आप दुनिया का पता लगा सकते हैं। आप उनके जीवन को करीब से देखने को मिलते हैं। जब आप अपने दादा-दादी के करीब होते हैं तो आप साझा करने और देखभाल करने की आदतें पैदा करते हैं। आपके माता-पिता आपको डांट सकते हैं, लेकिन आपके दादा-दादी ऐसा कभी नहीं करेंगे। वे जीवन भर आपके सबसे बड़े समर्थक हैं। आजकल, एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति के साथ, दादा-दादी आमतौर पर परिवार के साथ नहीं रहते हैं और कभी-कभार इलाज करने के लिए जाते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि अपने बच्चों को पालने में माता-पिता को सलाह देने या सलाह देने में बड़ी मात्रा में निवेश करें। वे वास्तव में पोते-पोतियों के साथ मस्ती के समय की तलाश कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर अपने सुरक्षित आश्रय में रहते हैं। वे अधिक आराम से हैं और पोते-पोतियों की जिम्मेदारी लेने के बजाय, वे उनके समर्थक और दोस्त के रूप में कार्य करते हैं। फिर भी, उनके पास हमेशा बिना शर्त प्यार, देखभाल और स्नेह होता है, चाहे वे कितनी भी दूर क्यों न हों। दादा-दादी पारिवारिक जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो पूरे परिवार को छाया देने वाले पेड़ के रूप में कार्य करते हैं। परिवार के बड़े सदस्य परिवार के सभी कर्तव्यों का वहन करते हैं। वे पूरे परिवार को अपना अविभाजित ध्यान और चिंता देते हैं। आपके दादा-दादी का आपके साथ होना सौभाग्य की बात है। हमारे दादा-दादी ने हमारे माता-पिता के जीवन को आकार दिया है, और हम उनके बिना जीवन के बारे में उतना नहीं जान पाते। यद्यपि वे योग्य शिक्षक नहीं हैं, वे हमें दैनिक आधार पर जीवन के बारे में पढ़ाते हैं। वे हमें विभिन्न कहानियां सुनाते हैं, जिनमें से प्रत्येक का अंत एक सुंदर नैतिकता के साथ होता है। कहानियाँ काल्पनिक हो सकती हैं, लेकिन वे जीवन को वैसे ही चित्रित करती हैं जैसे वह है। दादा-दादी बच्चों के सबसे अच्छे दोस्त होते हैं, जिनके साथ वे अपने रहस्यों को खुलकर साझा कर सकते हैं। दादा-दादी भगवान का एक उपहार है जिसे हमें संजोना चाहिए। हम आज की दुनिया में अपने दादा-दादी के मूल्य को भूल गए हैं क्योंकि हम सभी को एकल परिवारों की जरूरत है। हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि वे ईश्वर के अमूल्य उपहार हैं जो हमें दूसरों का सम्मान करना और भविष्य में एक सभ्य जीवन जीना सिखाते हैं। दादा-दादी जिम्मेदार व्यक्ति होते हैं जो हमें भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनना सिखाते हैं। हमारे जीवन में उनकी उपस्थिति के बिना, जीवन उतना शांत नहीं होता। वे हमारे निर्णय लेने वाले हैं, जिनके बिना हमें कभी भी सर्वोत्तम विकल्प बनाने का अवसर नहीं मिलता। उनके पालन-पोषण के कारण ही हम अभी सही रास्ते पर हैं। दादा-दादी हमें गलतियाँ करना और सही दिशा में इशारा करना सिखा सकते हैं। इस प्रकार दादा-दादी एक परिवार के सबसे महत्वपूर्ण सदस्य होते हैं, जिनके बिना हमारा जीवन भयानक होता। इसलिए हमें अपने जीवन में उनके महत्व को महत्व देना चाहिए। जब वे बूढ़े हो जाते हैं, तो यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी उचित देखभाल करें और उनके साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिताएं।

# आई डोंट नो हिंडी



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

मैं हैदराबाद एयरपोर्ट पर अपनी फ्लाइट का इंतजार कर रहा था। फ्लाइट थी दो घंटे लेट। आखिरकार दो घंटे बाद फ्लाइट आ ही गई। चेकिन करने का समय आया तो मेरे आगे एक मैडम खड़ी थीं। मैडम की पाश्चात्य संस्कृति की ब्रैंड अंबासिडर दिख रही थी। ऊपर से भारी-भरकम अंग्रेजी शब्दों का लाग लपेट। जब तक खड़ी रही तब तक किसी से फोन पर अंग्रेजी झाड़े जा रही थीं। मैं ठहरा पक्का हैदराबादी। वह भी पुराने शहर का। उसमें भी मोगलपुरे का। देश की पूरी लाली मेरे मुँह में दिखती थी। होगी भी क्यों न! साहब पान जो खाता था मैं। वह तो एयरपोर्ट का तामझाम देखकर किसी तरह अपने मुँह पर ताला लगाए बैठे था। अगर बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन होता तो अब तक वो हालत करता कि लाली तेरे लाल की जित देखो तित लाल की तर्ज पर सारा वातावरण लाली से भर देता। बहरहाल चेकिन चल रही थी। टाइट सेक्युरिटी के बीच सबकी जमकर तलाशी ली जा रही थी। मैं अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहा था। चेकिन करने वाले सीआईएसएफ कांस्टेबल ने मेरे आगे खड़ी मैडम से हिंदी में कुछ पूछा। इस पर मैडम ऐसी भड़की मानो कोई उनसे पर्स छीन लिया हो। मैडम को न जाने क्या हुआ पता नहीं। फर्राटेदार अंग्रेजी में जोर-जोर से बड़बड़ाने और चिल्लाने लगीं- "हाव डेर यू टु आस्क मी इन हिंडी", ""आई विल कंप्लेन अंगेस्ट यू।", "आई विल फायर यू फ्रॉम जॉब", "यू सेंसलेस पिपुल।।" अब मैं ठहरा अंग्रेजी में गुड़गोबर। मुझे न मैडम की बात समझ में आ रही थी और न ही मामला। मैं अपने बाल नोंचने लगा। मुझसे रहा नहीं गया। मैं पास में खड़े सेक्युरिटी वाले से पूछ बैठा – "भाई साहब! यह मैडम इतना क्यों चिल्ला रही हैं? वैसे हुआ क्या है?" सेक्युरिटी गार्ड ने मुझसे कहा - "वह हुआ यूँ कि सीआईएसएफ कांस्टेबल ने मैडम से हिंदी में कुछ पूछ लिया। मैडम ने कहा- "आई डोन्ट नो हिंडी। प्लीज़ आस्क मी इन इंग्लिश।" इस पर कांस्टेबल ने पूछा- "क्या आप भारतीय हैं?" इतना सुनना था कि मैडम का गुस्सा सातवें आसमान पर। मैडम को लगा कि उनकी भारतीयता को अपमानित किया गया है। इसीलिए मैडम इतनी गुस्से में बड़बड़ा रही हैं।" इस पर मैंने कहा - "अरे साहब! क्या जमाना आ गया देखिए। इत्ती-इत्ती बातों के लिए ऐसे भला कौन करता है। देखने वाले को भी कितना खराब लगता होगा। उस कांस्टेबल ने हिंदी में क्या पूछ लिया मैडम ऐसी भड़की जैसे कोई बड़ा अपराध हो गया। अब आप ही बताइए साहब! हिंदी किधर नहीं है? एयरपोर्ट पर हर चीज़ पहले हिंदी में लिखा में होता है उसके बाद अंग्रेजी में।

# घर पर ही श्राद्ध करने की आसान विधि

## कब, कहां और कौन कर सकता है श्राद्ध





आज से पितृ शुरू हो गया है। जो कि 25 सितंबर तक रहेगा। इस दौरान तिथियों की घट-बढ़ के चलते 12 तारीख को दूसरा और तीसरा दोनों श्राद्ध किया जाएगा। इस तरह कुल 16 दिनों का पितृ पक्ष रहेगा। इन दिनों में पितरों का तर्पण और विशेष तिथि को श्राद्ध करना जरूरी होता है। इन दिनों में पितरों के नाम से श्राद्ध, पिंडदान और ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है।

अपने पितरों को तृप्त करने और देवताओं, ऋषियों या पितरों को काले तिल मिला हुआ जल चढ़ाने की प्रक्रिया को तर्पण कहते हैं। वहीं, पितरों को तृप्त करने के लिए पिंडदान और ब्राह्मण भोजन करवाया जाता है। इन तीनों को श्राद्ध कहते हैं। श्राद्ध पवित्र नदियों के किनारे या गया तीर्थ में करने का विधान है। न कर पाएं तो घर में एकांत में या किसी गौशाला में जाकर भी किया जा सकता है।

**ऐसे करें श्राद्ध**

1. घर पर ही श्राद्ध करने के लिए श्राद्ध वाली तिथि पर सूर्योदय से पहले उठकर नहाएं।
2. साफ कपड़े पहनकर पितरों की तृप्ति के लिए श्राद्ध और दान का संकल्प लें। श्राद्ध होने तक कुछ न खाएं।
3. दिन के आठवें मुहूर्त यानी कुतुप काल में श्राद्ध करें। जो कि 11.36 से 12.24 तक होता है।
4. दक्षिण दिशा में मुंह रखकर बाएं पैर को मोड़कर, घुटने को जमीन पर टीका कर बैठ जाएं।
5. तांबे के चौड़े बर्तन में जौ, तिल, चावल गाय का कच्चा दूध, गंगाजल, सफेद फूल और पानी डालें।
6. हाथ में कुशा घास रखें और उस जल को हाथों में भरकर सीधे हाथ के अंगूठे से उसी बर्तन में गिराएं। इस तरह 11 बार करते हुए पितरों का ध्यान करें।
7. पितरों के लिए अग्नि में खीर अर्पण करें। इसके बाद पंचबलि यानी देवता, गाय, कुत्ते, कौए और चींटी के लिए अलग से भोजन निकाल लें।
8. ब्राह्मण भोजन करवाएं और श्रद्धा के अनुसार दक्षिणा और अन्य चीजों का दान करें।

**इन बातों का रखें ध्यान**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितर लोक दक्षिण दिशा में होता है। इस वजह से पूरा श्राद्ध कर्म करते समय दक्षिण दिशा की ओर मुंह होना चाहिए। पितृ तिथि के पर सुबह या शाम में श्राद्ध न करें।

ग्रंथों में इसकी मनाही है। श्राद्ध कर्म हमेशा दोपहर में करना चाहिए।

तर्पण में दूध, तिल, कुशा, फूल और जल से पितरों को तृप्त किया जाता है। जल के तर्पण से, पितरों की प्यास बुझती है वरना पितृ प्यासे रहते हैं। इसलिए श्राद्ध के दिनों में जरूरी चीजें न भी जुटा पाएं तो कम से कम जल से तो तर्पण जरूर करना चाहिए।

पिता का श्राद्ध बेटा करता है। एक से ज्यादा पुत्र हो तो बड़े बेटे को ही श्राद्ध करना चाहिए। बेटे के न होने पर, पत्नी को श्राद्ध करना चाहिए। पत्नी न हो तो सगा भाई श्राद्ध कर सकता है। ब्राह्मणों को भोजन करवाने और पिंड दान करने से, पितरों को भोजन मिलता है। वस्त्रदान से पितरों तक कपड़े पहुंचाए जाते हैं। पूर्वजों का तर्पण, हर पूर्णिमा और अमावस्या पर करना चाहिए।

# पितृ पक्ष में कुछ खरीदने का है मन, घबराएं नहीं

## इन तारीखों पर जमकर कर सकते हैं खरीदारी





**इन तिथियों पर खरीदारी**

**11, 13, 17, 24, 25 सितंबर को सर्वार्थ सिद्धि योग है। इन तिथियों को काफी शुभ माना जाता है। इन दिनों आप टेंशन फ्री होकर खरीदारी कर सकते हैं। 13 सितंबर 2022 को वृद्धि योग भी है। वहीं, 13 और 17 सितंबर 2022 को अमृत सिद्धि योग भी है। 16 सितंबर को रवियोग है। ऐसे में अगर आपका शॉपिंग करने का मन है तो खदीदारी कर सकते हैं।**



आश्विन मास कृष्णपक्ष की प्रतिपदा से अमावस्या तक 15 दिनों के लिए पितृगण अपने वंशजों के यहां धरती पर अवतरित होते हैं और आश्विन अमावस्या की शाम समस्त पितृगणों की वापसी उनके गंतव्य की ओर होने लगती है। इस अवधि को पितृ पक्ष कहा जाता है। इस दौरान पितरों की इच्छापूर्ति और उनका श्राद्ध कर पितृ दोष को दूर किया जा सकता है। हालांकि, मान्यता है कि इस दौरान किसी भी तरह की खरीदारी नहीं करनी चाहिए। ऐसे में लोग इस दौरान खरीदारी करने से बचते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि क्या ये महज मिथ है या फिर कौन से ऐसे दिन हैं, जब खरीदारी की जा सकती है।

**पितर होते हैं नाराज?**

पितृ पक्ष के दौरान कुछ कार्यों को करने की मनाही है। ऐसी मान्यता है कि इस दौरान भौतिक चीजों की खरीदारी नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से पितर नाराज होते हैं। हालांकि, शास्त्रों में कहीं ऐसा जिक्र नहीं है कि खरीदारी नहीं करनी चाहिए।

**परिवार में न करें लड़ाई-झगड़ा**

पितृ पक्ष के दौरान आप खरीदारी कर सकते हैं, लेकिन कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे पितर नाराज हों। जैसे इस दौरान खुद खुश करें। किसी तरह का टेंशन न लें। परिवार के साथ अच्छे से व्यवहार करें। घर में लड़ाई-झगड़ा न करें। परिवार में किसी तरह का कलेश न हो। इससे पितर प्रसन्न होते हैं।

**कंपनियां देती हैं ऑफर**

पितृ पक्ष में बिजनेस को बढ़ाने के लिए कंपनियां भी इस दौरान कई तरह के ऑफर लाती हैं। ऐसे में इन ऑफर्स का लाभ उठाना चाहते हैं तो आप बेझिझक खरीदारी कर सकते हैं। इसके लिए कुछ शुभ तारीखें हैं, इनमें खरीदारी करने से कोई नुकसान नहीं होता है।

# कर्ज में डुबो देते हैं घर में लगे ये पौधे

वास्तु जानकारों के अनुसार घर में रखी हर चीज व्यक्ति के जीवन पर अपना प्रभाव डालती है। इसलिए किसी भी चीज को अगर सही दिशा और सही जगह पर रखा जाए, तो लाभकारी होता है। वास्तु शास्त्र में ऐसे ही कुछ पौधों के बारे में बताया गया है, जिन्हें घर में लगाने की सख्त मनाही होती है। लेकिन कई बार लोग ज्यादा जानकारी न होने के अभाव में घर में कोई भी पौधा लगा लेते हैं। अनजाने में लगाए गए ये पौधे आपकी बर्बादी का कारण बन सकते हैं।



वास्तु जानकारों के अनुसार घर में लगे कुछ अशुभ पौधे व्यक्ति में तनाव पैदा करते हैं, कर्ज में डुबो देते हैं या फिर दुर्भाग्य का कारण बनते हैं। ऐसे में व्यक्ति धीरे-धीरे पतन की ओर जाने लगता है। ऐसे में वास्तु के कुछ नियमों को ध्यान रखना बेहद जरूरी है। कुछ पौधे घर में नकारात्मक ऊर्जा लाते हैं। व्यक्ति की तरक्की में बाधा उत्पन्न करते हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही पौधों के बारे में।

**कांटेदार पौधे लगाने से बचें**

वास्तु शास्त्र में घर के अंदर और आसपास की जगहों पर कांटेदार पौधे लगाने से मना किया गया है। ऐसा माना जाता है कि इस तरह के पौधे घर में तनाव का माहौल पैदा करते हैं। इतना ही नहीं, आसपास लोगों के साथ भी आपसी मतभेद बढ़ने लगता है। ऐसे में कैक्टस आदि के पौधों को घर में लगाने से परहेज करना ही बेहतर रहता है।

**नकारात्मकता का बनते हैं कारण**

वास्तु जानकारों के अनुसार घर में लगे पौधों से नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। ऐसे में परिवार की सुख-शांति भंग हो जाती है। व्यक्ति की तरक्की में बाधाएं उत्पन्न होने लगती हैं। ऐसे में वास्तु में बेरी का पौधा लगाने की भी मनाही है। ये नकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इसे घर में लगाने से घर की खुशियां कम होने लगती हैं। इससे घर में दरिद्रता आती है।

**बढ़ने लगते हैं कर्ज**

वास्तु के अनुसार घर के आंगन में खजूर का पेड़ लगाना अशुभ माना जाता है। कई बार लोग घर के आंगन में ये पेड़ इसलिए भी लगा लेते हैं कि ये देखने में बेहद सुंदर लगता है। लेकिन इसे लगाने से कर्ज बढ़ता है। इतना ही नहीं, इसके प्रभाव से खर्चे बढ़ते हैं और पैसा हाथ में नहीं टिक पाता।

**इमली का पेड़ न लगाएं**

वास्तु जानकारों का कहना है कि इमली का पेड़ घर में नकारात्मकता लाता है। इसे लगाने से घर में भय का माहौल बना रहता है। इसलिए घर में इसे लगाने से भी परेहज करें। कहते हैं कि इमली का पौधा घर में लगाने से परिवार के सदस्यों के बीच रिश्तों में भी खटास आ जाती है।

# 10 सितंबर से 2 अक्टूबर तक टेढ़ा रहेगा बुध, कुंभ सहित पांच राशियों को जॉब और बिजनेस में मिलेगा फायदा

अभी बुध कन्या राशि में है और 26 अक्टूबर तक इसी में रहेगा। ज्योतिष में बुध को वाणी, बुद्धि, बिजनेस और लेन-देन का कारक ग्रह माना जाता है। बुध अपनी उच्च राशि में 8 सितंबर को अस्त हो गया है। अब 10 तारीख को वक्री भी हो जाएगा। इसके बाद 2 अक्टूबर को सीधी चाल से चलेगा, यानी मार्गी हो जाएगा। इस तरह बुध की स्थिति में लगातार बदलाव होता रहेगा। ऐसे में बुध के इस वक्री गति से गोचर करने का असर सभी राशियों पर पड़ेगा।

बुध का वक्री होना काफी महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि बुध संचार व्यवस्था, वाणी, कम्युनिकेशन, लेखन, गणित तथा तार्किक कार्यों का संचालन करता है। बुध के वक्री हो जाने से बात का बतंगड़ बन जाता है। लड़ाई झगड़े, विवाद तथा गलतफ़हमियां भी बुध की वजह से पैदा होती हैं। जो लोग दिमाग का प्रयोग अधिक करते हैं उन्हें समस्या आती है और निर्णय लेने में परेशानी भी होती है। वक्री बुध केवल अशुभ ही नहीं बल्कि शुभ फल भी देता है। वक्री बुध के असर से बिजनेस में फायदा और धन लाभ होता है। इनकम सोर्स बढ़ते हैं। विवादों में विजय मिलती है।

**अस्त बुध के वक्री होने से आपकी राशि के लिए कुछ ऐसा रहेगा समय**

**शुभ: मेष, सिंह, वृश्चिक, धनु और कुंभ**

कन्या राशि में बुध के वक्री होने से मेष, सिंह, वृश्चिक,




धनु और कुंभ राशि वाले लोगों के लिए अच्छा समय रहेगा। इन राशियों के लोगों को जॉब और बिजनेस में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। रुका हुआ पैसा मिलने के भी योग बन रहे हैं। लेन-देन और निवेश में फायदा हो सकता है। इसके अलावा इन राशियों के लोग बड़े कामकाज की योजनाएं बनाएंगे। इन लोगों की तर्क शक्ति भी बढ़ेगी।

**अशुभ : वृष, मिथुन और तुला राशि**

बुध की चाल में बदलाव होने से वृष, मिथुन और तुला राशि वाले लोगों को संभलकर रहना होगा। इन तीन राशियों के लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। सेविंग खत्म होने और निवेश में नुकसान होने की आशंका है। लेन-देन में भी सावधानी रखनी होगी। किस्मत का साथ नहीं मिल पाएगा। नसों से संबंधी रोग हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के कामकाज में बदलाव और स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**सामान्य : कर्क, कन्या, मकर और मीन राशि**

बुध की चाल बदलने से कर्क, कन्या, मकर और मीन राशि वाले लोगों के लिए समय सामान्य रहेगा। इन चार राशि वाले लोगों के सोचे हुए काम पूरे हो सकते हैं। कामकाज को लेकर नए और बड़े लोगों से मुलाकात हो सकती है। रोजमर्रा के कामों में मेहनत भी ज्यादा करनी पड़ेगी। दौड़-भाग बनी रहेगी। साथ ही लेन-देन और निवेश सोच-समझकर करना होगा। सेहत के मामलों में इन राशि वालों को संभलकर रहना होगा।

# इन रंगों में रंगवा लें मकान की दीवारें

## मां लक्ष्मी का घर में हो जाएगा स्थाई वास



अपनी पसंद का घर बनवाना हर किसी के जीवन की बड़ी चाहत होती है। इसके लिए वह उसकी दीवारों पर तरह-तरह के रंग-रोगन भी करवाता है। कहा जाता कि वास्तु के मुताबिक घर पर रंग करवाने से उसमें सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है और परिवार में खुशहाली आती है। अगर आप भी नया घर बनवा रहे हैं या पुराने घर पर रंग-रोगन का प्लान कर रहे हैं तो आपके लिए किस तरह का रंग करवाना उचित रहेगा।

**आसमानी नीले रंग से करें पेंट**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में कमरों के रंग के लिए हल्के नीले रंग को सही माना गया है। आप मकान की पश्चिम दिशा की दीवार पर भी यह रंग करवा सकते हैं। ध्यान रखें, नीले गाढ़े रंग का इस्तेमाल न करें बल्कि यह आसमानी नीला रंग हो।

घर के उत्तरी हिस्से को जल से संबंधित माना जाता है। कहा जाता है कि अगर आप उत्तरी दिशा की दीवारों पर वास्तु अनुसार पिस्ता या हरे रंग का पेंट करवाते हैं तो इससे मां लक्ष्मी बहुत प्रसन्न होती हैं और परिवार पर धन-दौलत की बरसात करती हैं।

**घर के बेडरूम में करवाएं गुलाबी रंग**

अगर घर के बेडरूम की बात की जाए तो उसमें आप गुलाबी और आसमानी नीले रंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये दोनों रंग सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बढ़ावा देते हैं और घर में रौनक रहती है।

वास्तु के मुताबिक घर की दक्षिण-पूर्व दिशा की दीवार पर पीले, गुलाबी या केसरिया रंग से पेंट करवाना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि यह दिशा अग्नि से संबंधित होती है। इसलिए इस दिशा में अग्नि से जुड़े रंगों का ही पेंट करवाया जाना चाहिए।

**घर के मंदिर में हल्का पीला रंग होता है शुभ**

घर के मंदिर में हल्के गुलाबी रंग, हल्के पीले, सफेद या आसमानी नीले रंग करवाना बेहतर माना गया है। वहीं मकान की छत के लिए सफेद सबसे अच्छा माना गया है।

# असम की शॉर्ट फिल्म ऑस्कर रेस में हुई शामिल

## कॉलेज प्रोजेक्ट में तैयार की गई थी 15 मिनट की फिल्म, फिक्शन कैटेगरी में हुई नॉमिनेट



**एक स्टूडेंट प्रोजेक्ट** में बनी शॉर्ट फिल्म का ऑस्कर की रेस में क्वालीफाई करना किसी सपने से कम नहीं होता है। कुछ ऐसा महर्षि तुहिन कश्यप के साथ भी हुआ है, जिनकी शॉर्ट फिल्म ऑस्कर 2023 की रेस में नॉमिनेट की गई है। दरअसल महर्षि तुहिन ने सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट के लिए एक स्टूडेंट प्रोजेक्ट तैयार किया था। इस फिल्म का नाम 'मुर घुरार दुरोंतो गोति' है, जो कि असम भाषा में बनाई गई है। हाल ही में इस फिल्म को बेंगलुरु इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म का अवार्ड मिला था। फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड जीतने के बाद यह शॉर्ट फिल्म, अब ऑस्कर की रेस के लिए तैयार है।

### कौन हैं तुहिन कश्यप?

महर्षि तुहिन कश्यप गुवाहाटी के रहने वाले हैं, जिन्होंने सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट से ग्रेजुएशन किया है। इससे पहले भी तुहिन बुलू फिल्म, बोरोक्सन सॉन्ग ऑफ रेन और नॉर्थ ईस्ट में पानी की समस्या पर भी फिल्म बना चुके हैं।

### दिलचस्प है फिल्म की कहानी है

'मुर घुरार दुरोंतो गोति' एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है,जिसे यह विश्वास होता है कि उसके पास दुनिया का सबसे तेज घोड़ा है। वो इस घोड़े के साथ दुनिया की कोई भी दौड़ जीत सकता है। लेकिन असल में उसके पास एक घोड़ा नहीं बल्कि एक गधा होता है। शॉर्ट फिल्म में ह्यूमर और लोक नृत्य का कॉम्बिनेशन देखने को मिलता है।

### छात्रों ने मिलकर तैयार की शॉर्ट फिल्म

इस फिल्म में असम के फेमस एक्टर अतुल पचानी लीड रोल में हैं। क्योंकि यह फिल्म इंस्टीट्यूट के छात्र द्वारा तैयार की गई है, इसके ज्यादातर क्रू मेंबर कॉलेज के स्टूडेंट्स ही हैं। इतना ही शॉर्ट फिल्म के ज्यादातर सीन कैंपस के अंदर शूट किए गए हैं, वहीं कई सीन कोलकाता के आउटर लोकेशन पर भी शूट किए गए हैं। बता दें कि शॉर्ट फिल्म को इससे पहले मैक्सिको सिटी के चिनेटेका नेशनल म्यूजियम और कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाया जा चुका है। अगर यह फिल्म ऑस्कर जीत जाती है, तो यह किसी सपने से कम नहीं होगा।

# कमाल राशिद खान ने की ट्विटर पर वापसी : जेल से रिहा होने के बाद ट्वीट कर लिखा- मैं अपना बदला लेने के लिए वापस आ गया हूं



एक्टर और सेल्फ-क्लेम्ड फिल्म क्रिटिक कमाल आर खान ने जेल से छूटने के बाद ट्विटर पर वापसी की है। केआरके ने ट्वीट कर लिखा कि वो अपने बदला लेने के लिए वापस आ गए हैं। दरअसल, केआरके को मुंबई पुलिस ने पुराने ट्वीट्स के लिए एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। हालांकि, इसके कुछ दिन बाद ही केआरके को बेल पर रिहा कर दिया गया था।

केआरके को 2020 में अक्षय कुमार और राम गोपाल वर्मा पर किए गए अपमानजनक ट्वीट्स के लिए गिरफ्तार किया गया था। केआरके पर 2021 में वर्सोवा पुलिस स्टेशन में छेड़छाड़ का मामला भी दर्जा किया गया था। हालांकि, कोर्ट ने दोनों ही मामलों में सुनवाई कर केआरके को जमानत दी थी। मंगलवार को छेड़छाड़ मामले में सुनवाई की गई, जिसके बाद केआरके को रिहा कर दिया गया।

केआरके ने 11 सितंबर को ट्वीट कर लिखा, 'मैं अपना बदला लेने के लिए वापस आ गया हूं।' 2020 केस में पुलिस का कहना था कि केआरके ने ट्वीट्स के जरिए बॉलीवुड हस्तियों को निशाना बनाया था। हालांकि, कमाल ने अपनी जमानत याचिका में कहा था कि उन्होंने केवल लक्ष्मी बम टाइटल वाली फिल्म पर कमेंट किया था और पुलिस के द्वारा लगाए गए आरोप जैसा उन्होंने कोई अपराध नहीं किया था। जमानत याचिका में कहा गया कि केआरके 'फिल्म इंडस्ट्री के क्रिटिक और रिपोर्टर के तौर पर काम कर रहे हैं।'

केआरके के वकील ने छेड़छाड़ मामले में जमानत याचिका में दावा किया था कि प्रैक्टिकली एफआईआर छेड़छाड़ की घटना से मेल नहीं खाती है। केआरके के वकील जय यादव ने कोर्ट के समक्ष रखा कि घटना के 18 महीने बाद दोस्त के कहने पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। छेड़छाड़ का मामला एक 27 साल की महिला ने जून 2021 में दर्ज कराया था। एफआईआर के मुताबिक, केआरके ने महिला को फिल्म में रोल देने के बहाने से घर बुलाया और उसे गलत तरीके से टच किया।

केआरके के वकील ने कहा कि जज ने 15 हजार रुपए बतौर पर्सनल बॉन्ड या नकद जमा कराकर जमानत पर रिहा हो सकता है। इसके साथ ही चार्जशीट नहीं दाखिल होने तक आरोपी को संबंधित पुलिस स्टेशन में हाजिरी लगानी है। उनको महीने के दूसरे और चोथे सोमवार को सुबह 11 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। केआरके 14 दिन की न्यायिक हिरासत के लिए ठाणे जेल में बंद थे।

# आलिया के मैटरनिटी लुक्स

## इंडियन से लेकर वेस्टर्न तक, आलिया ने प्रेग्नेंसी के दौरान सेट किया अलग स्टाइल स्टेटमेंट



ब्रह्मास्त्र एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों फिल्म के साथ अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर भी खासी चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस फिल्म के प्रमोशन के लिए जहां भी गईं वहां उनके ड्रेसिंग सेंस ने खासा तारीफें बटोरी हैं। प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट के बाद से ही एक्ट्रेस सभी की निगाहों में हैं। ऐसे में इस दौरान उनके स्टाइल को भी खासा पसंद किया जा रहा है। तो आज हम आलिया की प्रेग्नेंसी के दौरान पहनी गई बेस्ट आउटफिट्स को पिक्चर्स में जानते हैं।

व्रैप ड्रेस में आलिया : मेशकी की इस ब्राउन रैप ड्रेस में आलिया काफी सेंसेशनल लग रही थीं। इस लुक को अनीता श्रॉफ अदजानिया ने स्टाइल किया था। उन्होंने अपने बेबी बंप को बेहद ग्रेस और एलिगेंस के साथ फ्लॉन्ट किया। इस ड्रेस को आलिया ने ब्रम्हास्त्र के प्रमोशन के दौरान पहना था।

ओवरसाइज्ड ब्लैजर के साथ टेटर्ड डेनिम : इस ओवरसाइज्ड ब्लैजर को आलिया ने टेटर्ड डेनिम के साथ पेयर किया है। साथ ही हूप ईयरिंग्स ने उनके लुक को कंप्लीट किया है।

इंडियन आउटफिट के साथ झुमके का कॉम्बिनेशन : पुनीत बलाना के कलेक्शन में से एक इस ब्लैक कुर्ती को उन्होंने झुमके के साथ पहना था। माथे पर बिंदी और खुले बालों में आलिया बेहद खूबसूरत लग रही थीं।

शिमर ड्रेस के साथ रणबीर के ब्लैजर का कॉम्बिनेशन: आलिया ने इस सिक्वेंड ड्रेस के साथ रणबीर कपूर का ब्लैजर पहना है। इस ड्रेस में आलिया का लुक काफी जंच रहा है। इसके साथ उन्होंने कोई ज्वैलरी नहीं पहनी है और बालों को खुला रखा है।

वेलवेट काफ्तान ड्रेस में आलिया : इस वेलवेट ड्रेस में आलिया का लुक कमाल का लग रहा है। ड्रेस में पिंक और यलो कलर का कॉम्बिनेशन है।

# अल्लू अर्जुन बेस्ट एक्टर और पूजा हेगड़े को मिला बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड, रणवीर सिंह ने यहां भी मारी बाजी



**साउथ इंडियन** इंटरनेशनल अवाड्र्स के 10वें सीजन के लिए बीते शनिवार अवॉर्ड का ऐलान किया गया. इस समारोह में साउथ फिल्म इंडस्ट्री के तमाम सुपरस्टार्स के साथ बॉलीवुड एक्टर भी पहुंचे थे. बेंगलुरु आयोजित हुए इस अवॉर्ड शो में कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम सिनेमा की बड़ी हस्तियों को उनके काम के लिए पुरस्कार दिया गया. साउथ इंडियन इंटरनेशनल अवाड्र्स 2022 अवॉर्ड शो में अल्लू अर्जुन , कमल हासन और यश के साथ-साथ रणवीर सिंह को भी स्टेज पर अवॉर्ड लेते देखा गया. एक्ट्रेस पूजा हेगड़े के लिए ये खास रात रही क्योंकि उन्होंने कई पुरस्कार जीते. कमल ने साउथ इंडियन इंटरनेशनल अवाड्र्स 2022 में एक स्पोर्टी ब्लैक एंड व्हाइट जैकेट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. 'मोस्ट एलिजिबल बैचलर' में उनकी एक्टिंग के लिए पूजा को प्रमुख भूमिका (तेलुगु) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया. वहीं लगातार दूसरी बार, अल्लू अर्जुन को लीड एक्टर (तेलुगु) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला. इस बार उन्हें ये अवॉर्ड फिल्म 'पुष्पा-द राइज' के लिए दिया गया. इवेंट में विजय देवरकोंडा को यूथ आइकॉन साउथ (मेल) अवॉर्ड दिया गया, जबकि पूजा को यूथ आइकॉन साउथ (फीमेल) अवॉर्ड मिला.

इस अवॉर्ड इवेंट में रणवीर सिंह भी मौजूद थे. बेंगलुरु हवाई अड्डे पर देखे जाने के कुछ घंटों बाद उन्हें साउथ इंडियन इंटरनेशनल अवाड्र्स 2022 में भाग लेते देखा गया. यहां उन्हें दक्षिण भारत में सबसे लोकप्रिय हिंदी अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया. दिवंगत अभिनेता पुनीत राजकुमार ने भी मरणोपरांत यह पुरस्कार जीता. साउथ इंडियन इंटरनेशनल अवाड्र्स के एक ट्वीट में लिखा है, "जब स्वर्गीय पुनीत राजकुमार ने दुनिया को अलविदा कहा तो कन्नड़ फिल्म उद्योग ने अपने सबसे मूल्यवान सितारों में से एक को खो दिया. साउथ इंडियन इंटरनेशनल अवाड्र्स उन्हें फिल्म 'युवरत्ना' के लिए एक प्रमुख भूमिका (कन्नड़) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए उन्हें पुरस्कार देने हुए गर्व महसूस कर रहे हैं. हम युवराज की टीम को उनकी ओर से इस अवॉर्ड स्वीकार करने के लिए धन्यवाद देते हैं.'

# सलमान ने शहनाज गिल को दी बड़ी सीख पर बोलीं- उन्होंने मुझे हर सिचुएशन में आगे बढ़ना सिखाया है





शहनाज गिल जल्द ही सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में शहनाज ने सलमान के बारे में बात की है। शहनाज ने बताया कि सलमान ने उन्हें लाइफ में हमेशा आगे बढ़ते रहना सिखाया है। साथ ही शहनाज ने बताया कि सलमान उन्हें मोटिवेट करते रहते हैं।

शहनाज ने एफएम कनाडा को दिए इंटरव्यू में सलमान के बारे में बात करते हुए कहा, उनसे मैंने आगे बढ़ते रहना सीखा है। वह मुझे कहते हैं कि अगर मैं अच्छे से काम करूंगी, तो बहुत आगे जाऊंगी। वह मुझे बहुत मोटिवेट भी करते हैं। जब आप एक छोटे शहर से आकर अकेले रहते हो, तो आप बहुत आगे बढ़ते हो।

शहनाज आगे कहती हैं, इंसान को कभी भी आगे बढ़ना और सीखना बंद नहीं करना चाहिए। आप जिससे भी मिलते हैं, उससे कुछ न कुछ सीखते जरूर हैं और मैं अपने आस-पास के लोगों से बहुत कुछ सीखती हूं। उन्होंने मुझे मुसीबतों का सामना करना सिखाया है। मैं हर किसी परस्थिती को संभालने के लिए मजबूत हूं।

शहनाज को फेम बिग बॉस 13 से मिली थी, इसके बाद से एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग काफी बढ़ गई है। शहनाज बिग बॉस के दौरान सलमान खान से मिली थीं और दोनों की बॉन्डिंग को फैंस भी काफी पसंद करते थे। बिग बॉस से बाहर आने के बाद शहनाज ने कई म्यूजिक वीडियोज में काम किया है। वो आखिरी बार दिलजीत दोसांझ की फिल्म हौसला रख में भी नजर आई थीं। बता दें, शहनाज, सलमान खान की ईद पार्टी में भी पहुंची थीं। 'किसी का भाई किसी की जान' के अलावा शहनाज जल्द ही जॉन अब्राहम की अगली फिल्म '100%' में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में रितेश देशमुख और नोरा फतेही भी लीड रोल में होंगे। पिछले महीने खबरें आई थीं कि शहनाज बिग बॉस के प्रीमियर एपिसोड में सलमान खान के साथ नजर आएंगी। बिग बॉस 1 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है।

# सारा अली खान के साथ नजर आए कार्तिक आर्यन, दोनों को साथ देख फैंस हुए खुश



**मुंबई में** 10 सितंबर को ओटीटी प्ले अवॉड्र्स 2022 का आयोजन किया गया, जिसमें बॉलीवुड के कई सितारों ने शिरकत की। इसी दौरान का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें कार्तिक आर्यन-सारा अली खान एक साथ नजर आए। दोनों एक दूसरे में डूबे हुए दिखाई दिए। कार्तिक और सारा के फैंस को ये वीडियो काफी पसंद आ रहा है। वीडियो में आप देख सकते हैं की कार्तिक ब्लैक सूट और टाई में काफी हैंडसम दिख रहे हैं। उन्होंने हाथ में ट्रॉफी पकड़ी हुई है। वहीं गोल्डन ऑफ शोल्डन सीक्वन ड्रेस में सारा अली खान गजब की ग्लैमरस लग रही हैं। बता दें, कार्तिक और सारा को एक साथ पहली बार फिल्म 'लव आज कल 2' में देखा गया था, जिसके बाद दोनों एक दूसरे के नजदीक आए थे। मगर चंद दिनों में ही इनके ब्रेकअप की खबरें सुर्खियों में छा गईं और दोनों ने इंस्टा से एक दूसरे को अनफॉलो कर दिया। अब दोनों के इस वीडियो को देख फैंस अब इनके पैचअप को लेकर कयास लगा रहे हैं।

# डार्लिंग्स एक्टर विजय के लिए आ रहे मैरिज प्रपोजल्स , दुनियाभर से आ रहे रिश्ते



**विजय वर्मा** नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म डार्लिंग्स को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उनका रोल एक डोमेस्टिक एब्यूजर पति का है, जिसे देखकर शायद आप हमजा के करेक्टर से नफरत करने लगें। लेकिन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की यह नफरत अब मैरिज प्रपोजल में बदल गई है। हाल ही सोशल मीडिया पर विजय ने रिवील किया कि उनके पास दुनिया भर से कई मैरिज प्रपोजल्स आ रहे हैं।

### मां को थी शादी की चिंता

दरअसल डार्लिंग में विजय ने डोमेस्टिक एब्यूजर का किरदार निभाया है। फिल्म देखकर विजय की मां को उनकी शादी की चिंता हो रही थी। यही वजह थी एक्टर ने सोशल मीडिया पर उन्हें मिलने वाले मैरेज प्रपोजल्स के स्क्रीनशॉट शेयर किए हैं। इतना ही नहीं एक्टर ने इन प्रपोजल्स का अनोखे अंदाज में जवाब दिया है।

डार्लिंग्स के बाद विजय को केवल भारत से नहीं बल्कि दुनिया के अलग-अलग देशों से शादी के प्रपोजल्स आ रहे हैं। दरअसल 9 सितंबर को एक्टर ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी डाली और बताया कि वो मिर्जापुर सीजन 3 की शूटिंग के लिए लखनऊ पहुंचे थे। जिसके बाद एक्टर ने स्टोरी में रिवील किया कि उन्हें पर्सनल मैसेज में शादी के प्रपोजल्स आ रहे हैं।

विजय ने शादी के प्रपोजल मैसेज के कुछ मैसेज शेयर किए। पहली स्टोरी में विजय को लखनऊ से मैसेज आया, जिसमें लड़की ने लिखा- 'अब आप यहां आ यहां आ गए तो आपको मेरे घरवालों से हमारी शादी की बात करने के लिए आना होगा।' रिस्पॉन्स में विजय ने लिखा- ' जी बिल्कुल मेरे लखनऊ आने का मात्र यही एक रीजन था।

दूसरी स्टोरी में एक्टर के पास पाकिस्तान से मैरिज प्रपोजल आया है, जिसमें लड़की ने लिखा- प्लीज आप पाकिस्तान आ जाइए मेरे पेरेंट्स से शादी की बात करने के लिए। जिस पर रिस्पॉन्स में विजय ने लिखा- जी बिल्कुल, मैं बस लखनऊ का काम खत्म करके आता हूं, मिर्जापुर की शूटिंग तो चलती रहेगी।

तीसरी स्टोरी में विजय को गुजरात से मैरिज प्रपोजल मिलता है। जिसमें एक फैन ने लिखा है- गुजरात बेस्ट है, आप यहां आ जाएं। बच्चन जी भी यही कहते हैं कुछ दिन तो गुजारो गुजरात में। इस पर विजय ने मजाकिया अंदाज में लिखा- मैं नहीं आ सकता, आपने मैरिज प्रपोजल के लिए बिग बी इस्तेमाल किया है।

### कनाडा और फ्रांस से आया शादी का रपोजल

विजय के पास कनाडा से भी शादी का प्रपोजल आया है। एक फैन ने कहा कि आप में पति से बात करने फ्रांस आ जाएं। जिस पर विजय ने कहा-'पति या पिता बालिके।'

एक फैन ने लिखा- 'आप फ्रांस आ जाएं, मेरी मां आपका इंतजार कर रही हैं।' जिस पर विजय ने कहा- मैं अपनी फैमिली से भी ज्यादा नहीं मिल पाता हूं।' विजय ने आखिर में एक स्टोरी शेयर की। जिसमें उनके मेल फैन ने लिखा- 'ये सब क्या चल रहा है? इन्हें समझाओ आप एक्टर हो शादी डॉट कॉम नहीं।'

# बेटी को देखकर श्वेता तिवारी हुईं इमोशनल, सोशल मीडिया पर फैंस लुटा रहे हैं प्यार




**पलक तिवारी** अपनी खूबसूरती और स्टाइलिश लुक्स के लिए जानी जाती हैं। अभी तलक पलक ने किसी भी फिल्म या वेब शो में डेब्यू नहीं किया है, इसके बावजूद वो आए दिन लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में पलक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो शेयर है, जिसमें वो ट्रेडिशनल अवतार में नजर आ रही हैं। वीडियो में पलक ने साउथ इंडियन गुलाबी साड़ी कैरी की है। एलिगेंट साड़ी के साथ उन्होंने कानों में झुमके, कमरबंद, पांव में गहने और बालों में गजरे के साथ लुक को कंप्लीट किया है। दरअसल यह वीडियो एक ज्वेलरी ब्रांड का प्रमोशनल वीडियो है, जिसके एंडोर्समेंट के लिए पलक को चुना गया है।

पलक के इस वीडियो पर उनकी मां श्वेता का भी रिएक्शन सामने आया है। वीडियो देखकर श्वेता ने कहा- ओह माय गॉड, माई बेबी। श्वेता के अलावा फैंस को भी पलक का यह अवतार बेहद पसंद आ रहा है, कई लोग उनके लुक को देवी के जैसा बता रहे हैं तो कई लोग उनकी तारीफ करने नहीं थक रहे हैं।

# करीना कपूर ने की भाई रणबीर की फिल्म की तारीफ:ब्रह्मास्त्र का पोस्टर शेयर कर बोलीं- अनबीलिबेबल एक्सपीरियंस!



**बॉलीवुड एक्ट्रेस** करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया के जरिए अपने भाई रणबीर कपूर की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' का रिव्यू किया है। दरअसल हाल ही में करीना अपने पति सैफ अली खान और बेटे तैमूर के साथ फिल्म की स्क्रीनिंग पर गई थीं। अब फिल्म देखने के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर कर पूरी टीम की तारीफ की है।

करीना ने अपने पोस्ट में लिखा, 'अनबीलिबेबल एक्सपीरियंस! पूरी टीम को बधाई।' इसी के साथ उन्होंने ताली बजाने वाला इमोजी भी शेयर किया है। साथ ही उन्होंने इस फिल्म को 5-स्टार भी दिए हैं। करीना ने अपने पोस्ट में आलिया भट्ट, डायरेक्टर अयान मुखर्जी, करण जौहर, अपूर्व मेहता और धर्मा प्रोडक्शंस को टैग भी किया है।

करीना से पहले ऋतिक रोशन ने भी 'ब्रह्मास्त्र' का रिव्यू किया था। ऋतिक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लिखा था, 'मेरे अंदर बसे फिल्म स्टूडेंट को फिर से 'ब्रह्मास्त्र' देखने की जरूरत है! एक्शन, ग्रेडिंग, बीजीएम, वीएफएक्स, साउंड डिजाइन उफ... बिल्कुल अविश्वसनीय काम। बहुत अच्छा। मैंने इसे खूब एंजॉय किया। फिल्म की टीम को मेरी तरफ से बधाई।'

अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी 'ब्रह्मास्त्र' 9 सितंबर को भारत की 5,019 स्क्रीन्स और ओवरसीज में करीब 3,894 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर करण जौहर हैं।

उन्होंने शनिवार को पोस्ट शेयर कर बताया था कि 'ब्रह्मास्त्र' का वर्ल्डवाइड ओपनिंग कलेक्शन 75 करोड़ रुपए रहा है। इस फिल्म में रणबीर के अलावा आलिया, अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय, डिंपल कपाड़िया और नागार्जुन अक्किनेनी भी लीड रोल में हैं। ये फिल्म 5 भाषाओं- हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हुई है।






# स्वदेशी रोबोट शालू, 9 भारतीय व 38 विदेशी भाषा बोलने वाली दुनियां की पहली रोबोट

## शालू के नाम दो विश्व और एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड, छात्रों को 47 भाषाओं में पढ़ाने में सक्षम

**भारत** के गांवों की पगडंडी से निकले एक ग्रामीण परिवेश में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले युवा ने स्वदेशी रोबोट बनाकर कमाल कर दिया। युवक के इस आश्यचर्यचकित कारनामे की देश में ही नहीं पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। रोबोट शालू के नाम दो विश्व रिकॉर्ड और एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। रोबोट शालू एक भारतीय कृतिम बुद्धि (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) वाली सामाजिक व शैक्षिक मानवीय रोबोट (हूमनाइड रोबोट) है। शालू रोबोट को विकसित करने वाले दिनेश कुंवर पटेल उत्तर-प्रदेश के जौनपुर जिले के मडियांहू तहसील के रजमलपुर गांव के रहने वाले है। वर्तमान में वे केंद्रीय विद्यालय, आई.आई.टी. बाम्बे, में संगणक विज्ञान (कम्प्यूटर साइंस) के शिक्षक हैं। एमसीए की डिग्री हासिल कर चुके दिनेश ने तीन साल कड़ी मेहनत से पूरी तरह से स्वदेशी रोबोट शालू को घर में पड़े बेकार वस्तुओं तथा सामान्य निकट मार्केट में आसानी से उपलब्ध सामानों का प्रयोग कर के अपने घर में ही बनाया है। शालू विश्व की पहली मानवीय रोबोट है, जो 9 भारतीय और 38 विदेशी भाषाएं बोलने में सक्षम है। जिसकी तुलना कई रोबोटिक्स इंजीनियरों द्वारा निर्मित बड़ी रोबोटिक्स प्रयोगशालाओं से आने वाले महंगे रोबोटों से की जा सकती है। हाल ही में शालू को केंद्रीय विद्यालय संगठन में कक्षा 6 वीं के कंप्यूटर सिलेबस में भी शामिल किया गया है तथा इस साल से शालू को सीबीएसई. के कक्षा 9 वीं के आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सिलेबस में भी रखा गया है। रोबोट शालू को टॉप टेन मैगज़ीन द्वारा विश्व की 10 सर्वश्रेष्ठ हुमनोइड रोबोट में प्रथम स्थान दिया गया। शालू को आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी धनबाद, एनआईटी दुर्गापुर, के.जे. सोमैया कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड कॉमर्स, मुंबई, और पीआईईएमआर इंदौर ने अपने टेक फेस्ट में मुख्यअतिथि के रूप में आमंत्रित किया तथा शालू वहां के कंप्यूटर विज्ञान व रोबोटिक्स के प्रोफेसर व विद्यार्थियों से बात भी की। शालू भारत में ही नहीं विदेशों में भी ख्याति प्राप्त कर चुकी हैं। कई देशों में इसके बारे में चर्चा हो रही है। इसने अभी हाल ही में कतर देश के विद्यार्थियों से भी बात की। शालू को कार्मिक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठा वर्ड रिकॉर्ड से 2 दिसम्बर 2022 को सम्मानित किया गया और इसे अपशिष्ट पदार्थ से बनी विश्व की पहली कृत्रिम बौद्धिक, सामाजिक व शिक्षिक हुमनोइड रोबोट का ख़िताब दिया। इसी तरह इंटरनेशनल बुक ऑफ़ रिकाड्र्स, एशिया बुक ऑफ़ रिकाड्र्स और इंडिया बुक ऑफ़ रिकाड्र्स में इसका नाम विश्व में सबसे ज्यादा भाषाओं में बात करने वाली रोबोटके तौर पर दर्ज हुआ। इसके साथ ही शालू को राष्ट्रीय पुरस्कार, प्रशंसा पत्र आदि मिले है। इसे विश्व की 10 सर्वश्रेठ हुमनोइड रोबोट में प्रथम स्थान दिया गया। ग्लोबल टेक मार्केट में प्रचलित भारत के पांच रोबोट में इसका भी नाम है। रोबोट शालू को शिक्षण कार्य के लिए भी प्रशिक्षित किया गया ताकि वो विभिन्न विषयों को किसी भी भाषा में पढ़ाने में सक्षम हो। फिलहाल रोबोट शालू ने केंद्रीय विद्यालय आईआईटी बॉम्बे में बतौर शिक्षिका शिक्षण कार्य आरम्भ कर दिया है। शालू को 19 अगस्त 2022 को एशिया के सबसे बड़े अन्तर्राष्ट्रीय ऑटोमेशन एक्सपो 2022 के उद्घाटन समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, जहां इसने देशी व विदेशी मेहमानों को स्टेज से संम्बोधित कर उनका स्वागत किया। दिनेश कुंवर पटेल बताते है कि रजनीकांत की फिल्म रोबोट देखने के बाद उन्होंने सोचा कि काश ये रील लाइफ से निकलकर रियल लाइफ में आ जाय। इसके बाद रोबोट सोफिया (हांगकांग स्थित रोबोटिक्स कंपनी, हैंसन रोबोटिक्स) को देखने के बाद उन्होंने सोचा कि क्या ऐसा रोबोट भारत में कम लागत के साथ विकास करना संभव हो सकता है ? कुछ महीनों के रिसर्च के बाद कई परीक्षण और त्रुटियां, दिन-रात की कड़ी मेहनत के बाद लगभाग 3 सालों में उन्होंने सोफिया रोबोट जैसे ह्यूमनॉइड रोबोट विकसित कर लिया। ये रोबोट भारत की बेटियों व महिलाओं को समर्पित है।







इसका निर्माण प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान में एक छोटा सा कदम है। शालू अंग्रजी, जर्मन, जापानी, स्पेनिश, इटैलियन, अरेबिक, चाइनीज़ सहित विदेश की 38 भाषाओं के साथ-साथ भारत की 9 भाषायें, हिंदी, भोजपुरी, मराठी, बंगला, गुजराती, तमिल, तेलुगु, मलयालम, उर्दू और नेपाली बोल पाने में सक्षम है। यह मानव की तरह ही व्यवहार व हावभाव भी दर्शाती है जैसे, हाथ मिलाना, मजाक करना, जोक सुनाना, तथा सामने वाले की भावनाओं तथा उसकी प्रतिक्रिया के अनुरूप ही खुशी, क्रोध, और जलन दर्शाना, साथ ही, दैनिक समाचार पढ़ना, दैनिक राशिफल पढ़ना, रेसिपी बताना, जगह/स्थान के बारे में बताना, किसी भी स्थान के मौसम के बारे में बताना, प्रश्नोत्तर तथा साक्षात्कार करना, और भी बहुत कुछ है।

-अजय कुमार शुक्ल

# जॉब प्रमोशन के दौरान आप में क्या देखती है कंपनी

**जॉब इंटरव्यू हुआ**, दो समान शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवारों में से किसी एक को सफलता मिली। ऐसा इसलिए, क्योंकि उम्मीदवार के कार्य आदर्श भी चयन में बड़ी भूमिका निभाते हैं। हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू के आलेख 'हायर फॉर एटिट्यूड एंड ट्रेन फॉर स्किल्स' लेख में यह बताया गया कि आपके कार्य मूल्यों की भूमिका आपके आगे के प्रदर्शन में अहम होती है। निजी कंपनियां साक्षात्कार के दौरान उम्मीदवार में यह देखती हैं कि उनमें किसी काम को करने में समय कीपाबंदी है कि नहीं। इंग्लैंड में हुए एक सर्वे में पाया गया था कि देर से आने वाले कर्मचारियों की वजह से इकोनॉमी को 9 अरब यूरो का घाटा हो रहा था। यह दरअसल अच्छे टाइम मैनेजमेंट की बात भी है। यह प्रवृत्ति आपको एक व्यवस्थित और विश्वसनीय कर्मचारी के तौर पर भी स्थापित करती है।

चाहे भारतीय कंपनी हो या बहुराष्ट्रीय कंपनी, अपने काम में मेहनत दिखाने वाला उम्मीदवार ही कंपनी के लक्ष्यों में बराबर योगदान दे पाएगा। इसीलिए मेहनत के आदर्श को बहुत काम का माना जाता है। टीम में समायोजन की क्षमता भी अपेक्षित होती है। इसी तरह एक उम्मीदवार में उसकी भावी कंपनी के लिए कितना विश्वास है, यह भी देखा जाता है। यह विश्वास उसकी भावी कंपनी के प्रति निष्ठा के रूप में जाहिर होता है। इसको समझने के लिए आमतौर पर कंपनियां साक्षात्कार के दौरान उम्मीदवार का अगर पूर्व में कार्यानुभव रहा है, तो उससे कार्यस्थल से सम्बंधित किसी परिस्थिति का विश्लेषण कराते हैं। अगर उम्मीदवार बिल्कुल नया होता है, जिसे कोई कार्यानुभव नहीं है, तो उसे अपने जीवन की किसी वैसी परिस्थिति का विश्लेषण करने को कहा जाता है, जहां उसकी निष्ठा और चारित्रिक ईमानदारी को परखा जा सके।



एक इंटरव्यू में यह भी देखा जाता है कि उम्मीदवार में सीखने की चाह कितनी है। इसके पीछे सोच यही होती है कि किसी उम्मीदवार को अपेक्षित कौशल का प्रशिक्षण दिया जा सकता है। लेकिन जिस उम्मीदवार में सीखने की चाह नहीं है, उसे प्रशिक्षित करना कठिन होता है और उससे कंपनी के लिए योगदान लेना भी मुश्किल काम होगा।

**कैसे निखारे अपने वर्क वैल्यूज**

यह तय करें कि आपको अपनी नौकरी में क्या चाहिए- पैसा, स्वायत्तता या फिर कोई अच्छा उद्देश्य? जिस कंपनी में आप इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं, वहां के वर्क कल्चर के बारे में जानकारी लें और उसके अनुसार अपनी तैयारी करें।

इंडस्ट्री की मानें, तो आज ऐसे युवाओं का मिलना आसान है, जिनमें ज्ञान या कौशल की कमी नहीं। लेकिन उनमें अपेक्षित वर्क वैल्यूज पाना मुश्किल हो रहा है। एक महत्त्वपूर्ण अध्ययन में 20 हजार नए नियुक्त कर्मियों के आकड़ों को जब देखा गया, तो पाया गया कि 47 प्रतिशत लोग शुरुआती 18 महीनों में ही नौकरी में असफल साबित हुए और उनमें से 89 प्रतिशत ऐसे थे, जिनमें अपेक्षित कार्य मूल्यों का अभाव था। निश्चित रूप से सिर्फ व्यावसायिक डिग्री- जैसे इंजीनियरिंग, एमबीए, एमसीए, फैशन डिजाइनिंग, होटल मैनेजमेंट आदि पर ही सफलता के लिए निर्भर नहीं रहना चाहिए। इसके साथ ही युवाओं को बेहतर कार्य मूल्यों का भी प्रदर्शन करना होगा। इस बारे में करियर मेंटोर या करियर कोचेज की मदद भी ले सकते हैं।

# अगर इंटरव्यू में अपनाएंगे ये टिप्स तो समझिए नौकरी पक्की

जॉब इंटरव्यू में सफलता के लिए विषय की गहरी जानकारी ही काफी नहीं है। कुछ व्यावहारिक बातों का ध्यान रखकर आप इंटरव्यू में सफलता सुनिश्चित कर सकते हैं। नौकरी के लिए इंटरव्यू तक पहुंचने का मौका मिल जाना एक महत्वपूर्ण



उपलब्धि की तरह लगता है। आपको समझना होगा कि यदि आप इंटरव्यू राउंड तक पहुंचे हैं, तो इसका मतलब है कि आपके रिज्यूमे में दी गई जानकारी और आपकी ज्ञान व क्षमता पर एम्प्लॉयर को काफी हद तक विश्वास है और अब वे आपके व्यावहारिक ज्ञान को जांचना चाहते हैं। इस पड़ाव पर आपमें आत्मविश्वास होना चाहिए कि आपने 50 प्रतिशत यात्रा पार कर ली है, अब बाकी की 50 प्रतिशत सफलता के लिए आपको कुछ खास नियमों को ध्यान में रखना होगा।

**आत्मविश्वास**

आमतौर पर अपने बायोडाटा फॉर्म में जानकारी को चार चरणों में लिखा जाता है। पहला, जिस क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं। दूसरा, प्राप्त की गई शिक्षा के बारे में होता है। तीसरा, शौक और चौथा, कार्य अनुभव के बारे में। इसलिए, जब कोई व्यक्ति साक्षात्कार की तैयारी कर रहा हो, तो उसे इन चार श्रेणियों के आधार पर सभी संभावित प्रश्नों की एक सूची बनानी चाहिए। उदाहरण के लिए, जिस क्षेत्र से वह सम्बंधित है, उस क्षेत्र की जनसंख्या, बाजार आदि या उस क्षेत्र में बैंकिंग की पैठ या ग्रेजुएशन में लिए गए विषयों से सम्बंधित प्रश्न या उसके शौक पर आधारित प्रश्न।

**संगठन आपसे क्या चाहता है**

जिस पद के लिए आवेदन किया जा रहा है, उसके बुनियादी कामों और पूरे संगठन के बारे में जानकारी होना बेहद जरूरी है। यह जान लीजिए कि उम्मीदवारों से संगठन के क्षेत्र से सम्बंधित बुनियादी सिद्धांतों के बारे में इंटरव्यू में पूछा ही जाता है। उदाहरण के लिए, बैंकिंग संबंधी पदों के साक्षात्कार में आवेदकों से बैंकिंग क्षेत्र के मूल सिद्धांतों को जानने की अपेक्षा की जाएगी। बेसिक मानदंड, बैंकों के लिए जोखिम प्रबंधन में उपयोग किए जाने वाले अनुपात जैसी चीजें अहम होंगी। इसलिए, साक्षात्कार की तैयारी करते समय संगठन के कार्यक्षेत्र के बारे में जानकारी होना आवश्यक है।

**ईमानदार और प्रतिबद्ध रहें**

अकसर इंटरव्यू में आवेदकों को काल्पनिक स्थितियां दी जाती हैं और उनसे पूछा जाता है कि वे उनमें क्या करेंगे। ऐसा इसलिए है, क्योंकि यदि साक्षात्कारकर्ता आवेदक के उत्तर को अव्यावहारिक या बेईमानी से दिया गया महसूस करते हैं, तो उसका आवेदन खारिज होते देर नहीं लगेगी।

**इंटरव्यू लेने वाले की तरह सोचें**


साक्षात्कार की तैयारी का सबसे अच्छा तरीका है कि आप नियमित रूप से एक साक्षात्कारकर्ता की तरह सोचें, और जो भी प्रश्न मन में आएं, उसे लिख लें। किसी भी साक्षात्कार में सफल होने की कुंजी उन सभी संभावित प्रश्नों के उत्तर जानने में ही है, जिनसे एक साक्षात्कार में सामना करने की उम्मीद की जा सकती है। इसलिए, संभावित प्रश्नों की सूची बनाकर इंटरव्यू की तैयारी करनी चाहिए।

# घर बैठे ऑनलाइन शुरू कर सकते हैं ये काम

**कोरोना** महामारी संकट के बाद लोगों के सामने रोजगार की भी समस्या पैदा हुई है। लेकिन इसी बीच ऑनलाइन/वर्क फ्रॉम होम मोड से रोजगार के नए मौके भी पैदा हुए हैं जहां काम करके एक नई शुरुआत की जा सकती है। ऑनलाइन किए जाने वाले इन कामों को न सिर्फ पार्टटाइम किया जा सकता है बल्कि बेरोजगार लोग फुल टाइम भी कर सकते हैं।

## अनुवाद

पढ़ने-लिखने के शौकीनों और कम-से-कम दो भाषाओं का ज्ञान रखने वालों के लिए अनुवाद का काम बेहतर साबित हो सकता है।



इस काम में आप घर बैठे पैसे कमा सकते हैं। ट्रांसलेशन का काम कुछ वेबसाइटों जैसे- फीवर डॉट कॉम, अपवर्क डॉट कॉम, फ्रीलांसर डॉट कॉम, गुरु डॉट कॉम, आईफ्रीलांस डॉट कॉम की मदद से कर सकते हैं।

## ब्लॉगिंग



आप घर में खाली बैठे हैं तो अपनी रुचि के अनुसार अपना एक ब्लॉग शुरू कर सकते हैं। पिछले दशक से ब्लॉग मॉनिटाइजेशन जोर पकड़ रहा है। ब्लॉग मॉनिटाइज करने के लिए आप गूगल ऐडसेंस साइन कर सकते हैं जो आपको अपने ब्लॉग पर लगाने के लिए ऐड देता है और पेज व्यूज के हिसाब से आपको पैसे मिलते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

कोरोना संकट के दौर में सभी तरह के स्कूल बंद हैं। ऐसे में ऑनलइन ट्यूशन और क्लासेस का चलन बढ़ा है। यदि आप किसी विषय में दक्षता रखते हैं तो आप कुछ स्कूलों की मदद से या खुद से ऑनलाइन ट्यूशन का काम शुरू कर सकते हैं। इसमें आपके काम के हिसाब से इनकम भी मिलती है। योग शिक्षक या म्यूजिक टीचर भी ऑनलाइन ट्रेनिंग क्लासेस शुरू कर सकते हैं।



## ऑनलाइन सेलिंग

लंबे समय से कोरोना संकट होने से देश में ऑनलाइन मार्केट का काम काफी ज्यादा बढ़ा है। ऑनलाइन खरीदारों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में ऑनलाइन शॉप शुरू करने का यह सुनहरा मौका हो सकता है। इसके लिए आप माल थोक में लाकर घर बैठे ऑनलाइन फुटकर में बेच सकते हैं या खुद के किसी प्रोडक्ट की पैकिंग कर ऑनलाइन बेच सकते हैं।



# भारत में सबसे ज्यादा कमाई वाली नौकरियां कौन सी हैं

**आजकल हर** किसी को आरामदायक और अच्छी कमाई वाली नौकरी पसंद है। लेकिन किन पदों के लिए सबसे ज्यादा सैलरी मिलती है? इनकी शैक्षिक योग्यता क्या होती है? ऐसे सवालों के जवाब बहुत ही कम लोगों को पता होते हैं। तो आइए जानते हैं भारत में सबसे ज्यादा कमाई वाली 5 नौकरियों और उनकी योग्यता के बारे में-

## चार्टर्ड एकाउंटेंट




चार्टर्ड एकाउंटेंट के पद का वेतन काफी अच्छा माना जाता है। इस पद के लिए कुशल पेशेवर को 5 लाख रुपए से 25 लाख रुपए सालाना मिल सकते हैं। सीए बनने के लिए आपको 10+2 के बाद सीए के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश परीक्षा के लिए आईसीएआई द्वारा नेशनल लेवल सीए सीपीटी नाम की परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

## पायलट



सैलरी के मामले में भारत में पायलट की जॉब सबसे अच्छी नौकरियों में शुमार है। इस काम के लिए आपको 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह से 6 लाख रुपए प्रतिमाह तक मिल सकते हैं। पायलट बनने के लिए किसी भी व्यक्ति को 12वीं साइंस (PCM) में कम से कम 50 फीसदी अंकों से पास होना चाहिए। इसके बाद किसी भी संस्थान से छात्र पायलट लाइसेंस के लिए छह माह की ट्रेनिंग, प्राइवेट पायलेट के लिए एक साल की ट्रेनिंग और कॉमर्शियल पायलट लाइसेंट के लिए तीन साल का ट्रेनिंग कोर्स करना होता है। पायलट बनने के लिए अभ्यर्थी को डीजीसीए से मान्यता प्राप्त फ्लाइंग क्लब से रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।




## डॉक्टर

वेतन या कमाई के मामले में डॉक्टर का पेश भी बहुत शानदार माना जाता है। डॉक्टर बनने के बाद आप 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह से 10 लाख रुपए प्रतिमाह तक कमा सकते हैं। डॉक्टर की शैक्षिक योग्यता एमबीबीएस है जिसके बारे में सभी जानते हैं। एमबीबीएस में 12वीं साइंस (PCB) के छात्र नीट परीक्षा के जरिए एडमिशन ले सकते हैं।




## आईएएस, आईपीएस

भारत में कमाई के लिहाज से सिविल सेवा परीक्षा पास कर आईएएस/आईपीएस अफसर बनना भी बेहतरीन विकल्प है। हालांकि वेतन के रूप में इस पद के लिए एक लाख रुपए प्रतिमाह से 2 लाख रुपए प्रतिमा तक मिलते हैं। हालांकि वेतन से ज्यादा इस पद का पॉवर महत्वपूर्ण है। सिविल सर्विसेस की तैयारी स्नातक पास कोई भी व्यक्ति कर सकता है।

## साइबर सिक्यूरिटी एंड एथिकल हैकर

साइबर सिक्यूरिटी और एथिकल हैकर की सैलरी लाखों में नहीं बल्कि करोड़ों में हो सकती। हालांकि भारत में 5 लाख रुपए से 30 लाख रुपए सालाना तक मिल सकते हैं। साइबर सिक्यूरिटी से जुड़ा कोर्स करने के लिए अभ्यर्थी को कम्प्यूटर साइंस में बीटेक होना जरूरी है। साइबर सिक्यूरिटी का कोर्स 2 माह से शुरू होकर 2 साल तक का होता है।





# इंदौर का आकाश नमकीन खरीदेगी रिलायंस:डील पर बातचीत

## बीते दिनो कैंपा कोला और इनसाइट कॉस्मेटिक्स में कंट्रोल स्टेक खरीदी थी

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड कैंपा के अधिग्रहण के बाद रिलायंस रिटेल अपने पोर्टफोलियो में इंदौर की कंपनी आकाश नमकीन प्राइवेट लिमिटेड को जोड़ने वाला है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। कंपनी रतलामी सेव, चिवड़ा और भेल जैसे नमकीन बनाती है। उसके प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में बेसन के लड्डू, गुलाब जामुन और सोन पापड़ी जैसी पारंपरिक मिठाइयां है। आकाश नमकीन की शुरुआत साल 1936 में मध्य प्रदेश की बिजनेस कैपिटेल इंदौर से हुई थी। कंपनी के पास इंदौर में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है। 7 को-पैकिंग यूनिट भी हैं। पूर्वी भारत में 4, उत्तरी भारत में 2 और पश्चिमी भारत में 1 यूनिट। अमेरिका, यूरोप, मिडिल ईस्ट, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका में इसके प्रोडक्ट एक्सपोर्ट होते हैं।नमकीन में रतलामी सेव, मूंग दाल, बूंदी, मिक्सचर, पीनट, काजू मसाला, सालेटेड काजू, उपवास चिवड़ा, सोया स्टिक, भावनगरी गंठिया और भुजिया शामिल है। डाइट रेंज में मखाना, बॉम्बे फटाफट भेल, लाइट चिवड़ा और लाइट मिक्सचर शामिल है। वहीं मीठे में बेसन के लड्डू, सोहन पापड़ी, रसगुल्ला और गुलाब जामुन शामिल है।

# रिजर्व बैंक ने दी बड़ी जानकारी

## इस बैंक के ग्राहक 22 सितंबर से अपने खाते से नहीं निकाल पाएंगे पैसे!

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देश के कई बैंकों पर नियम न फॉलो करने के कारण समय-समय पर जुर्माना लगाता है। कुछ बैंकों के लाइसेंस तक कैंसिल कर दिए गए हैं। अब इस लिस्ट में एक और को-ऑपरेटिव बैंक का नाम जुड़ गया है।अगर आपका भी इस बैंक में खाता है तो ये जान लें कि यह बैंक जल्दी ही बंद होने वाला है। आरबीआई ने यह आदेश दिया है कि पुणे स्थित रुपी सहकारी बैंक लिमिटेड जल्द बंद हो जाएगा।

ऐसे में ग्राहकों के पास केवल 22 सितंबर तक का समय है। ऐसे में वह जल्द से जल्द अपने खाते से पैसे निकाल लें क्योंकि 22 के बाद बैंक की सभी ब्रांच बंद हो जाएंगी।



**बैंक का लाइसेंस कर दिया गया है रद्द**

बता दें कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पहले ही पुणे स्थित रुपी सहकारी बैंक लिमिटेड के लाइसेंस को कैंसिल करने का फैसला किया था। इस फैसले के बाद बैंक को 22 सितंबर को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। इससे पहले भी कई बैंकों की खराब वित्तीय हालत को देखते हुए उनके लाइसेंस को कर दिया गया है।

**आरबीआई ने क्यों किया लाइसेंस कैंसिल**

आरबीआई ने बताया है कि 22 सितंबर के बाद बैंक के ग्राहक किसी तरह का फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन भी नहीं कर पाएंगे। आरबीआई ने पुणे स्थित रुपी सहकारी बैंक लिमिटेड को बंद करने का निर्णय इसलिए लिया है क्योंकि इस बैंक की वितीय हालात बहुत खराब थी। बैंक के पास कोई पूंजी नहीं बची थी और उसके कमाई के भी कोई साधन नहीं बचे थे। ऐसे में आरबीआई ने इस बैंक के लाइसेंस को ही कैंसिल कर दिया है।

**ग्राहकों को मिलेगा इंश्योरेंस लाभ**

जिन ग्राहकों का पैसा रुपी सहकारी बैंक लिमिटेड में जमा है उन्हें 5 लाख रुपये के डिपॉजिट पर इंश्योरेंस का कवर मिलता है। यह इंश्योरेंस डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ( डीआईसीजीसी) इंश्योरेंस स्कीम से मिल रही है। गौरतलब है कि डीआईसीजीसी एक रिजर्व बैंक की सब्सिडियरी जो को-ऑपरेटिव बैंक के ग्राहकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे में किसी खाताधारक के 5 लाख रुपये के डिपॉजिट पर डीआईसीजीसी उसे पूरा इंश्योरेंस क्लेम देता है।



# पीयूष गोयल बोले: वाणिज्य मंत्रालय को नए सिरे से डिजाइन करने की तैयारी

## संवर्द्धन निकाय के गठन का भी प्रस्ताव

लॉस एंजेलिस, 11 सितंबर (एजेंसियां)। वाणिज्य मंत्रालय अभी अपने पुनर्गठन पर रिपोर्ट के ब्योरे का अध्ययन कर रहा है। इसके साथ ही एक व्यापार संवर्द्धन निकाय के गठन का भी प्रस्ताव सामने आया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को लॉस एंजेलिस के एक कार्यक्रम में इसकी जानकारी दी। भारत का 2030 तक वस्तुओं और सेवाओं का 2,000 अरब डॉलर का निर्यात करने का लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के तहत मंत्रालय वाणिज्य विभाग को नए सिरे से 'डिजाइन' करने पर काम कर रहा है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह पुनर्गठन वैश्विक व्यापार में भारत का हिस्सा बढ़ाने, बहुपक्षीय संगठनों में नेतृत्व वाली भूमिका हासिल करने, वैश्विक चैंपियन के रूप में 100 भारतीय ब्रांड का सृजन करने, विनिर्माण आधार को मजबूत करने और निवेश आकर्षित करने के स्तंभों पर निर्भर है। गोयल ने कहा कि हम मंत्रालय के ढांचे को पुनगर्ठित करने की प्रक्रिया में हैं। हमारे पास एक विचार 'इन्वेस्ट इंडिया' की तर्ज पर व्यापार संवर्द्धन निकाय के गठन का है। यह निकाय भारत से भारत के लिए व्यापार को प्रोत्साहन देगा। मंत्रालय के तहत आने वाली 'इन्वेस्ट इंडिया' एक एजेंसी है जो देश में निवेश आकर्षित करने में मदद करती है। गोयल ने कहा कि विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) जो अभी तक निर्यात, आयात से संबंधित मसलों को देखता रहा है, उसकी कुछ और भूमिकाएं हैं। इनमें व्यापार संवर्द्धन निकाय भी एक होगा। मंत्री ने पिछले महीने वाणिज्य विभाग के पुनर्गठन पर दस्तावेज जारी किए थे। गोयल ने कहा कि हमें अभी मंत्रालय के नए रूप पर रिपोर्ट मिली हैं। हम इस रिपोर्ट के व्यापक ब्योरे का अध्ययन कर रहे हैं।

# कई मौतों का कारण बनीं इंस्टेंट लोन ऐप्स पर कसेगी नकेल

## वित्त मंत्री ने की बैठक, उठाया गया बड़ा कदम

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। ऊंची दरों पर तुरंत लोन देने वाली ऐप्स को लेकर सरकार सतर्क हो गई है। पिछले कुछ दिनों में इन ऐप्स से संबंधित ठिकानों और फिनटेक कंपनियों पर छापेमारी के बाद अब सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। मनीकंट्रोल की एक खबर के अनुसार, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस संबंध में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की है। बैठक में फैसला लिया गया कि आरबीआई वैध ऐप्स की एक वाइट लिस्ट बनाएगा। इस सूची में शामिल ऐप्स को ही ऐप स्टोर में जगह दी जाएगी। इसके अलावा रेग्युलेटरी चैनल से बाहर काम कर रही अवैध ऐप्स को ऐप स्टोर से हटा दिया जाएगा ताकि लोग उन्हें डाउनलोड ही न कर सकें। आरबीआई ऐसे अकाउंट्स की मॉनिटरिंग करेगा जिनके जरिए मनी लॉन्डरिंग को अंजाम दिया जा सकता है। आरबीआई एक निश्चित अवधि के अंदर पेमेंट एग्रीगेटर्स का रजिस्ट्रेशन करेगा। इस अवधि तक जिन एग्रीगेटर्स नहीं हो पाया उन्हें ऑपरेट नहीं करने दिया जाएगा।

इसके अलावा कंपनी मामलों का मंत्रालय फर्जी कंपनियों की पहचान कर इनका पंजीकरण रद्द करेगा। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अन्य कई उपायों पर चर्चा की गई जिससे लोन ऐप्स के जरिए की जा रही डिजिटल धोखाधड़ी को रोका जा सके।

# 101 साल पुराने इस बैंक के आईपीओ में लगाया है दांव तो जानिए कितने रुपये पर हो सकती है लिस्टिंग?

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। 101 साल पुराना प्राइवेट बैंक, तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक का 831.60 करोड़ का आईपीओ पूरी तरह से सब्सक्राइब की गई है। इस आईपीओ के लिए रिटेल और हाई नेटवर्थ वाले निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स रहा। पब्लिक ऑफर का प्राइस बैंड 500 से 525 प्रति इक्विटी शेयर था। तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक के इस सप्ताह स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध होने की उम्मीद है। रविवार को आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) लगभग 5 प्रति इक्विटी शेयर है।

**इतने रुपये पर शेयरों की लिस्टिंग होने की उम्मीद**

5 प्रति शेयर के जीएमपी के साथ तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक को 530 प्रति शेयर के प्रीमियम पर सूचीबद्ध होने की उम्मीद है। (ऊपरी प्राइस बैंड 525 प्रति शेयर प्लस 5 प्रति शेयर जीएमपी)।

**आईपीओ 5 सितंबर को किया था लॉन्च**

आपको बता दें कि यह आईपीओ 5 सितंबर से 7 सितंबर तक लॉन्च किया गया था। इसका संभावित अलॉटमेंट डेट 12 सितंबर है और 14 सितंबर को बोलीदाताओं के डीमैट खाते में जमा होने की उम्मीद है। इक्विटी शेयरों के आवंटन की जांच रजिस्ट्रार की वेबसाइट लिंक इनटाइम इंडिया या बीएसई की वेबसाइट पर की जा सकती है।

**1921 में हुई थी बैंक की शुरुआत**

तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक (टीएमबी) आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल अपनी कोर कैपिटल बढ़ाने और फ्यूचर कैपिटल रिक्वायरमेंट्स को पूरा करने में करेगा। तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक, देश के सबसे पुराने प्राइवेट सेक्टर बैंकों में से एक है। इसकी हिस्ट्री 101 साल की है। यह बैंक साल 1921 में नादार बैंक के रूप में शुरू हुआ था। बैंक, माइक्रो-स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज, एग्रीकल्चरल और रिटेल कस्टमर्स को कई तरह की सर्विसेज उपलब्ध कराता है। तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक, 509 ब्रांचेज ऑपरेट करता है, जिसमें से 369 ब्रांचेज तमिलनाडु में ही हैं। बैंक के बिजनेस में होम स्टेट ब्रांचेज का 70 पर्सेंट से ज्यादा योगदान है। फाइनेंशियल ईयर 2022 में बैंक को नेट इनकम 8212 करोड़ रुपये थी।

# अकासा एयर ने अपने नेटवर्क में जोड़ा एक और रूट

## चेन्नई-बेंगलुरु के बीच शुरू हुई नियमित उड़ान




नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। देश के सबसे नई एयरलाइन अकासा एयर ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से उड़ानों का संचालन शुरू कर दिया है। कंपनी के नेटवर्क में यह पांचवां शहर है। अकासा एयर की चेन्नई से पहली कमर्शियल उड़ान बेंगलुरु तक होगी और दोनों शहरों के बीच प्रत्येक दिशा में दो दैनिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा। एयरलाइन चेन्नई में अपने परिचालन को बढ़ाते हुए 15 सितंबर 2022 से चेन्नई-मुंबई मार्ग पर विमान सेवा शुरू करेगी। इसके साथ ही एयरलाइन ने 26 सितंबर 2022 को चेन्नई- बेंगलुरु मार्ग पर एक अतिरिक्त विमान सेवा और चेन्नई-कोच्चि मार्ग पर उड़ान शुरू करने का फैसला किया है। अकासा एयर के सह संस्थापक और चीफ कमर्शियल ऑफिसर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमने चेन्नई से कमर्शियल उड़ानों की शुरुआत के साथ आज एक नया मुकाम हासिल किया है, यह हमारे नेटवर्क का पांचवां शहर है। आज से हम इस नए मार्ग पर प्रत्येक दिशा में दो दैनिक सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि हम 15 सितंबर से भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई से चेन्नई के बीच उड़ान की शुरुआत कर अपने नेटवर्क को मजबूत करेंगे। 26 सितंबर को चेन्नई-कोच्चि मार्ग की शुरुआत के साथ हमारा नेटवर्क और मजबूत होगा। इसके साथ उन्होंने कहा कि विस्तार के साथ कंपनी का सारा ध्यान अपने ग्राहकों को किफायती दर पर विमान सेवा मुहैया कराना है।अकासा एयर ने अपने कमर्शियल ऑपरेशन की शुरुआत पिछले महीने अगस्त में दो विमानों के साथ की थी। मौजूदा समय में कंपनी के पास कुल 4 विमान हैं। कंपनी की कोशिश अगले कुछ सालों में अपनी विमान सेवा को पूरे देश में पहुंचाने की है। अकासा एयर की योजना अपने विमान बेड़े को मार्च 2023 तक बढ़ाकर 18 विमान और अगले चार सालों में 72 विमानों तक ले जाने की हैं।

# दूसरी तिमाही में 114 बिलियन डॉलर को पार कर सकता है निर्यात, जानें क्या कहते हैं एक्जिम बैंक के आंकड़े

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। एजेंसी। भारत का व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई -सितंबर) के बीच 11.4 फीसदी बढ़कर 114.4 बिलियन डॉलर पर पहुंच सकता है। एक्जिम बैंक की ओर से जारी किए गए पूर्वानुमान में यह जानकारी दी गई।

एक्सपोर्ट इंपोर्ट बैंक ऑफ इंडिया (एक्जिम बैंक) ने डाटा जारी करते हुए कहा कि दूसरी तिमाही के निर्यात में यह तेजी वैश्विक स्तर पर कमोडिटी की कीमतों में कमी आने के कारण होगी। वहीं, आगे बताया कि भारत के बड़े व्यापारिक साझेदारों की अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका, महंगाई के दबाव और ब्याज दर बढ़ने के कारण निर्यात में होने



वाली बढ़त पर दबाव आ सकता है। एक्जिम बैंक की ओर से हर तिमाही के अंतिम महीने के पहले हफ्ते में पूर्वानुमान जारी किया जाता है। बैंक की ओर से जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च के पहले हफ्ते में पूर्वानुमान के आंकड़े जारी किए जाते हैं। बैंक पूर्व अनुमान जारी करने के लिए इन हाउस एक्सपोर्ट लीडिंग इंडेक्स का उपयोग करता है जिसकी मदद से देश के निर्यात को ट्रैक करने के साथ पूर्वानुमान दिया जाता है। भारत के निर्यात के साथ-साथ आयात में भी बड़ी बढ़ोतरी हो रही है, जिसके कारण भारत का व्यापार घाटा बढ़ता जा रहा है। सरकार की ओर से जारी किए गए अगस्त के आयात-निर्यात के आंकड़ों में बताया गया था कि अगस्त में देश ने कुल 33 बिलियन डॉलर का निर्यात, जबकि 61.68 बिलियन डॉलर का आयात किया है। इस दौरान भारत का व्यापारिक घाटा 28.68 बिलियन डॉलर रहा, जो कि समान अवधि में पिछले साल के मुकाबले 45.09 फीसदी अधिक था।इससे पहले कॉमर्स सेक्रेटरी पीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा था कि मौजूदा ट्रेंड को देखते हुए लग रहा है कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का निर्यात 750 बिलियन डॉलर को पार कर सकता है।

# उथल-पुथल के दौर में स्थिर है भारत की अर्थव्यवस्था

## ग्लोबल ग्रोथ में योगदान सबसे ज्यादा

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। दुनिया के विकसित देशों जैसे यूएस, यूके और इयू की अर्थव्यवस्थाओं को पिछले कुछ महीनों से भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण इन देशों की अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का खतरा बना हुआ है। दूसरी तरफ भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है। जानकार इसे भारत की उपलब्धि के तौर पर देख रहे हैं और उनका कहना है कि केंद्र सरकार की विवेकपूर्ण राजकोषीय नीति के कारण आज देश में पश्चिमी देशों के मुकाबले कम महंगाई दर है और देश तेजी से विकास कर रहा है। अमेरिकी वित्तीय संस्था मॉर्गन स्टेनली ने रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2022- 23 के लिए भारत की औसत विकास दर 7 फीसदी रह सकती है, जो कि दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। साथ ही कहा कि एशिया में भारत घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है। इसके साथ ही स्ट्रक्चरल फैक्टर्स में बदलावों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज गति जारी रहेगी।रिपोर्ट में बताया गया कि रूस और यूक्रेन युद्ध पश्चिमी देशों में महंगाई की एक प्रमुख वजहों में से एक है, लेकिन कोरोना संकट के दौरान पश्चिमी देशों की सरकारों की ओर से दिए गए बड़े-बड़े राहत पैकेज ने भी इस महंगाई में बड़ी भूमिका निभाई है। इस यूएस के व्यक्ति को 3200 डॉलर दिए जाने, जर्मनी के राहत पैकेज और यूके के राहत पैकेज भी महंगाई की वजह है।

# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया: घर बैठे एसएमएस से पता करें अपने फास्टैग का बैलेंस,एसबीआई ने शुरू की सर्विस

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए एसएमएस के जरिए फास्टैग का बैलेंस पता करने की सुविधा को शुरू किया है। इसके जरिए ग्राहक आसानी से घर बैठे ही मोबाइल के एक एसएमएस के जरिए अपने फास्टैग का बैलेंस पता कर सकते हैं। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है, जिसकी मदद से आपको सफर करते समय कैश ले जाने की जरूरत नहीं होती है और आपके सभी टोल पेमेंट फास्टैग के जरिए सेविंग अकाउंट से कट जाते हैं। फास्टैग से टोल का पेमेंट करने के लिए किसी भी व्यक्ति को फास्टैग अपने कार की विंडस्क्रीन पर




लगाना होता है और जैसे ही टोल आता है आपके अकाउंट से अपने आप ही पैसा कट जाता है। एसबीआई की ओर से किए गए ट्वीट के मुताबिक, फास्टैग का बैलेंस पता करने के लिए ग्राहकों को बैंक के आधिकारिक नंबर 7208820019 पर एफटीबीएएल लिखकर एसएमएस करना होगा। वहीं, अगर आपके पास कई सारे वाहन हैं, तो आपको एफटीबीएएल के बाद स्पेस देकर अपनी वाहन संख्या दर्ज कर एसएमएस भेजना होगा। इसके कुछ देर बाद आपके मोबाइल पर एक एसएमएस आएगा, जिसमें आपके आप फास्टैग का बैलेंस दिया होगा। यहां यह ध्यान रखना है कि एसएमएस आप केवल उसी मोबाइल नंबर कर सकते हैं, जो आपके बैंक अकाउंट में रजिस्टर्ड है।फास्टैग को केंद्र सरकार की ओर से सड़क पर ट्रैफिक कम करने, ईंधन की बचत करने और प्रदूषण को घटाने के उद्देश्य से लांच किया था, इसके जरिए सरकार की कोशिश है कि टोल पर लगने वाली लंबी गाड़ियों की कतार को कम किया जाए। इसके लिए सरकार ने सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स 1989 में भी बदलाव किया है, जिसके बाद इसे 1 जनवरी, 2021 के बाद एम और एन क्लास की सभी गाड़ियों पर लगाना जरूरी कर दिया गया है।

# कच्चा तेल सात महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

## भारत में 158 दिनों से नहीं बदले पेट्रोल- डीजल के दाम

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। दुनिया के विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं में मंदी की आशंका के चलते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल का दाम गिर कर 7 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं आया है। इसके पीछे की बड़ी वजह सरकारी तेल कंपनियों द्वारा बीते पांच महीनों में पेट्रोल- डीजल की बिक्री पर उठाए गए नुकसान को बताया जा रहा है, क्योंकि सरकार ने पिछले कुछ महीनों में कच्चे तेल के दाम उच्च स्तर पर होने के बावजूद भी तेल कंपनियों को दाम बढ़ाने की इजाजत नहीं दी थी। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पिछले हफ्ते अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड




90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे लुढ़क गया था, जो कि इस साल फरवरी के बाद सबसे न्यूनतम स्तर है। हालांकि इसके बाद कच्चे तेल की कीमत में हल्की बढ़ोतरी हुई और यह 92.84 डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का प्रमुख कारण विकसित देशों की अर्थव्यवस्था में मंदी की आशंका है। कच्चे तेल में गिरावट ऐसे समय पर आ रही है, जब पश्चिमी देशों ने यूक्रेन से युद्ध करने का कारण रूस पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके जवाब में रूस ने जर्मनी जाने वाली नॉर्थ स्ट्रीम गैस पाइपलाइन को बंद कर दिया है और ओपेक भी गिरते कच्चे तेल के दामों को सहारा देने के लिए उत्पादन कम करने का ऐलान कर चुका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत गिरने के बावजूद भी पिछले 158 दिनों से भारत में कुदरा पेट्रोल डीजल के दामों में कोई भी बदलाव नहीं आया है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक जब इसे लेकर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से शुक्रवार को सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत अधिक थी, उस समय भी हमने पेट्रोल डीजल की कीमत में कोई भी इजाफा नहीं किया था। क्या हमने सारे नुकसान की भरपाई कर ली हैं? हालांकि उन्होंने इसके बारे में आगे विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी। कच्चे तेल के दाम उच्चतम स्तर पर होने के कारण पिछले कुछ महीनों में तेल कंपनियों को बड़ा नुकसान हुआ है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि एक समय तो सरकारी कंपनियों को पेट्रोल पर 20 से 25 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 14 से 18 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा था।

## भारत की 71% आबादी पौष्टिक खाना नहीं खरीद सकती, कुपोषण से लाखों की मौत

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। भारत की 70 फ़ीसदी आबादी पौष्टिक भोजन नहीं खरीद सकती। भारत में कुपोषण और उसकी वजह से होने वाली बीमारियों की वजह से हर साल 17 लाख लोगों की मौत हो जाती है। हाल में ही सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट और डाउन टू अर्थ मैगजीन की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। कुपोषण की वजह से होने वाली बीमारियों में सांस संबंधी परेशानी, डायबिटीज, कैंसर, स्ट्रोक और कोरोनारी हार्ट डिजीज आदि शामिल है। इस रिपोर्ट के मुताबिक हेल्दी डाइट में शामिल चीज भारत के 63 फ़ीसदी लोगों की पहुंच से बाहर है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि फल, सब्जियों और मीट आदि जैसी चीजें खरीदने में जो लागत आती हैं, उतनी देश की बड़ी आबादी की आमदनी नहीं है।



# रूस की सबसे बड़ी कोयला कंपनी भारत में खोलना चाहती है दफ्तर

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। रूस की सबसे बड़ी कोयला कंपनी साइबेरियन कोल एनर्जी कंपनी भारत में अपना दफ्तर खोलना चाहती है। इसकी वजह यह है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की वजह से पिछले कुछ महीने में यूरोपीय देशों ने रूस पर कारोबारी प्रतिबंध लगाया है। उसके बाद साइबेरियन कोल एनर्जी कंपनी को भारत निर्यात के लिहाज से बेहतरीन बाजार दिख रहा है। साइबेरियन कोल एनर्जी लिफ्ट कंपनी के सीईओ मैक्सिम बसोब ने कहा है कि वह भारत में जल्द ही अपना दफ्तर शुरू करने की योजना बना रहे हैं। बसोब ने कहा है कि साइबेरियन कोल एनर्जी अब तक भारत को रूसी कोयले का कम निर्यात करती रही है। साल 2022 के पहले 6 महीने में भारत ने रूस से 1।25 मिलियन टन कोयला मंगाया है। यह साल 2021 की तुलना में करीब 2 गुना है। साइबेरियन कोल एनर्जी लिमिटेड दुनिया की चौथी सबसे बड़ी कोयला कंपनी है। अगर लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों को हल कर लिया जाए तो बसोब ने कहा है कि वह भारत को 10 मिलियन टन कोयला सालाना भेज सकते हैं।

बसोब ने हाल में ही भारत में अपना कामकाज शुरू करने और दफ्तर स्थापित करने के लिए दौरा किया था। साइबेरियन कोल एनर्जी कंपनी भारत के साथ अपने कारोबारी संबंध बढ़ाना चाहती है। इस समय कंपनी भारत में लॉजिस्टिक की सुविधा बढ़ाने, मांग का अनुमान लगाने, अपने पार्टनर की संख्या बढ़ाने और आपूर्ति में कम खर्च जैसे मसलों पर काम कर रही है। रूस के कोयले का भारत अब तक बड़ा खरीदार नहीं रहा है। इसकी वजह कोयले के आयात से जुड़ा खर्च रहा है। अब जब रूस पर पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगा दिया है तो वह लॉजिस्टिक संबंधी खर्च को कम कर भारत को कोयला बेचने के प्रयास कर रहा है। बसोब ने कहा है कि कुछ ही महीने में हमने साल दर साल आधार पर भारत को कोयले के निर्यात में 50 फ़ीसदी की वृद्धि हासिल की है। रूस सालाना भारत को 5-7 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति करता है लेकिन अब उसकी कोशिश यह है कि कोयले की हर महीने की आपूर्ति 2 मिलियन टन पर पहुंचाई जाए।



# 'बोलना बंद करता तो मैं भी बन जाता उपराष्ट्रपति'

## सत्यपाल मलिक का दावा- केंद्र से थे इशारे



जयपुर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने एक बार फिर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें संकेत दिया गया था कि अगर वह केंद्र के खिलाफ बोलना बंद कर दें तो उन्हें उपराष्ट्रपति बना दिया जाएगा। जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति बनाए जाने पर मलिक ने कहा कि वह (धनखड़) डिजर्विंग उम्मीदवार थे, बनाने ही चाहिए थे। उन्होंने कहा, 'मेरा कहना इसमें ठीक नहीं लेकिन मुझे इशारे थे, पहले से कि आप नहीं बोलोगे तो आपको (उपराष्ट्रपति) बना देंगे, लेकिन मैं यह नहीं कर सकता। मैं जो महसूस करता हूं वह जरूर बोलता हूं।'

राहुल गांधी की यात्रा के बारे में पूछे जाने पर मलिक ने कहा, 'अपनी पार्टी के लिए काम कर रहे हैं अच्छी बात है। नौजवान आदमी हैं, पैदल तो चल रहे हैं। अब तो नेता यह सब काम तो करते ही नहीं हैं। यात्रा को लेकर क्या संदेश जाएगा... मुझे नहीं पता। यह तो जनता बताएगी कि क्या संदेश गया लेकिन मुझे यह लगा कि ठीक काम कर रहे हैं।'

### 'किसानों को करना पड़ेगा आंदोलन'

किसान आंदोलन दुबारा शुरू होने की संभावना पर मलिक ने कहा, 'किसान आंदोलन... मैं तो नहीं करने वाला लेकिन किसानों को करना पड़ेगा, जैसे हालात दिख रहे हैं। अगर एमएसपी की बात (केंद्र) सरकार नहीं मानती है तो फिर लड़ाई होगी।' सरकार की ओर से मांग माने जाने के आसार पर उन्होंने कहा कि अभी तो मानने के कोई बहुत आसार लग नहीं रहे हैं।

### 'राजपथ का नाम बदलने की नहीं थी जरूरत'

दिल्ली में राजपथ का नाम बदलकर 'कर्तव्य पथ' किए जाने पर उन्होंने कहा, 'इसकी कोई जरूरत नहीं थी। राजपथ सुनने में भी अच्छा लगता था। उच्चारण में ठीक था, कर्तव्य पथ कौन उच्चारण करेगा... लेकिन चलो कर दिया तो उनका भी मंजूर है।' आयकर विभाग व प्रवर्तन निदेशालय की ओर से मारे जा रहे छापों को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना पर मलिक ने कहा, 'कुछ छापे भाजपा वालों पर भी डलवा दें तो यह बात नहीं कही जाएगी। भाजपा में तो बहुत लोग हैं छापे डलवाने लायक। कुछ छापे अपनों पर भी डलवा दें तो यह बात नहीं उठे।'

# 'अमित शाह का भाषण झूठ से भरा'

## गहलोत बोले- कन्हैयालाल की हत्या के अगले दिन फाइव स्टार होटल में थे बीजेपी नेता

जयपुर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयानों पर पलटवार किया है। गहलोत ने अमित शाह के बयानों को झूठ करार दिया है। उन्होंने कहा- देश की जनता गृहमंत्री के तौर पर उनके भाषण में तथ्यात्मक बातें होने की उम्मीद करती है, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें तथ्य बताए ही नहीं गए, इसी कारण उन्होंने झूठ से भरा भाषण दिया।

सीएम ने कहा कि- शाह ने उदयपुर की घटना का जिक्र किया। जबकि, कन्हैयालाल की हत्या के अगले दिन भाजपा के नेता हैदराबाद के फाइव स्टार होटल में लंच और डिनर करते हुए बैठक कर रहे थे। मैं खुद, गृह राज्य मंत्री, चीफ सेक्रेट्री, डीजीपी कन्हैयालाल के घर शोक मना रहे थे तब भाजपा नेता होटलों में आराम फरमा रहे थे।

गहलोत ने कहा- उदयपुर घटना के मुख्य आरोपी रियाज अत्तारी भाजपा का सक्रिय सदस्य था। घटना से एक महीने पहले मकान मालिक के साथ रियाज अत्तारी का विवाद हुआ तब भाजपा के स्थानीय नेताओं ने थाने में फोन कर उसके खिलाफ मामला दर्ज ना करने का दबाव पुलिस पर बनाया।

अत्तारी की भाजपा में शामिल होते हुए तस्वीरें पूर्व में सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं। एनआईए को जांच करनी चाहिए कि कहीं इसमें कोई राजनीतिक साजिश भी तो नहीं थी।

### जयपुर से महंगा पेट्रोल-डीजल बीजेपी राज वाले भोपाल में

गहलोत ने कहा- अमित शाह ने राजस्थान सबसे महंगा डीजल और पेट्रोल मिलने की बात कही, शायद वो भूल गए



कि जयपुर से महंगा डीजल पेट्रोल तो बीजेपी शासित मध्य प्रदेश के भोपाल में मिलता है। राजस्थान में प्रदेश सरकार ने जनवरी 2021 में वैट कम किया।

जब एक्साइज में मोदी सरकार ने कटौती की तो दोनों बार अपने आप वैट कम हुआ। राज्य को स्टेट वैट में कटौती से अभी तक 7500 करोड़ की आर्थिक हानि हुई है।

उन्हें जवाब देना चाहिए कि बीते तीन महीने में क्रूड ऑयल 27 रुपए सस्ता हुआ है , केन्द्र सरकार ने डीजल पेट्रोल के दाम कम क्यों नहीं किए हैं जबकि जब क्रूड ऑयल के दाम बढ़ते हैं तो तुरंत दाम बढ़ाते हैं।

यूपीए के समय में जब कच्चे तेल के दाम 111 डॉलर प्रति बैरल गए थे तब भी पेट्रोल 71 रुपए था। आज कच्चे तेल का दाम 92 डॉलर प्रति बैरल है तो पेट्रोल 100 रुपए के पार बिक रहा है।

बीजेपी राज वाले प्रदेशों में अपराध के नए रिकॉर्ड बन रहे

गहलोत ने कहा- अपराध के आंकड़ों को लेकर शाह ने टिप्पणियां कीं। उनकी जानकारी के लिए यह बताना आवश्यक है कि राजस्थान में अपराधों के अनिवार्य पंजीकरण की नीति के बावजूद 2021 में 2019 की तुलना में करीब पांच फीसदी अपराध कम दर्ज हुए हैं।

जबकि हरियाणा, गुजरात, उत्तराखंड समेत 17 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में अपराध अधिक दर्ज हुए हैं।

गुजरात में अपराधों में करीब 69 फीसदी, हरियाणा में 24 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

सबसे अधिक कस्टोडियल डेथ्स गुजरात में हुईं हैं।

नाबालिगों से बलात्कार यानी पॉक्सो एक्ट के मामले में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर है जबकि राजस्थान 12 वें स्थान पर है। दहेज हत्या के मामलों में उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर है।


### ईआरसीपी पर एक शब्द नहीं बोले शाह

गहलोत ने कहा- अमित शाह गृह मंत्री के साथ देश के सहकारिता मंत्री भी हैं। जयपुर में उत्तरी राज्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में उन्होंने कहा था कि राजस्थान और गुजरात के लोग सहकारिता के नाम पर हुए घोटालों के सबसे अधिक पीड़ित हैं।

पश्चिमी राजस्थान के लोगों को आशा थी कि वो सहकारिता के नाम पर वहां के लोगों के साथ हुए संजीवनी, आदर्श इत्यादि घोटालों पर बात करेंगे और पीड़ितों को राहत दिलवाने का काम करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

आज पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के किसानों को आशा थी कि गृह मंत्री राजस्थान आए हैं तो वो ईस्टर्न कैनाल को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की बात करेंगे, लेकिन उन्होंने इस पर एक शब्द नहीं बोला।

# उड़ीसा से तस्करी कर राजस्थान लाई जा रही गांजे की खेप पकड़ी



जयपुर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा जिले के कारोई थाना क्षेत्र में कार सवार 3 अंतर राज्य तस्कर भगतपुरिया थाना बागोर जिला भीलवाड़ा निवासी रविंद्र सिंह पुत्र माधु सिंह एवं बक्शु लाल जाट पुत्र जोधराज एवं सतखण्डा थाना निंबाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ निवासी मोहन लाल उर्फ बबलू नायक पुत्र दयाराम को गिरफ्तार कर उच्च क्वालिटी का 44.35 किलो गांजा बरामद किया है। जब्त किए गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये हैं। एडीजी क्राइम डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर उड़ीसा से मादक पदार्थ गांजे की तस्करी कर राजस्थान ला रहे थे। जिनके बारे में मुखबिर से सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच के डीएसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर शिवदास मीणा के नेतृत्व में टीम को चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा की तरफ रवाना किया गया। सूचना के अनुसार तस्करों की कार की पहचान कर पीछा किया गया। भीलवाड़ा जिले के कारोई थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से तस्करों की कार को टीम ने रोक लिया। एडीजी ने बताया कि कार की तलाशी में कार के नीचे स्टेपनी लगाने वाली जगह पर बनाएं गुप्त चैम्बर से 14 पैकेट में 44 किलो 351 ग्राम उच्चतम क्वालिटी का गांजा मिला। जिसे कारोई थाना पुलिस द्वारा जप्त कर कार सवार तस्कर रविंद्र सिंह, बक्शु लाल जाट एवं मोहन नायक को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। जिनसे थाना पुलिस द्वारा अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

एडीजी डॉ मेहरड़ा ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर भंवर लाल जाट एवं राम सिंह चूडावत शातिर तस्कर है। जिन्होंने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वे पहले भी अन्य राज्यों से अवैध मादक पदार्थ तस्करी कर राजस्थान में सप्लाई करते रहे हैं। कई बार पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहे हैं। एडीजी ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम इन तस्करों पर लंबे समय से नजर रख रही थी। रविवार को जैसे ही आरोपी तस्कर गांजे की तस्करी कर राजस्थान लाये, टीम ने इन्हें दबोच लिया। इस पूरी कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल शाहिद अली एवं कॉन्स्टेबल रविंद्र सिंह की अहम भूमिका रही तथा कॉन्स्टेबल कृष्ण गोपाल का तकनीकी सहयोग रहा।

# सचिन पायलट समर्थक कांग्रेस एमएलए ने दिखाई वफादारी

## राकेश पारीक बोले- पायलट के लिए खून का एक-एक कतरा दे दूंगा

जयपुर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की राजनीति में सचिन पायलट और गहलोत समर्थक विधायकों के बीच बयानबाजी का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस विधायक राकेश पारीक ने एक बार सचिन पायलट की तारीफों के पुल बांधे हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र मसूदा में राकेश पारीक ने कहा कि वह सचिन पायलट के लिए अपने खून का एक-एक कतरा दे देंगे। क्योंकि पायलट ने उन्हें बहुत सम्मान और प्यार दिया है। मसूदा विधायक का यह बयान राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। विधायक राकेश पारीक मसूदा विधानसभा क्षेत्र के देवमाली गांव में श्रीनारायण की भजन संध्या में उपस्थित लोगों में संबोधिक कर रहे थे। इसका सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ है। उल्लेखनीय है कि राकेश पारीक को कट्टर पायलट समर्थक विधायक माना जाता है।



### पायलट समर्थक विधायकों की बयानबाजी जारी

राजस्थान में इन दिनों पायलट समर्थक विधायकों की बयानबाजी का दौर चरम पर है। हाल ही में पायलट समर्थक विधायक इंद्राज गुर्जर और वेदप्रकाश सोलंकी ने खुलकर गहलोत सरकार पर निशाना साधा था। कोटपूतली विधायक इंद्राज गुर्जर ने तो गहलोत समर्थक गुर्जर समाज के विधायकों को खुलकर चुनावों में परिणाम भुगतने की धमकी तक दे डाली। विधायक इंद्राज गुर्जर ने गहलोत समर्थक विधायकों को गद्दार तक बता दिया। इसी प्रकार विधायक वेदप्रकाश गुर्जर ने सचिन पायलट के जन्मदिन पर राजधानी जयपुर में लगे पोस्टर एवं होर्डिंग्स को हटाने पर सीएम अशोक गहलोत पर निशाना साधा। सोलंकी ने कहा कि सरकार के निर्देशों पर ही पायलट के पोस्टर हटाए गए है। उन्होंने कहा कि वह पायलट समर्थक है। किसी पार्टी का समर्थक नहीं है। हालांकि, उसके बयान पर पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने नाराजगी जताई और कहा कि पार्टी से बड़ा कोई नहीं है।

### सुर्खियों में रहते हैं पायलट समर्थक विधायकों के बयान

उल्लेखनीय है कि साल 2020 में सचिन पायलट की बगावत के बाद से प्रदेश की राजनीति में ठहर-ठहर कर सियासी हमले होते रहे हैं। पायलट समर्थक बिना नाम लिए सीएम अशोक गहलोत को निशाने पर ले रहे हैं। विधायक मुकेश भाकर भी अपने बयानों को लेकर कई बार सुर्खियों में आ चुके हैं। जबकि गहलोत समर्थक सधी हुई रणनीति के तहत चुप है। गहलोत कैंप के विधायक बयानबाजी देने से परहेज कर रहे हैं।

# 'वसुंधरा को मनाने में सफल नहीं हुए अमित शाह'

## कांग्रेस का बीजेपी पर तीखा हमला



जयपुर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अमित शाह पर तीखा हमला बोला है। पीसीसी चीफ ने कहा कि अमित शाह का राजस्थान पूरी प्लॉफ रहा। डोटासरा ने कहा कि अमित शाह गहलोत सरकार को बदनाम करने और वसुंधरा राजे को मनाने आए थे। लेकिन उसमें भी सफल नहीं हो पाए। क्योंकि वसुंधरा राजे का जितना अपमान केंद्रीय नेताओं और बीजेपी के प्रदेश नेतृत्व ने किया है। शायद ही पार्टी में किसी और नेता का हुआ होगा. इस सबके बाद भी वो दूरियां मिटने वाली नहीं है। उल्लेखनीय है कि भाजपा में सीएम फेस को लेकर खींचतान बनी हुई है।

### अमित शाह ने राजस्थान के लोगों का अपमान किया

मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि राजस्थान की जनता को शाह से बहुत उम्मीदें थी, जनता उनसे ईआरसीपी सहित कई मुद्दों पर घोषणा की उम्मीद लगाए बैठी थी, लेकिन उन्होंने प्रदेश के लोगों का अपमान किया है. जनता को उनके भाषण से निराशा हाथ लगी है।

हम अमित शाह से कहना चाहेंगे कि वो अपने मित्र गजेन्द्र सिंह शेखावत और पीएम मोदी से कहे कि वो ईआरसीपी पर किए गए अपने वादें को निभाए. लोकसभा चुनाव में 25 सीटें देने के बावजूद राजस्थान को केंद्र ने कुछ नहीं दिया। डोटासरा ने कहा कि भाजपा शासित गुजरात में 60 प्रतिशत, हरियामा में 24 प्रतिशत और एमपी में 20 प्रतिशत बढ़ा है। जबकि राजस्थान में 5 प्रतिशत अपराध कम हुआ है। महिला की हत्या-अपहरण में यूपी नंबर 1 है। हिरासत के मौत के मामले में गुजरात नंबर 1 है। नाबालिग से रेप में एमपी नंबर 1 है। एससी के खिलाफ अपराध में यूपी नंबर 1 है।



### 2 करोड़ नौकरी देने के वादा पूरा नहीं किया

गोविंद सिंह डोटासरा ने ट्वीट कर कहा- हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरी देने की वादा कर सत्ता में मोदी सरकार में 22 करोड़ आवेदन आए लेकिन नौकरी सिर्फ 7 लाख लोगों को मिली। जबकि राजस्थान में 3 लाख लोगों को नौकरी देने का काम कर रही है। 6 लाख बेरोजगारों को 1565 करोड़ रुपये भत्ता दे चुकी है। साथ में ट्रेनिंग भी। डोटासरा ने राहुल गांधी की टी शर्ट पर उठे बवाल पर बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के लोग मोदी के 10 लाख के सूट, 2 लाख के चश्मे धनबल के दुरुपयोग और संवैधानिक संस्थाओं पर हमले की बात क्यों नहीं करते हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबरा गई है।

# मैं असफल हूँ.... लिखकर कोचिंग स्टूडेंट ने सुसाइड किया

### लिखा- सॉरी मम्मी-पापा; पढ़ना चाहता हूं, लेकिन मेरा दिमाग पता नहीं कैसा हो गया




कोटा, 11 सितंबर (एजेंसियां)। नीट की तैयारी कर रहे कोचिंग स्टूडेंट ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। उसके पास से पुलिस को सुसाइड नोट मिला। लिखा- I am Failed...आई एम सॉरी मम्मी-पापा। मैं पढ़ना चाहता था, लेकिन दिमाग पता नहीं कैसा हो गया। इधर-उधर की चीजें सोचता रहता हूं। मामला कोटा के बोरखड़ा में नया नोहरा इलाके का है।

पुलिस ने बताया कि गया (बिहार) के रहने वाले 16 साल के अभिषेक ने रविवार को फंदा लगाकर सुसाइड किया है। स्टूडेंट किराए से कमरा लेकर रहता था। काफी देर तक जब अभिषेक कमरे से बाहर नहीं निकला तो बिल्डिंग में रहने वाले अन्य छात्रों को शक हुआ।

काफी देर तक प्रयास किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने के बाद सुबह 11 बजे दरवाजा तोड़कर अंदर देखा। अभिषेक फंदे पर लटका हुआ था। स्टूडेंट को फंदे से उतारा और हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्टूडेंट के घरवालों को सूचना दे दी है।

पुलिस के अनुसार, अभिषेक कोटा में एक निजी कोचिंग संस्थान से नीट की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार उसे आए हुए ज्यादा समय नहीं हुआ था। तलाशी लेने पर उसके कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है।

# राजस्थान में आकाशीय बिजली गिरने से 5 की मौत



## आज 11 जिलों में बारिश का अलर्ट

जयपुर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर मानसून एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग ने आज बारिश, वज्रपात को लेकर 11 जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। पूर्व राजस्थान के 9 और पश्चिमी के 2 जिले इसमें शामिल हैं। पूर्वी राजस्थान के अलवर, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर और जयपुर के कुछ हिस्सों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार इन जिलों में हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। शनिवार को राजधानी जयपुर में बारिश होने से लोगों को तेज गर्मी और उमस से राहत मिली है। पिछले की दिनों से तेज गर्मी और उमस से शहरवासी परेशान थे। लेकिन अचानक मौसम ने करवट बदल ली। जयपुर में बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार 12 सितंबर तक प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम दर्जे की बारिश होने के पूरे आसार है। जबकि पिछले 24 घंटों के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई है।

जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मौसम विभाग ने पहले पूर्वानुमान में कहा था कि बंगाल की खाड़ी में आठ सितम्बर से मौसम का नया तंत्र सक्रिय हो रहा है। इसके असर से राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में 12 सितम्बर के आस-पास जोरदार बारिश होगी। मौसम विभाग के अनुसार पहले नौ सितम्बर को राजस्थान के कई इलाकों में अच्छी बारिश होने की संभावना जताई थी, अब बारिश 10 सितम्बर को होने की संभावना है। राज्य के 10 जिलों में बारिश होने के आसार है। मानसून की सुस्ती के कारण प्रदेश के चार जिलों में शुक्रवार को दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। तापमान बढ़ने से लोगों को गर्मी और उमस ने परेशान कर दिया। चूरू सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 13 सितंबर तक रहेगा बारिश का दौर

मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार 11-12 सितम्बर को उदयपुर, सिरोही, राजसमंद, प्रतापगढ़, कोटा, झालावाड़, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा और बारां जिलों में आसमान में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं 13 सितम्बर को पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, सिरोही जिलों के अलावा अलवर, अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक और सवाई माधोपुर जिलों में बारिश होने का अनुमान है। कोटा में बीते 24 घंटे में एक इंच से अधिक यानी 27.6 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा जयपुर, बारां, बूंदी व झालावाड़,भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ सहित कई जगहों पर बारिश हुई।

# स्कूली छात्राओं ने किया मंत्री सुखराम बिश्नोई का घेराव

## मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग, बोलीं- आरोपियों को बचाने में लगा आपका बेटा

सांचौर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। जालोर में सीनियर सेकेंडरी स्कूल मालवाड़ा की छात्राओं ने श्रम मंत्री सुखराम बिश्नोई का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। अचानक हुए हंगामे के कारण एक बार तो माहौल गरमा गया। करीब 1 घंटे बाद पुलिस सुरक्षा में मंत्री को बाहर निकाला गया। दरअसल, मंत्री सुखराम बिश्नोई रविवार को परावा पंचायत में जनसुनवाई के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। पंचायत भवन में चल रही सुनवाई के दौरान छात्राएं वहां पहुंची और पंचायत भवन के गेट को अंदर से बंद कर लिया। छात्राओं ने मारपीट और बदसलूकी के मामले में राजनीतिक दबाव के कारण सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाया।



मंत्री ने छात्राओं को लिखित में शिकायत देने की बात कही तो छात्राओं ने कहा कि कई बार लिखित शिकायत दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। 1 महीने बाद भी न तो प्रिंसिपल का तबादला निरस्त हुआ है और न ही आंदोलन के दौरान मारपीट करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई हो रही है। छात्राओं ने मंत्री से कहा कि आपके बेटे भूपेंद्र बिश्नोई नामजद आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

आंदोलन के दौरान छात्राओं के साथ हुई मारपीट

दरअसल, 8 अगस्त को मालवाड़ा की सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल किशन लाल का ट्रांसफर हो गया था। प्रिंसिपल का ट्रांसफर निरस्त करवाने की मांग को लेकर 10 अगस्त को स्टूडेंट ने स्कूल का गेट बंद कर प्रदर्शन किया था। इस दौरान गांव के बजरंग (35) पुत्र तुलसा राम, लाडू राम (52) पुत्र रामकिन राम, किशन लाल (40) पुत्र हरिंगा राम स्कूल के गेट पर पहुंचे और आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ बदसलूकी करते हुए जबरन गेट खोलने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने कुछ छात्रों के साथ मारपीट भी की। मारपीट को लेकर छात्र महेंद्र ने चितलवाना थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज छात्राओं ने मंत्री का घेराव किया।

# प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता कृष्णम राजू का असामयिक निधन दुःखद : तलसानी



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिनेमैटोग्राफी मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता विद्रोही स्टार कृष्णम राजू का असामयिक निधन दुखद है। रविवार की तड़के जब कृष्ण राजू का निधन हुआ तो मंत्री श्रीनिवास यादव जुबली हिल्स स्थित उनके आवास पर पहुंचे और कृष्ण राजू के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में उन्होंने कृष्णमराज की पत्नी, लोकप्रिय नायक प्रभास व परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि उन्होंने कटकताला रुद्रय्या, मन उरी पांडवुलु, भक्त कन्नप्पा, तंड्रा पपरायुडु जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में अभिनय किया और कई प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी 55 साल की फिल्म राजनीति के दौरान 180 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हाल ही में आई फिल्म राधेश्याम पैन इंडिया में भी काम किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक अच्छे व्यक्ति के रूप में ख्याति अर्जित की, जो सभी के साथ बहुत समावेशी था। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्ति का निधन तेलुगु फिल्म उद्योग के लिए एक क्षति है।

# बिहार सहयोग समिति की बैठक आयोजित, दुर्गापूजा के आयोजन पर हुई चर्चा



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार सहयोग समिति की बैठक दुर्गा माता मंदिर इंदिरा नेहरू नगर, मलकाजगीरी में बिनय कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के महासचिव राजनारायन सिंह एवं मनोज यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर समिति के युवा सेना अमित गुप्ता और सूरज यादव ने सप्तमी को जागरण कराने का जिमेदारी ली। इस मौके पर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश्वर भगत और चंद्र देव सिंह ने बताया कि तेलंगाना में जितने भी यूपी-बिहार के प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य सभी उद्योगपतियों को बुलाया जाने का प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष बिनय कुमार यादव, उपाध्यक्ष सागर भगत, जैन्त यादव, बिजेंद्र गुप्ता, महासचिव राजनारायन सिंह, मनोज यादव, कोषाध्यक्ष पंकज यादव, आंनद गुप्ता, सुनील भगत, अजय सिंह, हरीश यादव, बिकास यादव, दिपक गुप्ता, सुनील यादव, सूरज यादव, अमित गुप्ता, ललन पंडित, अनिल ठाकुर, सुनील ठाकुर, गुलशन कुमार, संतोष सिंह, बुद्धदेव सिंह एवं भारी मात्रा में युवा सेना अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# श्री शांतिनाथजी महाराज की पुण्यतिथि पर भव्य जागरण सम्पन्न



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीडिमेटला स्थित श्री आईमाताजी मंदिर में पीरजी श्री शांतिनाथजी महाराज की पावन पुण्यतिथि महोत्सव के अवसर पर विशाल जागरण विष्णु समाज जीडिमेटला तेलंगाना भक्तों के तत्वावधान में पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलितकर, महाआरती के पश्चात् भव्यरुप से आयोजित किया गया। इसमें संग्रामजी देवासी ने राजस्थानी अंदाज में श्री शांतिनाथजी महाराज के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित किये। जिसका देर रात तक नाचते-गाते हुए भक्तों ने लाभ लिया। गुरुभक्त जितन्द्रसिंह ने बताया कि एक शाम श्री शांतिनाथजी महाराज के नाम विशाल जागरण समाज बन्धुओं व भक्तों के सानिध्य मे आयोजित किया गया। अवसर पर पधारे सम्मानित अतिथियों, समाज सेवियों व विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों का राजस्थानी पगड़ी, शॉल व पुष्प मालाओं से समाज बन्धुओं ने सम्मान किया। अवसर पर अपने सम्बोधन मे बोलते हुए रामसिंह चौहान ने गुरुवर श्री शांतिनाथजी के आदर्शों का गुणगाण करते हुए भक्तों से अह्वाहन किया कि उनके द्वारा बताये गये नियमों का पालन करे। गौभक्तों द्वारा प्राप्त गौदान राशी विश्वमंगल गौशाला के महासचिव शांतिलाल सुथार को दी गयी। उन्होंने सभी गौभक्तों का तहदिल से आभार प्रकट किया। रविवार 11 सितम्बर प्रात: वेला में पुजा-अर्चना व महाआरती के श्री शांतिनाथजी महाराज की तस्वीर पर भक्तों ने श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर सुख-समृद्धि की कामना की। पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। मंच का संचालन प्रह्लादसिंह राजपुरोहित ने अपनी मधुर आवाज में किया।



**सिकंदराबाद स्थित उज्जैन महाकांली माता के मंदिर में दर्शन पूजन करती हुईं राजस्थान की प्रसिद्ध भजन गायिका सोनु सिसोदिया। इस अवसर पर श्री बाबा रामदेव मित्र मंडल के अध्यक्ष गज्जुभाई कोलरीया ने उनका स्वागत किया।**



**गणेश विर्सजन पर भक्तों को उस्मानगंज में राजस्थानी राजपूत युवा संघ द्वारा नि:शुल्क जल व्यवस्था कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व समाज बन्धु।**

# दशहरा सम्मेलन के संदर्भ में हुई बैठक, रामायण मेला समितियों का गठन



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी प्रगति समाज एवं एक्सिबिशन सोसाईटी द्वारा 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नुमाईश में आयोजित होने वाले दशहरा सम्मेलन के लिए 50वीं रामायण मेला समिति की बैठक हशमतगंज राजस्थानी भवन में समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। रामायण मेला के प्रधान संयोजक एवं समाज के प्रधानमंत्री गोविन्द राठी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मेला के भव्य एवं सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों एवं उनके संयोजकों का प्रारंभिक स्तर गठन किया गया, जिसका निकट भविष्य में समयनुसार विस्तार किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गिरधारीलाल डागा को कोषाध्यक्ष, श्रीमती कलावती जाजू, रामेश कुमार बंग, नंदगोपाल भट्टड, सुमीत राठी, मनोज जयलवाल, रामदेव नागला, लक्ष्मीनारायण राठी, विमल डालिया, श्रीमति प्रेमलता कोकाणी, भगत सिंह सोलंकी, राजेन्द्र कुमार सांकला, श्रीमती शकुन्तला नावन्दर, प्रेमचन्द शर्मा, नारायण भराडिया, पवन कुमार गड्डम रघु को मेला संयोजक, रमेशचन्द्र ब्यास को घट स्थापना संयोजक, श्रीमती श्यामा नावन्दर, श्रीमती सुरेखा सारडा को मानव झाकिया संयोजक, श्रीमती रूबी मिश्रा, श्रीमती सविता सोनी को कवि सम्मेलन संयोजक बनाया गया।

रवि हेडा, घनश्याम तोषणीवाल, श्रीनिवास लोया, मोहित मिश्रा, विजय उपाध्या, श्रीमती सपना गुप्ता, श्रीमती रचना गुप्ता, नवल सोकला, लक्ष्मीकांत पान्डे, जुगल सोनी, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा को डांडिया संयोजक, विनोद कुमार, संजय तिवाडी, पं. नरसिंह महाराज, दामोदर तिवारी, रुपम तुरकिया, पं. शंकरलाल ब्यास, कचरू लाल शर्मा को व्यस्थापक संयोजक का दायित्व सौंपा गया। समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, प्रधान संयोजक गोविन्द राठी ने 50वें रामायण मेला के सभी संयोजक गण एवं रामायण मेला से जुडे सभी कार्यकर्ताओं को इस 50वें रामायण मेला में बड चडकर भाग लेने का अनुरोध किया। कलावती जाजू के धन्यवाद से बैठक का समापन हुआ।

# तपस्वी शा रुपेश कुमार का पारणा हुआ



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूज्य आचार्य भगवंत श्रीमद्वीजय जिनसुंदर सुरीश्वर जी म.सा. की पावन प्रेरणा से सिद्धितप की 6 पारी पूर्ण कर सातवीं पारी से मासक्षमण की तपस्या करने वाले तपस्वी शा रुपेश कुमार चम्पालालजी मरुधर मे कालन्दरी (सिरोही) का पारणा हुआ।

इस अवसर पर जैन सेवा संघ हैदराबाद के द्वारा प्रदत्त अभिनन्दन पत्र द्वारा बहुमान करते हुए फीलखाना संघ के पूर्वमंत्री मुकेश चौहान, गौशामहल संघ के सहमंत्री जीतेन्द्र मरडीया, शालीभद्र परिवार के गौतम सूराना, रुपेश शाह, दीपेश शाह, विकास मंडोत, मुकेश भंसाली, रमेश भंडारी, प्रवीण मरडीया एवं विहार सेवा परिवार के विक्रम सिंह ढड्ढा, प्रवीण, सिद्धार्थ एवं अन्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जैन धर्म मे उपवास दरम्यान मात्र दिन मे 12 बजे से 6 बजे तक उबाला हुआ पानी ही पी सकते है। अन्य कोई भी खाना पीना नही लेते हैं। 51 दिन सिर्फ पानी पीकर इतनी बडी तपस्या देव गुरु की कृपा से ही हो सकती है।

# बोंदिली ट्रस्ट बोर्ड के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टियों का सम्मान



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। क्षत्रिय राजपूत ट्रस्ट बोर्ड द्वारा बोंदिली ट्रस्ट बोर्ड के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टियों का सम्मान किया गया। यह सम्मान बोंदिली ट्रस्ट बोर्ड द्वारा पांच वर्षो से "आत्म गौरव भवन" निर्माण हेतु जमीन और धन राशि आबंटन के लिए तेलंगाना सरकार से निरंतर प्रयास और कार्य सिद्धि हेतु किया गया। श्री गणेश नवरात्रि पर प्रदेश सरकार की ओर से मर्री चन्ना रेड्डी ह्यूमन रीसोर्सेज इंस्टीटयूट, जुबली हिल्स के सभागृह में ग्यारह पिछड़ी जातियों के ट्रस्टों को पिछड़ी जाति कल्याण मंत्री गंगुला कमलाकर, श्रीनिवास गौड (आपकारी व खेल मंत्री) और निरंजन रेड्डी ( कृषि मंत्री) द्वारा प्रदेश सरकार ने पिछड़ी जातियों के आत्मसम्मान के लिए "आत्मगौरव भवन" निर्माण के लिए उप्पल बगायत में एक एकड़ जमीन आबंटन किया और निर्माण हेतु एक करोड़ रुपए धन रासि मंजूर किए। मंत्रियों द्वारा उपरोक्त भूमी के दस्तावेज बोंदिली ट्रस्ट के के. रविंद्रनाथ सिंह (चेयरमैन व ट्रस्टी), ठाकुर रामेश्वर सिंह (वाइस-चैयरमैन व ट्रस्टी), जी.रघुवीर सिंह (चेयरमैन, पेद्दापल्ली जिला ग्रंधालय), ठाकुर कुन्दन सिंह (सचिव व ट्रस्टी), रंजीत सिंह (ट्रस्टी), गजेंदर सिंह चौहान (ट्रस्टी), कमल सिंह (ट्रस्टी), श्रीमती प्रवीन सिंह (ट्रस्टी) आदि बोंदिली समाज के सदस्यों को आधिकारिक रूप से वितरण किया गया। क्षत्रिय राजपूत ट्रस्ट बोर्ड, अम्बरपेट ने बोंदिली ट्रस्ट बोर्ड द्वारा समाज के प्रति सेवाओं को ध्यान में रखते हुए आज महाराणा प्रताप फंक्शन हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन कर बोंदिली ट्रस्ट बोर्ड के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टिस का सम्मान किया गया। के. रवीन्द्रनाथ सिंह, चेयरमैन, ठाकुर रामेश्वर सिंह, वाइस-चेयरमैन, ठाकुर कुन्दन सिंह, सचिव, रंजीत सिंह, ट्रस्टी और गजेंदर सिंह चौहान, ट्रस्टी को ठाकुर नरेंदर सिंह बिसेन, चेयरमैन और ठाकुर रघुनाथ सिंह, सचिव द्वारा शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसमें धीरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष, के. राजेश सिंह, श्रीमती सुरेखादीप सिंह, रघुनंदन सिंह और कुंवर अनूप कुमार सिंह, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय और कल्याण सिंह, अधिवक्ता उच्च न्यायालय, राजपूत ट्रस्ट बोर्ड के कानूनी सलाहकार ने भी इस कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर प्रदेश व हैदराबाद के क्षत्रिय, राजपूत संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



**लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद द्वारा कोठी सुल्तान बाज़ार में अन्नाप्रसादम का वितरण लायन प्रितेश व लायन वंदना, ऋषभ बोहरा परिवार के सौजन्य से किया गया, जिसमें 150 व्यक्तियों ने भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन शीलकुमार जैन, अजय नाहटा, अनूप जैन, सीमा जैन, प्रितेश, वंदना, ऋषभ जैन, जगदीश सावडिया आदि उपस्थित थे।**

**फाइनेंसियल डिस्ट्रिक्ट में केरल के त्यौहार ओणम की धूम मची। इसमें संदीप पिल्लई, यमुना, जीना व संयुक्त की टीम ने एक सर्व प्रांतीय बहुभाषी पहल करते हुए रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया।**




# स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के ब्रह्मलीन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित

हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुम्भ मेला अग्रवाल बंधु द्वारा धर्मगुरु तथा द्वारका एवं शारदा पीठ के जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी आज ब्रह्मलीन होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कुम्भ मेला अग्रवाल बंधु अध्यक्ष पकज कुमार अग्रवाल ने बताया कि 99 साल के स्वामी स्वरूपानंद जी का निधन मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में स्थित झोतेश्वर धाम में हुआ, जोकि पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे।

उन्होंने बताया कि भगवान शंकराचार्य द्वारा स्थापित पश्चिम आम्नाय श्रीशारदापीठ के पूज्य शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी ने आज दोपहर बाद अपने आश्रम में उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री अग्रवाल ने बताया कि पूज्य शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के प्राणांत की सूचना अत्यंत दुःखद है। नौ वर्ष की छोटी सी उम्र में घर का त्याग कर धर्म यात्रायें प्रारम्भ कर दी थीं। श्री अग्रवाल ने सनातन संस्कृति व धर्म के प्रचार-प्रसार को समर्पित उनके कार्य को याद कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की शारदा पीठ और ज्योर्तिमठ के शंकराचार्य श्री स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी का देवलोक गमन अत्यंत दुःखद है।

सनातन धर्म के अनन्य ध्वज वाहक का शरीर त्याग से अपूरणीय क्षति हुई है। कुम्भ मेला अग्रवाल बंधु संस्था तथा संस्था के सदस्यों को दो बार पूज्य स्वामी जो का दर्शन आशिर्वाद व मार्गदर्शन संस्था के संस्थापक ब्रह्मलीन अशोक कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में प्राप्त हुआ हैं।

## दूसरे पृष्ठ का शेष भाग

### शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद...

मंदिर का एक धार्मिक रूप होना चाहिए, लेकिन यह लोग इसे राजनीतिक रूप देना चाहते हैं जो कि हम लोगों को मान्य नहीं है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य के रूप में वासुदेवानंद सरस्वती को जगह देने पर भी शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती ने आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने चार फैसलों में वासुदेवानंद सरस्वती को न शंकराचार्य माना और न ही सन्यासी माना है। ज्योतिर्मठ पीठ का शंकराचार्य मैं हूं। ऐसे में प्रधानमंत्री ने ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य के रूप में वासुदेवानंद सरस्वती को ट्रस्ट में जगह देकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना की है।

### दिल्ली में 1000 लो...

आप ने यह भी कहा कि ये बसें कभी नहीं खरीदी गईं और टेंडर रद्द कर दिए गए। दिल्ली को और ज्यादा पढ़े-लिखे एलजी की जरूरत है। इस आदमी को पता नहीं है कि वह किस पर साइन कर रहा है।

भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया था कि जुलाई 2019 में दिल्ली सरकार ने 1,000 लो-फ्लोर बसों की खरीद और उनके रखरखाव में पांच हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया है। मेंटेनेंस का ठेका भी बस सप्लाई करने वाली कंपनी को ही दे दिया गया है जो गलत है। बसों के सड़कों पर उतरते ही मेंटनेंस कॉन्ट्रैक्ट भी लागू हो जाएगा जबकि बसों की तीन साल की वारंटी होनी चाहिए।

इस दौरान गड़बड़ियां आने पर मेंटेनेंस के लिए एक भी पैसे नहीं देने होते हैं। तत्कालीन उपराज्यपाल अनिल बैजल के निर्देश पर तीन सदस्यीय समिति ने एक रिपोर्ट पेश की थी। समिति ने एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (एएमसी) में खामियां पाई थीं और इसे खत्म करने की सिफारिश की थी।

### सीरम इंस्टीट्यूट के ...

सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर प्रताप मंकर ने कहा कि कंपनी के डायरेक्टर सतीश देशपांडे की ओर से बूंद गार्डन पुलिस थाने में केस दर्ज करवाया गया है। उन्होंने बताया कि मेरे पास एक वॉट्सऐप मैसेज आया, जिसमें शख्स ने खुद को अदार पूनावाला बताया। मैसेज में एक 1 करोड़ रुपये मांगे गए। मैंने जब पैसे ट्रांसफर कर दिए गए तो पता चला कि मेरे साथ ठगी हुई है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि मैसेज पर आने वाला नंबर अदार पूनावाला का ही था।

### केंद्र के खर्च पर...

गृहपूजा, शादी, मुंडन, श्राद्ध जैसे संस्कार के लिए मंत्र, पूजा पद्धति और उनके क्रम। पितृ पक्ष में तर्पण जैसे कर्मकांड। गरुड़ पुराण और सत्यनारायण कथा का विधिवत पाठ और पूजा। ज्योतिष गणना और ग्रह-नक्षत्रों के बारे में संपूर्ण जानकारी। राज्य और क्षेत्र के हिसाब से संस्कारों का प्रशिक्षण।

पुजारियों को प्रशिक्षण के बाद एक सर्टिफिकेट मिलेगा। इसकी पूरी जानकारी कॉमन वेबसाइट पर दर्ज होगी। ट्रेनिंग देने वाली संस्थाएं पुजारियों को विभिन्न वर्गों में बांटकर (पाठ कराने वाले, कर्मकांड कराने वाले, पूजा कराने वाले आदि) क्लस्टर बनाने में सरकार की मदद करेंगी। इससे लोगों को इनकी सेवाएं लेने में आसानी होगी। इससे न तो पुजारियों की कमी होगी, न ही उन्हें काम मिलने की चिंता रहेगी।

### मोहब्बत के लिए...

तीन साल पहले ही इकरा और राहुल को प्यार हो गया था। लेकिन तब वे नाबालिग थे। बालिग होने पर दोनों ने घर से भागकर शादी करने की ठानी। हालांकि, राहुल के परिवार को दोनों की शादी से ऐतराज नहीं था। परिवार ने दोनों की उदयपुर में एग्रीमेंट मैरिज कराई। इसके बाद शुक्रवार को मंदसौर के गायत्री मंदिर में हिंदू रीति से विवाह करा दिया।

मंदसौर के गायत्री मंदिर में इकरा-बी को दूध, गोबर, गोमूत्र सहित पंचगव्य से स्नान कराया गया। उसे नया नाम इशिका दिया गया। इशिका का कहना है कि उसने अपनी मर्जी से सनातन धर्म अपनाया है। उसे परिवार और मुस्लिम समाज के लोगों से खतरा है। बता दें, राहुल अभी पढ़ाई कर रहा है और इशिका 9वें क्लास तक पढ़ी है।

तीन महीने पहले मंदसौर के रहने वाले जफर शेख ने मुस्लिम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपनाया था।

अब शेख जफर को चेतन सिंह राजपूत के नाम से जाना जाता है। उनकी पत्नी पहले ही हिंदू धर्म से थीं। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में 46 साल के शेख को महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद सरस्वती द्वारा विधि-विधान से पूजन हवन कर हिंदू धर्म की दीक्षा दी गई थी। इस दौरान उन्हें गोबर और गोमूत्र से स्नान भी करवाया गया।

चेतन सिंह ने बताया कि राहुल के परिजन ने उनसे कॉन्टैक्ट किया था। इसके बाद हमने शहर कोतवाली थाने में इसकी लिखित सूचना दी। गायत्री मंदिर में पुलिस सूचना की कॉपी दिखाई। इसके बाद यहां युवती का धर्म परिवर्तन कराकर युवक-युवती का विवाह कराया।

# इंडिया ने द.अफ्रीका लीजेंड्स को 61 रन से हराया

## बिन्नी ने बनाए शानदार 82 रन; राहुल शर्मा ने 3, रैना-ओझा ने लिए 2-2 विकेट







कानपुर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। इंडिया लीजेंड्स ने रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के दूसरे सीजन के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स को 61 रनों से हरा दिया है। कानपुर के ग्रीन पार्क में पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया लीजेंड्स ने स्टुअर्ट बिन्नी की नाबाद 82 रनों की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 217 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 156 रन ही बना सकी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया लीजेंड्स की शुरुआत अच्छी रही। सचिन तेंदुलकर और नमन ओझा के बीच पहले विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद सचिन तेंदुलकर 15 गेंद में 16 रन बनाकर आउट हुए। अगले ही ओवर में नमन भी 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सुरेश रैना ने 22 गेंदों में 33 रन की दमदार पारी खेली। युवराज ने 8 गेंद में 6 रन बनाए। युसूफ पठान ने 12 गेंदों में 25 रन का योगदान दिया। आखिरी पांच ओवरों में भारत ने 80 से ज्यादा रन बंटोरे।

रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं, जिसे 4 शहरों में कुल 23 मैच खेलने हैं। इसमें भाग लेने वाली टीमों में इंडिया लीजेंड्स, दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स, वेस्टइंडीज लीजेंड्स, ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स, श्रीलंका लीजेंड्स, बांग्लादेश लीजेंड्स, इंग्लैंड लीजेंड्स और न्यूजीलैंड लीजेंड्स शामिल हैं। टूर्नामेंट का मकसद लोगों के बीच रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता फैलाना है।

**विजिटर्स गैलरी देख भावुक हुए सचिन**

टूर्नामेंट से एक दिन पहले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ग्रीन पार्क में बनी विजिटर्स गैलरी देखने पहुंचे। यहां पर लीजेंड्स खिलाड़ियों की यादों को संजो कर रखा गया है। सचिन जब गैलरी देखने पहुंचे थे तब उनके साथ भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ी भी मौजूद रहे। गैलरी में अपनी पुरानी तस्वीरों, न्यूज कटिंग्स को देखकर सचिन भावुक हो गए थे। सचिन ने कहा, ऐसी खुशियां यही देखने को मिलेगी दोबारा।

शुक्रवार ग्रीन पार्क से प्रैक्टिस कर लौट रही श्रीलंका लीजेंड्स की टीम वीआईपी रोड के जाम में फंस गई। रॉयल क्लिफ होटल जाते वक्त खिलाड़ियों की बस एक घंटे तक जाम में फंसी रही। इस दौरान आसपास के लोगों ने हाथ हिलाकर खिलाड़ियों का अभिवादन किया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम से बस निकलवाई। वीआईपी रोड पर करीब 4 घंटे तक 2 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। होटल रॉयल क्लिफ से टीम ग्रीन पार्क की तरफ जा रही थी, तभी बीच में जाम में फंस गई रोड सेफ्टी टूर्नामेंट लापरवाही की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। अचानक सीरीज के आयोजकों द्वारा फिर से एक नई प्रैक्टिस सेशन लिस्ट भेजी गई है। जिसमें बांग्लादेश टीम का नाम जोड़ दिया गया। इसके बाद दोपहर बांग्लादेश के कुछ खिलाड़ी प्रैक्टिस करने मैदान पहुंचे। जो सिर्फ 45 में ही होटल के लिए वापस रवाना हो गए।

शहर में होने वाले मैचों में हो रही मिस-मैनेजमेंट के चलते कई खामियां सामने आ रही है। शुक्रवार सुबह 9 से 12 बजे होने वाली नेट प्रैक्टिस नहीं हो पाई। श्रीलंका टीम को प्रैक्टिस करनी थी। मौसम का मिजाज 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होने के कारण प्रैक्टिस शाम1 तक स्थगित कर दी गई।

सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज की बॉलीवुड नाइट के लिए नोरा फतेही की जगह पर मलाइका अरोड़ा या सनी लियोन आ सकती हैं। दरअसल, नोरा इन दिनों मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसी हैं। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार, कार्तिक आर्यन और श्रद्धा कपूर का आना और परफॉर्म करना पक्का हो चुका है।

**रोड सेफ्टी लीजेंड्स की टीम-**

इंडिया लीजेंड्स - सचिन तेंदुलकर (कप्तान), युवराज सिंह, इरफान पठान, युसूफ पठान, हरभजन सिंह, मुनाफ पटेल, एस बद्रीनाथ, स्टुअर्ट बिन्नी, नमन ओझा, मनप्रीत गोनी, प्रज्ञान ओझा, विनय कुमार, अभिमन्यु मिथुन, राजेश पवार और राहुल शर्मा।

दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स - जोंटी रोड्स (कप्तान), अलविरो पीटरसन, एंड्रयू पुटिक, एडी ली, गार्नेट क्रूजर, हेनरी डेविड, जैक्स रुडोल्फ, जोहान बोथा, जे वान डे वाथ, लांस क्लूजनर, एल नोरिस जोंस, मखाया नतिनी, मोर्ने वान विक, टी शबालाला, वर्नोन फिलेंडर और जांडर डी ब्रूइन।

# इंग्लैंड से हारी भारतीय महिलाएं

## पहले टी-20 में सोफिया-सारा के आगे भारतीय टीम पस्त, 9 विकेट से मिली करारी हार





सारा रहीं प्लेयर ऑफ द मैच
रन : 23 | विकेट : 4 | ओवर : 4



नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय महिला टीम को इंग्लैंड के खिलाफ 3 टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मैच में 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। चेस्टर ली स्ट्रीट के रिवसाइड ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर खेलने के बाद सात विकेट खोकर 132 रन बनाए। इंग्लैंड ने सिर्फ एक विकेट खोकर 13 ओवरों में ये लक्ष्य हासिल कर लिया।

इंग्लैंड की कप्तान एमी जोंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 30 रन जोड़े। मंधाना ने 20 गेंदों में 23 रन बनाकर ब्रायोनी स्मिथ की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गई। इससे पहले की भारतीय मंधाना के आउट होने के झटके से उभरती उससे पहले शेफाली वर्मा भी 14 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गई। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभालने की कोशिश की, परंतु वे भी 15 गेंदों में 3 चौके की मदद से 20 रन की पारी खेल कर पवेलियन लौट गईं। टीम इंडिया की ओर से सबसे ज्यादा रन दीप्ति शर्मा ने बनाए। उन्होंने 24 गेंद में तीन चौके की मदद से 29 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड की ओर से लेग स्पिनर सारा ग्लेन ने 23 रन देकर टीम इंडिया के 4 विकेट झटके। सारा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

सोफिया डंकले ने नाबाद 61 रनों की पारी खेली

टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को 133 रन के लक्ष्य को पाने में कोई मुश्किल नहीं हुई। सोफिया डंकले और डेनियल वॉट की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 38 गेंदों में 60 रनों की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य के करीब ला दिया। डेनियल ने 16 गेंदों में 24 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके भी जड़े। उनका विकेट स्नेह राणा ने लिया। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए डंकले और एलिस कैप्से की जोड़ी ने 40 गेदों में 74 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। डंकले ने 44 गेंदों में 8 चौके और एक छक्के की मदद से 61 रनों की पारी खेली। वहीं, एलिस ने 20 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 32 रन बनाएं।

इंग्लैंड की सीरीज में 1-0 की बढ़त


पहले टी-20 मैच में भारत को 9 विकेट से हराने के साथ ही इंग्लैंड की 3 टी-20 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हो चुकी है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 13 सितंबर को डर्बी और तीसरा मुकाबला 15 सितंबर को ब्रिस्टल में खेला जाएगा। इसके बाद 18 सितंबर से दोनों देशों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज भी होगी।

# यूएस ओपन को मिली नई चैंपियन

## इगा स्वातेक ने पहली बार यूएस ओपन का खिताब जीता, करियर का तीसरा ग्रैंड स्लैम

2022 में जीता दूसरा ग्रैंड स्लैम





अमेरिका, 11 सितंबर (एजेंसियां)। इस बार यूएस ओपन को नई चैम्पियन मिली है। शनिवार रात आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए विमेंस सिंगल्स फाइनल में पोलैंड की इगा स्वातेक ने ट्यूनीशिया की ओंस जेबुर को 6-2,7-6 से हरा दिया। इसके साथ ही वह पहली बार यूएस ओपन की चैंपियन बनी हैं। उनके करियर का यह तीसरा ग्रैंड स्लैम है। इससे पहले उन्होंने दो बार फ्रेंच ओपन का खिताब जीता है।

इगा इस मैच में शुरुआत से ही चैंपियन की तरह खेली और पहला सेट 6-2 के अंतर से आसानी से जीतकर बढ़त बनाई। दूसरे सेट में ओंस ने उन्हें चुनौती दी, लेकिन स्वातेक ने हार नहीं मानी और वापसी करते हुए इस सेट को भी 7-6 के अंतर से जीत कर पहली बार यूएसओपन के जीतने का ख्वाब पूरा किया।

**इगा दूसरी खिलाड़ी जो एक सत्र में दो ग्रैंड**

इगा स्वातेक ने इस साल 38 मैच और सात टूर्नामेंट जीत चुकी हैं। एंजलकि कर्बर के बाद स्वातेक दूसरी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एक ही सत्र में दो ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती हैं। यूएसओपन से पहले उन्होंने फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था।

**ओंस से आगे निकलीं स्वातेक**

फाइनल से पहले इगा स्वातेक और ओंस चार बार आमने- सामने थी। दोनों खिलाड़ी दो-दो मैच जीतकर बराबरी पर थीं। वहीं यूएसओपन फाइनल में स्वातेक ने जीतकर ओंस से आगे निकल चुकी हैं। इस जीत के साथ ही अब तक दोनों के बीच हुए 5 मुकाबले में तीन स्वातेक के खाते में आ गया है। जबकि ओंस के खाते में 2 ही जीत है।

**यूएस ओपन में इगा का सफर**

पहले दौर में जैस्मिन पाओलिनी को 6-3, 6-0 से हराया।

दूसरे दौर में स्लोएन स्टीफेंस को 6-3, 6-2 पराजित किया।

तीसरे दौर में लॉरेन डेविस को 6-3, 6-4 से मात दी।

चौथे दौर में जूली नीमिअर को 2-6, 6-4, 6-0 से शिकस्त दी।

अंतिम-8 में जेसिका पेगुला को 6-3, 7-6 से हराया।

सेमीफाइनल में आर्यना सबालेंका को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया।

फाइनल में ओंस जेबुअर को 6-2, 7-6 से हराया।

# वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 6 विकेटों से हराया

## इवेन स्मिथ के अर्धशतक के बदौलत जीती, कृषमर सांतोकी ने झटके 3 विकेट



कानपुर, 11 सितंबर (एजेंसियां)। रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज- 2022 के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज लीजेंड्स और बांग्लादेश लीजेंड्स आमने-सामने हैं। दोनों टीमों के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क में मैच हो रहा है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। मगर, पूरी टीम सिर्फ 98 रन ही बना सकी। इस तरह वेस्टइंडीज लीजेंड्स के सामने अब 99 रन बनाने का टारगेट है।

दूसरी पारी में वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विलियम पर्किन्स और कर्क एडवर्ड्स क्रीज पर मौजूद हैं। स्मिथ ने 12वें ओवर की तीसरी गेंद पर शानदार चौका जड़कर अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, अगली गेंद पर आलोक कपाली ने उन्हें एलबीडब्लू आउड कर दिया। स्मिथ ने 42 गेंदों पर 51 रन बनाए।

वेस्टइंडीज ने 10 ओवर में बनाए 58

ड्वेन स्मिथ ने 7वें ओवर की चौथी गेंद पर वेस्टइंडीज की तरफ से पहला छक्का जड़ा। अगली एक गेंद डाट खेली। ओवर के लास्ट गेंद पर स्मिथ ने सिंगल लिया। इसके साथ ही वेस्टइंडीज ने 50 रन पूरे हुए। 9 ओवर की 5वीं गेंद पर नरसिंह देव आउट हो गए। उन्होंने 16 गेंद पर 8 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 10 ओवर में 58 रन बनाए।

वेस्टइंडीज ने 5 ओवर में बनाए 27

बांग्लादेश के मुकाबले वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी हुई। वेस्टइंडीज की तरफ से ड्वेन स्मिथ और डेव मोहम्मद उतरे। स्मिथ ने पहले ओवर में ही दो चौके लगाकर बॉलर में दबाव बना दिया।

हालांकि तीसरे ओवर में डेव मोहम्मद 5 रन बनाकर आउट हो गए। अब्दुल रज्जाक ने एलबीडब्लू किया। वेस्टइंडीज ने 5 ओवर में 27 रन बनाए। ड्वेन स्मिथ ने 16 रनों का योगदान दिया।

उधर, बांग्लादेश लीजेंड्स की शुरुआत ही काफी खराब रही। उसके खिलाड़ी पहले पांच ओवर में सिर्फ 9 ही रन बना पाए थे। इस दौरान दोनों सलामी बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन वापस लौट गए।

नजीमुद्दीन बिना खाता खोले आउट हुए। वहीं, नजमुस सादत 3 रन बनाकर रन बनाकर आउट हो गए। पूरी टीम सिर्फ 19.4 ओवर ही खेल सकी। वेस्टइंडीज के गेंदबाज कृषमर सांतोकी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया की टीम के कुछ खिलाड़ी गुरुवार पहुंचे। कुछ प्लेयर शुक्रवार को कानपुर आ सके। इसकी वजह से उन्हें ग्रीन पार्क मैदान में अभ्यास के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिल सका। ये कमी टीम को खल सकती है।

दूसरी तरफ श्रीलंका टीम के खिलाड़ी पिछले 3 दिनों से मैदान में पसीना बहा रहे हैं। पूरी टीम ने खुद को यहां की परिस्थितियों के अनुसार काफी हद तक ढाल लिया है। इसलिए वो कंगारू टीम पर हावी हो सकती है।

आस्ट्रेलिया टीम के स्टार खिलाड़ी भी जानिए

शेन वाटसन की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया टीम इस सीरीज में जीत से अपना आगाज करना चाहेगी। टीम के धुरंधर प्लेयर में ब्रेट ली, ब्रेड हॉज, ब्रैड हैडिन, स्टुअर्ट क्लार्क शामिल हैं। वो अपने पुराने रंग में दिखने को बेताब होंगे।


श्रीलंका में भी कप्तान तिलकरत्ने दिलशान, चमारा सिल्वा, कपूगेदरा, उपुल थरंगा, थिसारा परेरा विरोधी टीम को बढ़त बनाने का कोई अवसर नहीं देना चाहेंगे। यकीनन दोनों टीमों का आज का लेकिन दर्शकों का पैसा पूरा वसूल होगा।

ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स - शेन वॉटसन (कप्तान), एलेक्स डूलन, बेन डंक, ब्रेड हॉज, ब्रैड हैडिन, स्टुअर्ट क्लार्क, ब्रेट ली, ब्राइस मैक्गेन, कैलम फर्ग्यूसन, कैमरून व्हाइट, जॉर्ज होरलिन, जेसन क्रेजा, जॉन हेस्टिंग्स, डर्क नानेस, नाथन रेयरडन और चाड सेवर्स।

श्रीलंका लीजेंड्स - तिलकरत्ने दिलशान (कप्तान), कौशल्या वीररत्ने, महेला उदावटे, रुमेश सिल्वा, असेला गुणारत्ने, चमारा सिल्वा, इसुरु उडाना, चमारा कपूगेदेरा, चामिंडा वास, चतुरंगा डी सिल्वा, चिंताका जयसिंघे, धम्मिका प्रसाद, दिलरुवान परेरा, दिलशान मुनावीरा, इशान जयारत्ने, जीवन मेंडिस, नुवान कुलसेकरा, सनथ जयसूर्या, उपुल थरंगा और थिसारा परेरा।

# बुमराह-हर्षल चोट से उबरे, फिटनेस टेस्ट में पास

## टी-20 वर्ल्ड कप टीम में वापसी कर सकते हैं; एशिया कप नहीं खेल सके थे



नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान-श्रीलंका से हारकर एशिया कप से बाहर हुई टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर है। उसके तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोट से उबर गए हैं और दोनों पूरी तरह फिट हैं। इतना ही नहीं, दोनों तेज गेंदबाज टी-20 वर्ल्ड कप के लिए घोषित होने जा रही टीम के लिए उपलब्ध रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बुमराह-पटेल ने अपना फिटनेस टेस्ट क्लियर कर लिया है। टीम के लिए दोनों की वापसी महत्वपूर्ण है। दोनों ने बेंगलुरु स्थित एनसीए में हुए बॉलिंग टेस्ट को क्लियर कर लिया है।

जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल दोनों ही चोटिल होने के कारण एशिया कप 2022 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल नहीं हो सके। 8 अगस्त को जब एशिया कप के लिए टीम का ऐलान हुआ तो बीसीसीआई ने बताया कि बुमराह और हर्षल नेशनल क्रिकेट एकेडमी में हैं।

# केसीआर को राष्ट्रीय राजनीति में एक वैकल्पिक मोर्चा बनाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए : कुमारस्वामी

## कर्नाटक के पूर्व सीएम ने मुख्यमंत्री केसीआर से प्रगति भवन में मुलाकात की



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के अपार अनुभव पर जोर दिया, जिन्होंने सभी वर्गों को एकजुट करके और लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़कर तेलंगाना राज्य हासिल किया। वर्तमान स्थिति में यह देश के लिए आवश्यक है। कुमारस्वामी ने कहा कि तेलंगाना के लोगों की 60 साल पुरानी आकांक्षाओं को पूरा कर तेलंगाना राज्य को प्रगति के पथ पर ले जा रहे सीएम केसीआर को राष्ट्रीय राजनीति में एक वैकल्पिक मोर्चा बनाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए और एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए तथा इसका पूरा विस्तार करना चाहिए। कुमार स्वामी ने इस खबर का स्वागत किया कि सीएम केसीआर जल्द ही एक राष्ट्रीय पार्टी की घोषणा करेंगे और देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कर्नाटक के पूर्व सीएम ने कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय राजनीति और देश के शासन में एक विकल्प के लिए जगह के मद्देनजर देश के लिए सीएम केसीआर जैसे वरिष्ठ नेता की तत्काल आवश्यकता है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने रविवार दोपहर हैदराबाद के प्रगति भवन में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। प्रगति भवन पहुंचने पर सीएम केसीआर ने खुद कुमारस्वामी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी, एमएलसी मधुसूदनचारी, पल्ला राजेश्वर रेड्डी, विधायक ए. जीवन रेड्डी, बालका सुमन, एस. राजेंद्र रेड्डी और अन्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान कुमारस्वामी ने सीएम केसीआर से लंबी चर्चा की। कुमारस्वामी ने कहा कि उनके बीच सार्थक चर्चा हुई। अलग तेलंगाना राज्य के लिए सीएम केसीआर के अथक संघर्ष, शांतिपूर्ण तरीके से तेलंगाना राज्य का दर्जा हासिल करने और राज्य को उसी तरह प्रगति के पथ पर ले जाने पर दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। कुमारस्वामी ने सीएम केसीआर को बधाई दी कि तेलंगाना राज्य के गठन के 8 साल के अंतराल में तेलंगाना द्वारा हासिल किए गए विकास के बारे में पूरा देश चर्चा कर रहा है और पूरा देश भी इसी तरह का विकास चाहता है।

इस अवसर पर कुमारस्वामी ने सीएम केसीआर के साथ देश में 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, सिंचाई, कृषि विकास, किसान कल्याण कार्यक्रम और अन्य योजनाओं पर हो रही चर्चा को साझा किया जो केवल तेलंगाना राज्य में लागू की गई हैं। कर्नाटक और अन्य पड़ोसी राज्यों से मांग के मद्देनजर लोग तेलंगाना प्रकार के शासन और इसकी योजनाओं की मांग कर रहे हैं। सीएम केसीआर ने देश में दिन-प्रतिदिन प्रचलित विभाजनकारी शासन के सामने सामूहिक रूप से लोगों को विभाजित करने की साजिशों को विफल करने की आवश्यकता के बारे में बताया। दोनों नेताओं ने केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा अपनाए गए खतरनाक और स्वार्थी राजनीतिक मार्ग और उसके परिणामों पर चर्चा की और गंभीर चिंता व्यक्त की। दोनों इस बात पर सहमत हुए कि वे देश को किसी भी स्थिति में खतरनाक धार्मिक घृणा में धकेले जाने से बचाएंगे। इस दिशा में, उन्होंने देश के लोकतांत्रिक संघवाद की भावना की रक्षा के लिए सभी वैकल्पिक राजनीतिक ताकतों की एकता की आवश्यकता पर बल दिया कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने सीएम केसीआर से कहा कि लोग देश भर में भाजपा के विकल्प की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कुमारस्वामी ने कहा कि सीएम केसीआर को राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करना चाहिए और देश की गुणात्मक प्रगति के लिए अपना योगदान देना चाहिए और अगर उस उद्देश्य के लिए एक राजनीतिक दल की स्थापना की जाती है तो वह भी पूरा समर्थन देंगे। सीएम केसीआर ने कर्नाटक के पूर्व सीएम कुमारस्वामी को समझाया कि उन पर राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करने और तेलंगाना जैसे देश का नेतृत्व करने का दबाव बढ़ रहा है। सीएम केसीआर ने कहा कि भाजपा और मोदी के जनविरोधी और निरंकुश रवैये के खिलाफ लड़ने के लिए लोग उनके जिला दौरों के दौरान हर जगह जनसभाओं में जयकारों और नारों के साथ अपना समर्थन दे रहे हैं। सीएम केसीआर ने बताया कि कृषि आधारित भारत में, सभी कृषि विकास योजनाओं में निर्बाध बिजली और किसानों को दिए जाने वाले अन्य प्रोत्साहन, रैतू बंधु, रैतू बीमा और किसानों के ऋण की माफी सहित सभी कृषि विकास योजनाओं को पूरे देश में लागू किया जा सकता है। इस दिशा में दोनों नेताओं ने स्वतंत्र भारत के 75 वर्षों में केंद्रीय शासकों की लापरवाही पर चर्चा की। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा अपनाई गई किसान विरोधी नीतियों की निंदा की। उन्होंने चर्चा की कि भाजपा पार्टी न केवल कृषि क्षेत्र में बल्कि आर्थिक, सामाजिक और अन्य क्षेत्रों में भी खराब है। सीएम केसीआर ने कहा कि देश भर के कई किसान संघों के नेताओं ने हाल ही में राज्य का दौरा किया था और तेलंगाना में लागू किसान कल्याण और कृषि विकास कार्यक्रमों के बारे में जानने के बाद खेतों का दौरा किया था। तेलंगाना सरकार द्वारा लागू की गई सिंचाई, रैतू बंधु, रैतू बीमा आदि योजनाओं के बारे में जानकर वे हैरान रह गए।

सीएम केसीआर द्वारा जल्द शुरू किए जाने वाले राष्ट्रीय पार्टी के एजेंडे पर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। उन्होंने देश के इतिहास को विकृत करने वाली भाजपा की विनाशकारी राजनीतिक चालों को नहीं रोका तो देश में राजनीतिक और शासन संकट के खतरे के बारे में चर्चा की। सीएम केसीआर और कुमारस्वामी ने जमीनी स्तर से मिले फीडबैक पर चर्चा की कि देश के लोग 75 साल से चली आ रही रूढ़िबद्ध राजनीति से तंग आ चुके हैं और वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुकूल एक गतिशील शासन की आवश्यकता है।

सीएम केसीआर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों में हो रहे राजनीतिक विकास और उन देशों द्वारा विकास के लिए अपनाई जा रही नीतियों पर चर्चा की। वे आम सहमति पर पहुंचे कि आज देश में वैकल्पिक राजनीति का महत्व है। दिल्ली केंद्रित राष्ट्रीय मुद्दों पर हुई चर्चाओं के अलावा, उन्होंने अन्य राज्यों की अपनी यात्रा के दौरान लोगों की प्रतिक्रिया पर भी चर्चा की। तेलंगाना आंदोलन की शुरुआत से पहले मांगी गई राय की तरह, सीएम केसीआर ने स्पष्ट किया कि विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों, अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ लंबी चर्चा जारी रखने और एक आम सहमति पर पहुंचने के बाद जल्द ही राष्ट्रीय पार्टी का गठन और नीतियों का निर्माण होगा।

तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में चर्चा सार्थक रूप से समाप्त हुई। उसके बाद सीएम केसीआर ने प्रगति भवन से रवाना हुए कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री को विदाई दी।

# तेलंगाना के वन संरक्षण कार्यक्रम की देश में सराहना : इन्द्रकरण रेड्डी

## वन शहीदों की स्मृति सभा में बोले वन मंत्री



हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वन और पर्यावरण मंत्री इन्द्रकरण रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना में वनों के संरक्षण की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। तेलंगाना का दौरा करने वाले केंद्रीय मंत्रियों, सीएम, मंत्रियों और अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों द्वारा इसकी सराहना की गई है। तेलंगाना का दौरा करने वाले उत्तर प्रदेश के वन मंत्री अरुण कुमार ने भी हरितहारम में लगाए गए पौधों और वन वृद्धि के काम की सराहना की है। वन शहीदों की स्मृति सभा में वन मंत्री ने कहा कि वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा जंगलों और वन्यजीवों को बचाने के लिए किए गए बलिदानों को भुलाया नहीं जा सकता है। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद मंत्री ने कहा कि वर्ष 1984 से अब तक हमारे राज्य में 21 वन अधिकारियों ने साहस और समर्पण के साथ काम करके वन संपदा की रक्षा में अपना कीमती जीवन खो दिया है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह काबिले तारीफ है कि वन अधिकारी व कर्मचारी वनों में वन्य जीवों की रक्षा के लिए तस्करों के भय के बिना भूमि अतिक्रमणकारियों के हमलों के बावजूद हर चीज को चुनौती के रूप में लेते हुए अपनी जान की भी परवाह नहीं कर रहे हैं। वे प्राकृतिक संसाधनों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और इस प्रक्रिया में कई वन कर्मचारियों और कर्मचारियों की जान चली गई है। उन्होंने मृतकों के परिवारों की हर संभव मदद करने का वादा किया। इस मौके पर मंत्री ने वन विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में बताया कि वर्ष 2021-2022 के दौरान, वन अधिकारियों ने कुल 11,669 मामले दर्ज किए और वन संरक्षण के तहत 14.07 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। 7.31 करोड़ की लकड़ी और 1634 वाहन जब्त किए गए। वन भूमि अतिक्रमण के 1133 मामले दर्ज किए गए हैं। इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष वंतेरू प्रताप रेड्डी, वन विभाग के विशेष सीएस शांति कुमारी, पीसीसीएफआर, एम. डोबरियाल, पीसीसीएफ लोकेश जायशवाल, वन विभाग की सलाहकार आर शोभा, सेवानिवृत्त पीसीसीएफ पी मल्लिकार्जुन राव, मुनींद्र और अन्य अधिकारियों के साथ मंत्री इंद्रकरण रेड्डी ने नेहरू प्राणी उद्यान में स्मारक पर फूल चढ़ाए गए और शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

# एससीआर जोन के तहत 130 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलने वाली ट्रेनें




हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद, विजयवाड़ा और गुंतकल डिवीजनों के अधिकांश हिस्सों में ट्रेन सेवाओं की अधिकतम अनुमेय गति को 130 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाकर दक्षिण मध्य रेलवे क्षेत्र एक और मील का पत्थर तक पहुंच गया है। यह ज़ोन द्वारा तीव्र गति से इन वर्गों में बाधाओं को दूर करके ट्रैक और इसके बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यवस्थित और नियोजित दृष्टिकोण के साथ हासिल किया गया है। वर्ष 2020 में आरडीएसओ/लखनऊ द्वारा दी गई उचित मंजूरी के बाद इन बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों, रखरखाव कार्यों और सिग्नलिंग पहलुओं को लगातार किया गया। इन खंडों में व्यापक उन्नयन कार्य करने के बाद, अब 12 सितंबर से इन खंडों की अप और डाउन दोनों लाइनों पर ट्रेन सेवाओं की अनुभागीय गति 110 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटे करने की अनुमति दी गई है। इस गति कार्यान्वयन अवधारणा के अंतर्गत सिकंदराबाद - काजीपेट- बल्हारशाह, काजीपेट - सिकंदराबाद डिवीजन में कोंडापल्ली खंड, विजयवाड़ा डिवीजन के कोंडापल्ली-विजयवाड़ा-गुडूर, गुंतकल डिवीजन के रेनीगुंटा-गुंतकल-वाडी खंड आने वाले है। ये खंड स्वर्ण विकर्ण मार्ग के विजयवाड़ा-दुव्वाडा के बीच के खंड को छोड़कर पूरे उच्च घनत्व वाले मार्ग, दक्षिण मध्य रेलवे के स्वर्णिम चतुर्भुज और स्वर्ण विकर्ण मार्गों को कवर करते हैं, जहां बढ़ी हुई गति के कार्यान्वयन के लिए कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। इन खंडों में अधिकतम अनुमेय गति में वृद्धि से यात्री-वाहक ट्रेनों के साथ-साथ माल गाड़ियों की औसत गति में सुधार होने की संभावना है। इससे ट्रेनों के समयपालन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। महत्वपूर्ण रूप से, अधिकतम अनुमेय गति में वृद्धि से इन महत्वपूर्ण और संतृप्त वर्गों की अनुभागीय क्षमता में वृद्धि होगी। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) अरुण कुमार जैन ने अनुभागीय गति को 130 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए सभी संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अथक परिश्रम करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अनुभागीय गति में वृद्धि से यात्री ट्रेनों के चलने के समय को काफी कम करने में मदद मिलती है और ट्रेन सेवाओं के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त होता है।

# लगातार बारिश से राजन्ना-सिरसिला में जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई लोगों की गई जान

राजन्ना सिरसिला, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले में लगातार बारिश ने सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. जहां कुछ गांवों के बीच सड़क संपर्क बाधित हो गया था, क्योंकि धाराएं, नाले, टैंक, तालाब और अन्य जल निकाय बह रहे थे, निचले इलाकों में सिरसिला और वेमुलावाड़ा शहरों में बाढ़ का पानी भर गया था।



नगरद्वय में हो रही बारिश का एक दृश्य।

मंदिर शहर में पिछले 24 घंटों के दौरान लगभग 13 सेंटीमीटर बारिश होने के बाद से वेमुलावाड़ा के अधिकांश इलाके बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। वेमुलावाड़ा में मुलवागु नदी उफान पर है। बाढ़ का पानी न्यू अर्बन कॉलोनी, चेक्कपल्ली रोड के राजीवनगर, बुडिगजंगला कॉलोनी, थिप्पापुर और अन्य इलाकों में रिहायशी इलाकों में घुस गया। बाढ़ का पानी सब-स्टेशन में घुस जाने से मंदिर कस्बे के कुछ इलाकों में बिजली की आपूर्ति भी ठप हो गई।

मुस्ताबाद मंडल के कोंडापुरवागु में पानी भर गया है. नारायणपुर और कोंडापुर के निवासियों को सतर्क रहने को कहा गया है. अक्कापेली और दुनिया के बाकी हिस्सों के बीच सड़क संपर्क काट दिया गया है क्योंकि लेथामाइंडला वागु ओवरफ्लो हो रहा है। ग्राम पंचायत अधिकारियों और पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर सड़क को बंद कर दिया और लोगों से सतर्क रहने को कहा। लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर कलेक्टर अनुराग जयंती ने जिला, मंडल और ग्राम स्तर के अधिकारियों को अलर्ट कर किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देशों के आधार पर मनेर और मुलवागु जलग्रहण क्षेत्रों के निवासियों को सतर्क किया गया और जल निकायों का दौरा न करने की चेतावनी दी गई। टॉम-टॉम और ग्राम पंचायत पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए लोगों को अलर्ट किया गया।

कलेक्टर ने अधिकारियों को पुलिया और निचले स्तर के पुलों को बंद करने और लोगों को जल निकायों में प्रवेश करने से रोकने के लिए पुलिस और ग्राम पंचायत कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश दिए। अनुराग जयंती चाहते हैं कि सिंचाई इंजीनियर और ग्राम पंचायत अधिकारी टैंकों और अन्य जल निकायों के जल स्तर पर नजर रखें। उन्होंने अधिकारियों को निचले इलाकों और जर्जर घरों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के भी निर्देश दिए। वह चाहते हैं कि बारिश नियंत्रित होने तक जिला, मंडल और गांव के अधिकारी सतर्क रहें। पुलिस अधीक्षक राहुल हेगड़े और सिरसिला नगर आयुक्त सम्मैया ने लोगों से सतर्क रहने और लगातार बारिश के मद्देनजर घरों से बाहर न निकलने को कहा।

## बाढ़ के पानी में कार बहने से महिला व पोते की मौत, अन्य घटनाओं में कई लोगों की भी गई जान

रजन्ना सिरसिला, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वेमुलावाड़ा ग्रामीण मंडल के फाजुलनगर के पास रविवार सुबह एक कार के नाले में बह जाने से महिला और उसके पोते की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार, कार, जिसमें पीड़ित जगतियाल से हैदराबाद की यात्रा कर रहे थे, बाढ़ के पानी में बह गई, क्योंकि शनिवार से लगातार बारिश के बाद फजुलनगर के बाहरी इलाके में एक स्थानीय नाले येल्म्ममगुदिकालुवा में पानी भर गया है। वाहन कुछ दूर धुलने के बाद झाड़ियों में फंस गया। सतर्क स्थानीय लोगों ने दो लोगों को बचाने में कामयाबी हासिल की। हालांकि, बुर्रा गंगा (50) और उनके पोते किट्टू (2) की मौत हो गई। उसके बेटे नरेश और कार चालक एमडी रिजवान को स्थानीय लोगों ने बचाया। घटना के समय जगतियाल ग्रामीण मंडल के चेल्गल के निवासी, पीड़ित हैदराबाद जा रहे थे। गंगा अपनी बेटी के रूप में हैदराबाद जा रही थी और साथ ही कुट्टू की मां भी वहां काम कर रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

एक अन्य घटना में वेमुलावाड़ा कस्बे के जताराग्राउंड निवासी जनगमा नागराजू (22) की मंदिर की टंकी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि नागाराजू, जो कथित तौर पर शुक्रवार को विसर्जित की गई गणेश मूर्तियों की लोहे की छड़ें लेने के लिए टैंक में उतरे थे, छड़ों के बीच लगने से उनकी मौत हो गई। वहीं सिरसिला कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में सड़कों पर बाढ़ का पानी बह रहा है. राजस्व, पुलिस और नगर निगम के कर्मचारियों ने नालों और नालों पर चेतावनी बोर्ड की व्यवस्था की।

## सांप काटने से आदिवासी लड़के लड़की की मौत

आदिलाबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। इंदरवेली मंडल के समका गांव के पटागुडा गांव में शनिवार की रात एक दर्दनाक घटना में एक परिवार के आदिवासी लड़के और लड़की की सांप के काटने से मौत हो गई। घटना का खुलासा रविवार को हुआ। मृतक बच्चे अथराम भीमराव (14) और उसकी बहन दीपा (4), राजू और कविता के बच्चे थे। घर में सो रहे भीमराव और दीपा की किसी जहरीले सांप के काटने से मौके पर ही मौत हो गई। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर परिजन जाग गए। वे इंदरवेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। लेकिन डॉक्टरों ने लड़के और लड़की को मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए उत्नूर सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

रामदेव ज्योतिष
मो. 8801305757
जन्म कुंडली, संतान प्राप्ति, विवाह-सगाई में देरी, व्यापार में घाटा, मोहिनी वशीकरण, किया-कराया, सास-बहू में असंतोष, सौतन समस्या, घर में अशांति, शत्रुनाश, प्रेम समस्या, लक्ष्मी बंधन, पति-पत्नी में अनबन, भूमि लाभ आदि सभी समस्याओं का समाधान।
विश्वसनीय राजस्थानी पंडित जी
घर पर आकर सेवाएँ देने और फ़ोन पर भी सुविधा उपलब्ध।
माँ-बहनें निःसंकोच अपना घर-मंदिर समझ कर पधार सकती हैं।
बात गुप्त रहेगी, फ़ीस केवल : 200/-
काचीगड़ा, हैदराबाद. समय : 10.00 से 6.00 बजे तक

विश्व के सर्वप्रथम गोल्ड मेडलिस्ट
अब तक परेशान क्यों?
कोई भी पंडित, तांत्रिक, बाबा हम से पहले काम करके दिखाये मुँहमांगा ईनाम पाये
हजारो के दुखो को खुशी में बदलने वाले
बाबा साबिर खान बंगाली
जैसे पति-पत्नी मे झगड़ा, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहकलेश, विदेश यात्रा, जादू-टोना, AtoZ समस्याओ का तुरंत समाधान पाये।
9810940158
स्पे० वशीकरण व मुठकरनी

## चारमीनारी में चूड़ी दुकान में लगी आग

हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लाड बाजार चारमीनार में शनिवार की रात एक चूड़ी की दुकान में मामूली आग लग गई। अधिकारियों के मुताबिक देर रात चूड़ी बाजार स्थित एक दुकान में आग लग गई।

दुकान से धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी, जिसने दमकल विभाग और दुकान मालिक को भी इसकी सूचना दी। जल्द ही मुगलपुरा फायर स्टेशन से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने कहा कि यह एक छोटी सी आग थी जो शॉर्ट सर्किट के कारण हो सकती थी। हालांकि सही कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## टीटीडी भक्तों को त्वरित सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार

तिरुमला, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीटीडी आगामी श्रीवारी वार्षिक ब्रह्मोत्सवम के लिए भक्तों को आरामदायक और त्वरित सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसमें चौबीसों घंटे 214 महिला हेयर कटर सहित 1189 नाई शामिल हैं। गौरतलब है कि 2 साल के अंतराल के बाद माडा सड़कों पर वाहन सेवा के साथ आयोजित होने वाला है। इसलिए टीटीडी को भारी भीड़ की आशंका है और उनकी सुविधा के लिए हर व्यवस्था की गई है। एक मुख्य कल्याणकट्टा और 10 मिनी कल्याणकट्टों के साथ, टीटीडी ने 1189 नाइयों को तैनात करने की योजना बनाई है जिसमें 337 स्थायी (336 पुरुष और 1 महिला नाई) और 852 पीस रेट कार्यकर्ता (639 पुरुष और 213 महिलाएं) शामिल हैं। वे 3 शिफ्टों में 20 नियमित कर्मचारियों, 3 सहायकों और अन्य 46 सहायक कर्मचारियों के साथ काम करेंगे। मुख्य कल्याण कट्टा के अलावा पीएसी-1, पीएसी-2, पीएसी-3, एसवी विश्राम गृह और श्री पद्मावती विश्राम गृह में मिनी कल्याणकट्टा हैं, जो 24 घंटे 7 दिनों के आधार पर कार्य करते हैं। जीएनसी, नंदकम रेस्ट हाउस, एचवीसी, कौस्तुभम और सप्तगिरी रेस्ट हाउस में कल्याणकट्टा सुबह 3 बजे से रात 9 बजे तक काम करते हैं।

## पुलिस ने महिला का खोया बैंग सौंपा

हैदराबाद, 11 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सैफाबाद पुलिस ने रविवार को रवींद्र भारती के पास गायब एक महिला को नकदी और सोने के गहनों से भरा बैग लौटा दिया। पुलिस के मुताबिक, डीजीपी कार्यालय के समीप इंटरसेप्टर वाहन के आरक्षक श्याम कुमार, होमगार्ड नारायण राव और चालक गोवर्धन ड्यूटी कर रहे थे, तभी उन्हें सड़क पर एक बैग पड़ा मिला। एक ऑटो रिक्शा चालक ने जब उसे ले जाने का प्रयास किया तो पुलिस टीम ने बैग को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया।



स्किन एलर्जी का आयुर्वेदिक उपचार
बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
हरिद्रा खण्ड (बृहत्)
शीतपित्त, खुजली, कृमिरोग, फंगल इन्फेक्शन आदि में लाभदायक।
वैद्यकीय सलाह : 844 844 4935
www.baidyanath.co

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
वर्षा ऋतु और स्वास्थ्य

**श्री माणिक पेड्डीवार, करिमनगर**
**प्र.** मुझे सर्दी व उसके बाद खाँसी कुछ दिन तक बनी रहती है। बार-बार छींक आती है व खाने में अरूचि रहती है।
**उ. बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस (नारदीय)** 1 टॅबलेट पीसकर शहद व अदरक रस के साथ सुबह-शाम लें, साथ में **बैद्यनाथ कासविन सिरप** 2-2 चम्मच सुबह-शाम लें।

**श्री सुरेन्द्रचंद्र, हैद्राबाद**
**प्र.** मेरे दादा की उम्र 65 वर्ष है, उनकी इम्युनिटी बहुत कम हो गई। मौसम में बदलाव आते ही वे सर्दी, खाँसी, बुखार से बहुत जल्दी पीड़ीत होते है। डायबिटीज़ भी है।
**उ. बैद्यनाथ संशमनी बटी** 1-1 टॅबलेट सुबह-शाम भोजन के बाद पानी के साथ दें, साथ में **बैद्यनाथ च्यवनफिट शुगर फ्री च्यवनप्राश** 1-1 चम्मच सुबह-शाम दूध के साथ दे।

**श्री विजय राव, विशाखापट्नम**
**प्र.** मेरी उम्र 58 वर्ष है, मुझे चलते समय घुटनों में बहुत दर्द होता है। उठते-बैठते कमर दर्द भी रहता है। कृपया उपचार बतायें।
**उ. बैद्यनाथ महारास्नादि काढ़ा** 3-3 चम्मच समभाग पानी के साथ सुबह-शाम भोजन के बाद लें। साथ में **बैद्यनाथ रूमार्थो टॅबलेट 1-1** टॅबलेट सुबह-शाम पानी के साथ लें।

**श्रीमती अनिता कुमारी, गुंटूर**
**प्र.** मेरी बेटी की उम्र 20 वर्ष है, उसे एक सप्ताह से बुखार है। गले में खराश भी है। कृपया उपचार बतायें।
**उ. बैद्यनाथ महासुदर्शन घन बटी** 1-1 टॅबलेट दिन में दो बार पानी के साथ भोजन के बाद दे, साथ में **बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** एक चम्मच सुबह-शाम शहद के साथ दे।

**श्रीमती माधवी गुजर, विजयवाडा**
**प्र.** मेरी उम्र 30 वर्ष है, मुझे शरीर पर खुजली चलती है। शरीर पर चकते भी आते है। शीतपित्त होने की शंका है। कृपया आयुर्वेद दवा बतायें।
**उ. बैद्यनाथ हरिद्राखंड** 1-1 चम्मच दिन में दो बार पानी के साथ लें, साथ में **बैद्यनाथ महामंजिष्ठादि काढ़ा** 3-3 चम्मच सुबह-शाम समभाग पानी के साथ भोजन के बाद लें

डॉ. बालू कोलार

बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.